e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 04
शनिवार
04.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
गलतियाँ हर एक इंसान करता है,
पर गलती वही स्वीकार करता है,
जो गलतियों से सीखता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी घायल

**नैनीताल** : मल्लीताल क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी 61 वर्षीय बहादुर सिंह रावत घायल हो गए। पुलिस व संबंधितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रावत सुबह की सैर पर मल्लीताल से मॉल रोड की ओर जा रहे थे। इस दौरान मल्लीताल स्टेट बैंक के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर और चेहरे पर चोटें आई। राहगीरों ने तुरंत उन्हें बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।पुलिस के अनुसार फिलहाल घायल बहादुर सिंह रावत की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पीएनबी परिसर में नोट एक्सचेंज मेला का आयोजन

**अररिया :** अररिया पंजाब नेशनल परिसर में कटे फटे नोट को बदलने को लेकर एक्सचेंज मेला का आयोजन किया गया।पंजाब नेशनल बैंक, अररिया शाखा एवं करेंसी चेस्ट कटिहार द्वारा समर्थित नोट एक्सचेंज मेला के गंदे और कटे-फटे नोट का एक्सचेंज किया गया। मुख्य प्रबंधक ब्रहमदेव रॉय ने नोट एक्सचेंज मेला का शुभारंभ के साथ मौके पर सिक्का विनिमय मेले का भी उद्घाटन किया।बैंक के अधिकारी गौरव कुमार ,खजांची आशीष कुमार और अन्य बैंककर्मी ग्राहक के सेवा के लिए उपस्थित थे।उद्घाटन के बाद श्री बीडी राय ने कहा कि बैंक में गंदे -फटे वह दो हिस्सों में कटे नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है । उन्होंने कहा कि विनिमय मूल्य आरबीआई के नियमों के मुताबिक होगा।

### प्रयागराज जंक्शन पर बनेगा उत्तर मध्य रेलवे का प्रथम गेमिंग जोन

**प्रयागराज** : प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफॉर्म 6 के निकट उत्तर मध्य रेलवे का पहला गेमिंग जोन शुरू किया जाएगा। यह गेमिंग जोन हाई-एंड गेमिंग वीआर क्रिकेट बॉक्स, मोशन थिएटर, पीसी गेम्स, आर्केड गेम्स, जंगल सफारी, एयर हॉकी और वीआर गेम्स से लैस होगा। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि यात्री क्लासिक से लेकर आधुनिक आर्केड गेम्स तक कई तरह के खेलों का आनंद ले सकते हैं। यह जोन यात्रियों को मनोरंजन का अनूठा अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह गेमिंग जोन फन स्पेस एलएलपी द्वारा स्थापित किया जाएगा। यह गेमिंग जनवरी से अपनी सेवाएं प्रारम्भ कर देगा। प्रयागराज जंक्शन पर गेमिंग जोन की सुविधा न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएगा, बल्कि बच्चों, वयस्कों और वृद्धों जैसे सभी आयु समूहों के लिए भी इसका अनुभव बेहतर होगा। गेमिंग जोन 24 घंटे खुला रहेगा।

### छत्तीसगढ़ के सोरनामाल में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर, कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद

**गरियाबंद** : छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के पास से कई ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्पेशल टास्क फोर्स की टीम के साथ नक्सलियों की शुक्रवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के लगभग 300 जवान मौके पर मौजूद हैं। ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। हालांकि शुरुआती जानकारी के अनुसार मारे गए नक्सली बस्तर से भागकर इस क्षेत्र में सक्रिय थे। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।



### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्यूनतम | 08° |

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी की कई विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# दिल्ली पर आपदा बनकर आई है आप : पीएम मोदी

**कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना साधा।पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं।**



#### पीएम मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि देश भाली-भांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया है। लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक गरीबों को घर देकर उनका सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था। मैं आप सबको भी कहता हूं कि आप जब भी लोगों के बीच जाएं लोगों से मिले और अभी भी जो लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, मेरे तरफ से उनको वादा करके आना, मेरे लिए आप ही मोदी हैं, आप वादा करके आना आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का मिलेगा।

#### विकसित भारत बनाने में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका हमारे शहरों की है। जहां दूर-दूर से लोग सपने लेकर आते हैं और बड़ी ईमानदारी से उन सपनों को पूरा करने में जिंदगी खपा देते हैं। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार शहरों में रहने वाले हर परिवार को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने में जुटी है।

**पीएम ने कहा मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था।**

#### 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला। ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं।

एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल फूंका।
कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना साधा।पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

## भीषण सड़क हादसे में 5 की मौत, 8 की हालत नाजुक



**हादसा गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ। ब्रेक फेल होने के बाद एक ट्रेलर ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार 4 महिलाओं और एक 13 साल के बच्चे की मौत हो गई।**

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं नौ लोग घायल हैं। हादसा गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ। ब्रेक फेल होने के बाद एक ट्रेलर ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार 4 महिलाओं और एक 13 साल के बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक टेंपो चालक सालेरिया गांव से सवारियां लेकर आ रहा था। वह देवला की तरफ जा रहा था। मगर टेंपो जब मालवा का चौरा पुलिया पर पहुंचा तो अनियंत्रित ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो में बैठीं सवारियां उछलकर सड़क पर जा गिरीं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे में चार महिलाओं और एक 13 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इनमें से चार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं नाबालिग ने अस्पताल में आखिरी सांस ली। हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर भगवत सिंह झाला के अनुसार टेंपो में कुल 14 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। हादसे में घायल हुए 9 लोगों में से 8 को गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया गया है। सभी का इलाज जारी है। हादसे के बाद शव घंटों तक सड़क पर पड़े रहे, जिससे यातायात बाधित हो गया।

### पलामू में भीषण सड़क दुर्घटना, चालक की मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह में नेशनल हाइवे 75 पर यात्री बस एवं ट्रक में भीषण टक्कर हुई. हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई. वहीं इस दुर्घटना में 7 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं. दुर्घटना के बाद यात्री बस का ड्राइवर काफी देर तक फंसा रहा. सभी जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालमें भर्ती करवाया गया है. जेपीएस नामक यात्री बस पलामू के डालटनगंज से रांची जा रही थी. इसी क्रेम में सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह में सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गई.

## सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्री, विधायक और अधिकारियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंत्री श्री दीपक बिरुवा, मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय, मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल सांसद विजय हांसदा, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इधर प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक,आईजी पंकज कंबोज, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा,निदेशक रेवेन्यू भोर सिंह यादव, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक पर्यटन अंजली यादव एवं निदेशक उद्योग सुशांत गौरव ने मुलाकात कर नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## कचरे के खिलाफ बवाल, दो लोगों ने की आत्मदाह की कोशिश

**दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में चर्चित भोपाल गैस त्रासदी के चार दशक बाद, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री साइट से जहरीले कचरे को सुरक्षित निपटान के लिए 1 जनवरी की रात को पीथमपुर ले जाया गया था। इसके खिलाफ लोग अब प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी बंद का आह्वान किया और पीथमपुर में जहरीले कचरे को जलाने के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखीं।**



एजेंसी

**भोपाल :** भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीले कचरे को निपटाने के लिए धार जिले के पीथमपुर शिफ्ट किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने इसके खिलाफ खूब प्रदर्शन किया और खतरनाक कचरे को ले जाने वाले कंटेनरों को वापस भेजने की मांग की। वहीं, विरोध प्रदर्शन के दौरान दो युवकों ने आत्मदाह की कोशिश की। आग बुझाकर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इनके नाम राजकुमार रघुवंशी और राज पटेल बताए जा रहे हैं। दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में चर्चित भोपाल गैस त्रासदी के चार दशक बाद, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री साइट से जहरीले कचरे को सुरक्षित निपटान के लिए 1 जनवरी की रात को पीथमपुर ले जाया गया था। इसके खिलाफ लोग अब प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी बंद का आह्वान किया और पीथमपुर में जहरीले कचरे को जलाने के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखीं।स्थानीय दुकानदार ने कहा कि दुकान बंद करने का कारण यह है कि भोपाल से 40 साल पुराना जहरीला कचरा यहां पीथमपुर में निपटान के लिए लाया गया है। दुकानदारों ने कहा कि हम यहां कचरे को नहीं जलाने देंगे।पुलिस ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

## मनमोहन सिंह के घर पर रखा गया अखंड पाठ, शामिल हुए सोनिया- खड़गे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की याद में उनके आवास पर शुक्रवार को अखंड पाठ रखा गया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी सहित कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में गुरु ग्रंथ साहिब का निरंतर पाठ किया गया, जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, सिंह के परिवार के सदस्य समेत प्रमुख गणमान्य लोगों ने भाग लिया और दिवंगत डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की.कार्यक्रम के दौरान, डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी, गुरशरण कौर ने सिख पवित्र ग्रंथों से एक शबद गाया. उसके बाद उनके सम्मान में दिल्ली के गुरुद्वारा रकाबगंज में प्रार्थना सभा आयोजित की गई. सिख परंपराओं का पालन करते हुए आयोजित इस समारोह में उनके परिवार सहित कई राजनीतिक हस्तियाँ शामिल हुई. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसंबर को हुआ. 28 दिसंबर को उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगमबोध घाट पर किया गया था. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं ने पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके पूर्व प्रधानमंत्री को अंतिम श्रद्धांजलि दी.

## दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी अलका लांबा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने अलका लांबा को आतिशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अलका के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने अलका लांबा को कालकाजी विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा है। मौजूदा समय में आतिशी कालकाजी से विधायक हैं। वह पार्टी की प्रमुख महिला चेहरा हैं। कांग्रेस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 51-कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधान सभा के आगामी आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अलका लांबा की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। अलका लांबा ने नए साल पर कालकाजी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद से ही अटकलें लगने लगी थी कि वह यहां से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। टिकट मिलने पर अलका लांबा ने पार्टी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मैं चौथी बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हूं।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# दो हवलदार हुए सेवानिवृत्त, पुलिस मेंस एसोसिएशन ने की विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बल के दो हवलदार जसमुद्दीन खान और हवलदार महेंद्र दास को सेवानिवृत्त होने के उपरांत पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के द्वारा पुलिस मेंस एसोसिएशन कार्यालय पुलिस लाइन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं रिटायर हुए दोनों हवलदार को विदाई देते हुए उनके किए गए कार्य पर चर्चा किया गया एवं उन्हें लंबे समय तक पुलिस में रहकर कठोर परिश्रम एवं सफलतापूर्वक सफल नौकरी का अंत करते हुए रिटायर होने पर सभी मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।साथ ही साथ पुलिस मेंस एसोसिएशन के तरफ से उनके सम्मान में उपहार भेंट करते हुए अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा,सचिव लालु उरांव , कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, विशिष्ट अतिथि लाइन बाबू 1 मंटू कुमार, लाइन बाबू टु अरविंद कुमार तिवारी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, सदर थाना के एएसआई नबी अंसारी, इरफान अंसारी, राकेश चौबे, विवेक कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# सावित्री फुले बाई को किया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत के अंतर्गत दिनेश चौक के समीप शुक्रवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा जपला स्थित आवास पर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की चित्र पर माल्यार्पण एवं चरणों में पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई ।हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, मौके पर कोशी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्यासी प्रमोद कुमार रजक एवं समाजसेवी राजेश्वर यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर कलावती देवी, प्रतिमा देवी, काजल कुमारी, अर्चना कुमारी, रेखा कुमारी, गुड़ी कुमारी, कुणाल यादव, अनीता कुमारी, राजेश रजक एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत नवनिर्मित पार्क का कार्य वर्क आर्डर के बाद भी शुरुआत नहीं




**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत मे 15 नंबर वार्ड कर्माकला डैम सूर्य मंदिर के बगल में पार्क बनाए जाना है जिसका लागत लगभग 85 लख 89 हजार रुपए है कई महीने पहले वर्क ऑडर 06/09/2024 को ही मिल चुका है लेकिन अब तक कोई भी शुरुआत कार्य धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ है जिससे लोगों में निराशा हुई है जबकि नगर पंचायत के लोग होल्डिंग टैक्स आदि देते हैं फिर लेकिन मूलभूत सुविधा नगर वासियों को नहीं प्रदान की जा रही है। जिस जगह यह पार्क निर्माण के लिए जगह चयनित किया गया है वह जगह प्राकृतिक रूप से भी बहुत ही खूबसूरत है बगल में कर्माकला डैम है जहां सालों भर पानी रहती है उसके तट पर भव्य सूर्य मंदिर हैछठ पर्व धूमधाम से मनाया जाता है अगर वहां पार्क निर्माण हो जाता तो नगर वासियों के लिए घूमने और बच्चे लोग को मनोरंजन करने के लिए उत्तम स्थल प्राप्त हो जाता है जानकारी के अनुसार पार्क निर्माण का कार्य जय माता दी चंदन कंस्ट्रक्शन जपला पलामू को दिया गया है। इस बिषय पर संवेदक से दूरभाष पर बात करने पर उन्होंने बताया कि जमीन संबंधित कुछ दिक्कत हो रही है पहले कहीं और चयन हुआ था और अब निर्माण कर्मा कला डैम के तरफ करना है जहां पेड़ पौधे और गड्ढे हैं नगर पंचायत से लिखित आवेदन मिल जाएगा और समस्या का समाधान करते हुए जल्द ही पार्क निर्माण कार्य किया जाएगा।

# मेदिनीनगर में पिंक सिटी बस का परिचालन प्रारंभ, महिला व पुरुष कर सकेंगे सफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहरवासियों को शुक्रवार को बड़ी सौगात प्रदान की गयी है। शहरवासियों के आवागमन हेतु 4 पिंक सिटी बसों का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया। नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने सभी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम क्षेत्र की सीमा में चलाये जाने वाले पिंक सिटी बस में महिला एवं पुरुष दोनों सफर कर सकेंगे।इस संबंध में नगर आयुक्त श्री हुसैन ने बताया कि शहरवासियों को को ध्यान में रखते हुए पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू किया गया है। इसमें जीपीएस एवं मोबाइल चार्ज करने के लिए स्लॉट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिंक सिटी बस छः मुहान से चियांकि, छः मुहान से निमिया भाया चैनपुर, छः मुहान से पोखरहा -रजवाडीह, छः मुहान से बिस्फुटा होते हुए पाटन मोड़ तक प्रतिदिन चलाया जायेगा। पिंक सिटी बस का परिचालन सुबह 7:00 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। इस अवसर पर निगम के सिटी मैनेजर समेत विभिन्न कर्मी मौजूद रहे।

# विधायक ने किया नाइस मिनी मार्ट का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एटीएम के निकट नाइस मिनी मार्ट का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, शमीम खान, तस्लीम खान, हफीज खलीफा ने संयुक्तरूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि इस छोटे से शहर में नाइस मिनी मार्ट खुल जाने से यहां के लोगों को खाने की सामग्री क्रय करने में काफी सुविधा होगा। उन्होंने नाइस मिनी मार्ट के प्रोपराइटर अबूताज बाबू को यहां मिनी मार्ट खोलने के लिये शुभकामनाएं एवं बधाई दिये। प्रोपराइटर अबुताज बाबू ने कहा कि हमारे यहां ए टू जेड,ग्रोसरी, ड्राई फ्रूट, चॉकलेट केक, मसाला, डेरी प्रोडक्ट, कोल्ड ड्रिंक, वॉटर बोतल, सहित अन्य सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां से सामान लेने वाले ग्राहकों को फ्री में होम डिलीवरी भी किया जायेगा।नाइस मिनी मार्ट के प्रोपराइटर अबुताज बाबू के द्वारा विधायक अनन्त प्रताप देव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मौके पर झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य ताहीर अंसारी,सिटी मैनेजर प्रमेय मंडिलवार, कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार, तसलीम खान सीनियर, झामुमो नेत्री किरण देवी, शमीम खान, आमीन खान, तस्लीम खान, समाजसेवी महमूद आलम, कलाम खान, हफीज खलीफा, रंका सदर शोएब खलीफा, मुक्तेश्वर पांडेय, इस्लाम खान, अमरनाथ पांडेय, विजय सिंह, नईम खलीफा, पप्पू खान, विकास कुमार, राजीव कमलापुरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एक्सरे की सुविधा से मरीजों को मिली राहत



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सुविधा से मरीजों को विशेष सुविधा मिल रही है वहीं हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के डिजिटल एक्सरे के इलेक्टेसीयन अलि हसन ने बताया की जबसे डिजिटल एक्सरे की सुविधा उपलब्ध शुभारभ हुआ है तब से दौ सौ से अधिक मरीजों की डिजिटल एक्सरे हो चुकी है और अभि तक कोई गिलवा शिकायत नहीं है उन्होने कहा की झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मरीजों के लिए हर पल स्वास्थ विभाग तत्पर है उन्होने कहा की बजार में एक्सरे की राशी तीन सौ रूपये अधिक लिया जाता है किन्तु सरकारी अस्पताल में उचित मुल्य 70 रुपये की सरकारी दर से यह सुविधा से दि जा रही।

# ग्रामीण क्षेत्रों मे अभी तक ठंड से निजात पाने के लिए कंबल और अलाव का व्यवस्था नहीं



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले मे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड की वजह से जन जीवन व्यस्त व्यस्त पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के मारे लोग घर मे दबके हैं। सुबह 11:00 बजे तक आसमान में घने कोहरा छाया हुआ रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्ग लोग गर्म कपड़े कंबल और आग का सहारा लेकर ठंड को दुर भगा रहे हैं। ठंड को लेकर पाटन प्रखंड में अभी तक जिला प्रशासन के द्वारा कंबल और जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र में घने कोहरे की वजह से किसान के फसल पर भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। शाम होते ही घने बादल में कोहरे छा जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग शाम होते ही ठंड के वजह से घर में लोग दबक जाते हैं। इस ठंड में गरीब मजदूरों को रोजी रोजगार के लिए कठिन सामना करना पड़ रहा है।

# साक्षरता प्रेरक संघ ने समायोजन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पालमू) :** पलामू जिले के छतरपुर 10+ 2 उच्च विधालय खेल स्टेडियम की प्रांगण में साक्षरता पंचायत प्रेरक ने समायोजन को लेकर साक्षरता प्रेरक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता की अध्यक्षता मे बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में समायोजन व एवं बकाया मानदेय सहित अन्य अन्य मांग को चर्चा की गई। चर्चा के तत्पश्चात छतरपुर -नौड़ीहा बाजार दोनों प्रखंड के अलग - अलग पांच सदस्यी कमिटी गठित की गई। जिसमें नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अध्यक्ष सुहैल हक्क एवं छतरपुर के अध्यक्ष श्री नागेंद्र कुमार सिंह को मनोनीत किया। उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि बकाया मानदेय व पंचायत मे नियुक्त पंचायत प्रेरक के समायोजन के लेकर सरकार से मांग किया जा रहा है । जिसके के लिए चरणबद्ध संघर्ष जारी रहेगा। इस बैठक में जिला कोषाध्यक्ष, मनोनीत दोनों प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सुहैल हक्क, नागेंद्र सिंह, सुरेंद्र यादव, प्रमोद यादव, प्रदीप गुप्ता, भारती देवी, रिंकी देवी, रीता देवी, पूनम कुमारी,मंजू देवी,सीमा कुमारी समेत दोनों प्रखंड के सैकड़ो पंचायत प्रेरक मौजूद थे।

# समाजसेवी ने असहाय व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के कामगारपुर गांव निवासी प्रखर समाजसेवी प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कड़के की ठंड को देखते हुए असहाय व गरीबों के बीच कंबल का वितरण निजी खर्च से किया। प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कहा कि इस शीतलहरी में गरीबों व असहायों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने निजी खर्च से गांव के आस पास के असहाय व गरीबों को राहत देने का प्रयास किया है। उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशाशन से पलामू जिला के गरीब परिवारों को कंबल उपलब्ध कराने के साथ साथ गांव गांव में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। उन्होंने संपन्न लोगों से गरीबों को राहत देने का आह्वान किया है।

# जवाहर नवोदय और ज्ञान निकेतन ने अपने अपने मैच जीते



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 23 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 18 वे दिन खेले गए मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ पॉइन्ट को 37 रन से हराकर वही दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन की टीम ने रोमांचक मुकाबले में एक रन से संत पॉल को हराकर क्वाटर फाईनल में प्रवेश किया। जवाहर नवोदय विद्यालय पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 126 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी साउथ पॉइंट की टीम 90 रन पर ही सिमट गई। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया पर उनके निर्णय को संत पॉल ऐकेडमी के गेंदबाज शिवम ओर प्रतीक के घातक गेंदबाजी के सामने 57 रन पर ही सिमट दिया। शिवम ओर प्रतीक ने तीन तीन ओर उत्कर्ष ने दो विकेट झटके। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल एकेडमी की टीम की टीम 56 रन पर ही सिमट गई। टीम को अंतिम ओवर में 12 रन की आवश्यकता थी। टीम छह गेंद पर 10 रन ही बना सकी। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय के अभिषेक को और संत पॉल के प्रतीक को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने प्रदान किया।

# दहेज हत्या के आरोप में पति समेत तीन गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई है। पंडवा थानाक्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी अरुण दुबे की बेटी प्रिया दुबे (21) का शव उसके ससुराल शहर थानाक्षेत्र के निमिया में शुक्रवार को फांसी पर लटका मिला। इधर, दहेज हत्या के आरोप में पति, सास और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।प्रिया की शादी आठ माह पहले अप्रैल में अरुण तिवारी के पुत्र मणिकांत तिवारी के साथ हुई थी। वह गर्भवती थी। प्रिया छह बहनों में सबसे छोटी थी।मृतका के जीजा बड़कागांव के रहने वाले बमशंकर तिवारी को मणिकांत ने फोन कर बताया कि प्रिया ने फांसी लगा ली है। बमशंकर तिवारी मौके पर पहुंचे तो साली को फंदे पर लटका देखा। फंदा काटकर तत्काल प्रिया को नीचे उतार कर एमएमसीएच लेकर आए। जहां डॉक्टर ने प्रिया को मृत बताया। बमशंकर तिवारी ने बताया कि प्रिया के ससुराल वाले तिलक के दिन से ही कम दहेज मिलने की बात पर विवाद कर रहे थे। गुरुवार की रात भी प्रिया के साथ पति और सास-ससुर की लड़ाई हुई थी।इसकी जानकारी मिलने पर रात 10 बजे वो कुछ रिश्तेदार के साथ प्रिया को मायके ले जाने के लिए पहुंचे थे। उसके ससुराल वालों ने मायके भेजने से इंकार कर दिया। फिर वे तीन बजे सुबह में वहां से लौटे। बमशंकर ने कहा- इसके बाद ही प्रिया को मारकर ससुराल वालों ने उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने महिला का पोस्टमॉर्टम किया। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि हत्या के आरोप में पति मणिकांत तिवारी, ससुर अरुण तिवारी और सास अंजना तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फर्जी एसडीएम बनकर लेस्लीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी से 3 लाख रुपए की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले से हैरान करने वाली घटना सामने आई है।जहां एक युवक ने फर्जी एसडीएम बनकर लेस्लीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी से तीन लाख रुपये की मांग की। इतना ही नहीं युवक ने थाना प्रभारी को भी धमकाया। जब पुलिस ने पूरे मामले की जांचक्षकी तो पता चला कि युवक मानसिक रूप से जरा कमजोर है और पत्नी से झगड़ा करने के बाद पिछले 15 दिनों से घर नहीं गया है। दरअसल, गुरुवार को लेस्लीगंज बीडीओ को एक अनजान नंबर से कॉल आया है। कॉल करने वाले ने स्वयं को एसडीएम बताया और तीन लाख रुपये की मांग की। जिसके बाद बीडीओ ने इसकी जानकारी लेस्लीगंज थाने को दी। वहीं लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता को भी एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को आरडीएम बताते हुए एसपी का नंबर मांगा। जिसके बाद थाना प्रभारी ने पूछा आरडीएम कौन सा पद है? तो फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपको नहीं पता आरडीएम क्या होता है, कॉल रिकॉर्डिंग में है, एसपी का नंबर दीजिए। जिसके बाद उस व्यक्ति ने फोन काट दिया। जब लेस्लीगंज थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि फोन करने वाला युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। मामले की पुष्टि लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार ने की है।उन्होंने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, उसका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। पिछले 15 दिनों से वह घर भी नहीं गया है।

# रौनक ने अपनी प्रतिभा से जिले में लाया रौनक : अविनाश देव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पालमू भुटान में आयोजित इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में संत मरियम विधालय के चार चयनित बाल कराटेकारो ने चुस्ती-फुर्ती के साथ फाईट करते हुए तीन खिलाड़ी रौनक कुमार, उज्जवल राज, अयान सिद्धकी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया वहीं ओम प्रकाश ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विदित हो की यह प्रतियोगिता निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भुटान के तत्वावधान में 31और 1जनवरी 2025 को स्पोर्ट्स हॉल फुंटशोलिग भुटान में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल हासिल किये संत मरियम विधालय के बाल कराटेकारो को विभिन्न देशों में हो रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन ग्रैंड मास्टर डा0 विकास सान्धु के द्वारा किया गया। रौनक कुमार को मलेशिया, उज्जवल राज को थाईलैण्ड, अयान सिध्की को दुबई, इत्यादि देशों में जाकर चैम्पियनशिप में भाग लेगे, वही रौनक कुमार को तिसरी बार भुटान चैम्पियनशिप में भाग लेने पर निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भुटान द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि दि गयी। उक्त जानकारी संत मरियम विद्यालय मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दी। जब चार खिलाड़ियों की जीत की खबर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव को मिली तो काफी प्रसन्न हुए, जैसे यू मानो की विद्यालय परिवार व बच्चों के बीच खेल जगत में नई उजाला दिखाई दी हो। श्री देव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत मरियम के कराटेकारो ने विद्यालय व जिले को गौरवान्वित तो किया ही है साथ ही रौनक ने गोल्ड मेडल के साथ एक लाख का उपहार जीत कर अपने परिवार व विद्यालय मे रौनक ला दिया है, हमें पूर्ण विश्वास है कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी कला को आयाम देकर जिले को बड़ी जश्न देंगे। समस्त खिलाड़ियों को विद्यालय पहुंचते ही उन्हें भव्य रूप से स्वागत किया जाएगा।

# पास्को एक्ट के एक अभियुक्त गिरफ्तार

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक अभियुक्ति मिथुन कुमार उम्र 23 वर्ष पिता मंदीप भुइया नावा जयपुर को पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि पास्को एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तारी कर उच्च न्यायालय में भेज दिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## मंत्री इरफान अंसारी के पहल पर परिजनों को अस्पताल ने सौंपा शव

**रांची।** गिरीडीह के रहने वाले 32 वर्षीय पिंटू कुमार का ईलाज के दौरान रांची के मेंदाता अस्पताल निधन हो गया। उसे जोंडिश हो गया था। मृतक के परिजनों बताया कि पैसे पूरा जमा करने को कह रहा था और हमलोगों के पास पैसे है नहीं। शुरुआत में 25 हजार जमा किये थे मृत्यु के बाद बताया गया कि 75 हजार देने है। ऐसे में 40485 रुपये जमा करने को कहा जा रहा था। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी को मिली तो उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को से बात की और फिर कुछ पैसे माफ करा दिया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक का घर भागलपुर बिहार का रहने वाले थे और गिरीडीह ससुराल था। परिजनों को जब शव मिला तो वे लोग मंत्री इरफान का बार बार आभार जता रहे थे। बता दे कि जब इरफान अंसारी को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया तो उन्होंने पहले ही कहा कि अस्पताल किसी का शव को बंधक नहीं बनायेगा।

## भाजपा नेता रघुवर दास से भाजपा नेता राजाराम महतो ने किया मुलाकात

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को नव वर्ष की शुभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो ने बधाई दिया। साथ में पद्मश्री छुटनी महतो, ज्ञानेश्वर सिंह, भूदेव चंद्र महतो, परमानंद महतो एवं छुटनी माता के सुपुत्र भी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने राजस्व विभाग के कार्यो से संबंधित किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यो से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के अपर समाहर्ताओं ,भूमि सुधार उप समाहर्ता व जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों के साथ राजस्व सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दाखिल खारिज की समीक्षा के क्रम में अकारण 90 दिनों तथा 30 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों को तीव्र गति से समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिए साथ ही रिजेक्ट आवेदनों का आधार क्या है कारण स्पष्ट करें। उन्होंने सभी अपर समाहर्ता को निर्देश दिया कि दाखिल खारिज के अत्यधिक



लंबित वाले प्रखंडों को चिन्हित कर उनकी समय समय पर समीक्षा बैठक करें। और शिकायत मिलने पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीओ कार्यालय में लंबे समय से एक ही जगह पर कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों का स्थानांतरण करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि अंचल में बैठने वाले पदाधिकारी और कर्मी लोगों से अच्छी तरह से बात करें एवं उनके समस्याओ का समाधान करने में सहायता करें। हम पब्लिक सर्वेंट हैं लोगो की परेशानी दूर करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि सी.एन.टी. एक्ट पूरी तरह से इंप्लीमेंट हो। बैठक में उन्होंने कहा जमीन नकल संबंधित आवेदनों का अच्छी तरह से सत्यापन करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने कहा कि अपने स्तर से सभी सीओ को निर्देश दे कि अपने अपने क्षेत्र के गैर मजरूआ, खास भूमि का भौतिक निरीक्षण कर अतिक्रमण भूमि पर वाद चलाए। सीओ सभी जमीन का ब्यौरा तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करें। रांची के खास महाल जमीन की खरीद बिक्री पर रोक रहे।सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधी मामलों की भी समीक्षा की गई।

केंद्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं के लिए जमीन हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी आयुक्त ने ली। जिन जिलों में भूमि हस्तांतरण के कार्य लंबित हैं, वहां जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार,अवर सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

# अपने वादे के अनुरूप 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी में किसानों को इंसाफ देने की मांग की। श्री मरांडी आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद राज्य में इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है।किसानों को अपने मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। कहा कि हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3200/क्विंटल धान खरीद करने का आश्वासन दिया था।लेकिन राज्य सरकार अपने वादे से उलट गई। आज राज्य में 2300रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद और 100रुपए बोनस के साथ 2400रुपए प्रति क्विंटल से खरीद हो रही।राज्य सरकार ने 60लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है लेकिन स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गए हैं।ऑफिसरशाही इतनी



हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उद्घाटन किए ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं।राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे।कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15त्न धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गिला बताकर प्रति क्विंटल 10...15किलो की कटौती कर रही है।कहा कि राज्य सरकार ने धान खरीदी की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है।राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800..1900रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं।

इधर बंगाल,उड़ीसा,छत्तीसगढ़ के दलाल,बिचौलिए धान खरीद केलिए बाइक से गांव, गांव घूम रहे।

कहा कि दलाल, बिचौलिए सीधे ट्रक लेकर गांव तक पहुंच जा रहे ।और किसानों से कम कीमत पर धान खरीद ले रहे।कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का ।किसानों को मजबूती प्रदान करने का ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें।कहा कि झारखंड के किसान खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है।यहां केवल एक फसल धान ही है जिसे एमएसपी पर बेचकर किसान कुछ रुपए कमाते है बाकी दलहन आदि का उत्पादन यहां बड़े पैमाने पर नहीं होता है।कहा कि ऐसे में किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है लेकिन राज्य सरकार लगातार किसानों को निराश करने में लगी है। कहा कि किसानों के साथ फर्जीवाड़ा किया जा रहा।

## पुलिस ने अवैध रूप से किये जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर किया विनिष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुमित कुमार अग्रवाल ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दशम फॉल थाना क्षेत्र के ग्राम पानसकाम मैं अफीम की खेती लगभग 4.5 एकड़ को ट्रैक्टर चला कर विनिष्टीकरण किया गया। खेती के स्थल पर पाए गए मोटर, पाइप एवं बिजली के तार को विधिवत जप्त किया गया है। साथ ही साथ थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है की अफीम की खेती के विनिष्टीकरण में और भी तेजी लाएं एवं जल्द से जल्द पूरे एरिया में जितने भी अफीम की खेती की गई है सभी को विनष्ट करना सुनिश्चित करें। जो भी व्यक्ति अफीम की खेती में संलिप्त है उसको चिन्हित करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजे।

# चंदन सिन्हा को पुलिस उप-महानिरीक्षक ने बैच लगा कर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने अपने कार्यालय कक्ष में चन्दन कुमार सिन्हा भा0पु0से0 (2011)को बैच लगाकर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0-7276/ सी0, - 31.12.2024 द्वारा चन्दन कुमार सिन्हा भा0पु0से0* वर्तमान वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को पुलिस उप-महानिरीक्षक कोटि में प्रोन्नति प्रदान करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के पद को पुलिस उप-महानिरीक्षक कोटि में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उक्त पद पर पदस्थापित किया गया है।इस



अवसर पर अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), ऋषभ कुमार झा पुलिस अधीक्षक (ए0टी0एस0) तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सचिव ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक, आईजी पंकज कंबोज , श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, निदेशक रेवेन्यू भोर सिंह यादव, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक पर्यटन अंजली यादव एवं निदेशक उद्योग सुशांत गौरव ने मुलाकात कर नव वर्ष - 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## नगर निगम क्षेत्रांतर्गत किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर आयुक्त के द्वारा रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ते ठंड से बचाव के लिए वार्डवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों को निःशुल्क कंबल उपलब्ध कराना निर्देशित है। इस क्रम में सभी वार्ड सुपरवाइजर, सामुदायिक संगठनकर्ताओं, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं सहायक प्रशासकों को इस कार्य में लगाया गया है। जिसमें प्रतिदिन वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में 03.01.2025 को वार्ड नंबर 45, 40, 11, 15, 30, 29, 37 इत्यादि के अंतर्गत कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सभी पदाधिकारियों को रात्रि में मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर शहर में गुजर बसर कर रहे लोगों को कंबल उपलब्ध कराते हुए निकटतम आश्रय गृह में स्थानांतरित कराने का कार्य करेंगे।

## मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर झारखंड आंदोलनकारी का वार्षिक कैलेंडर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती एवं ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब 1925 - 2025 स्वर्णिम समारोह का आयोजन कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में मनाया गया. यह कार्यक्रम अल्बर्ट एक्का चौक के पास से जुलूस के शक्ल में झारखंड आंदोलनकारी गण जयपाल सिंह मुंडा अमर रहे, जयपाल सिंह मुंडा अमर रहे गगन भेदी नारा लगाते हुए लाल और हरा रंग का झंडा लगे परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे . स्टेडियम परिसर में जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं समारोह का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया. मौके पर जयपाल सिंह की मुंडा की जयंती एवं ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में झारखंड आंदोलनकारी वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण आंदोलनकारियों के द्वारा किया गया. मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर दिशुम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित (नोटिफिकेशन ) एवं गजट में नाम प्रकाशित कर सरकार से सम्मानित करने की मांग की गई. साथ ही मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा सहित झारखंड अलग राज्य आंदोलन के सभी अमर पुरोधाओं को भी झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित (नोटिफिकेशन ) एवं गजट में नाम प्रकाशित कर सरकार से उनके आश्रितों को सम्मानित करने की मांग की गई. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा के रूप में अग्रणीय नेता थे इनका जन्म 3 जनवरी 1930 ईस्वी भारत को प्रथम गोल्ड मेडल दिलाने का काम किया था. कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय संयोजिका सरोजिनी कच्छप, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की सह संयोजक अंथन लकड़ा , जबीरूल्लाह अंसारी, ,सुबोध लकड़ा ,कालीचरण महतो, दिनेश राम सिकंदर राम, दिवाकर साहू , पप्पू राइन, विजय रंजन कुमार दिनेश महतो सुरेंद्र कुमार महतो, सोमारी उरांव उपस्थित थे।

## डॉ0 महुआ मांजी ने असाध्य रोग से ग्रसित मरीजों को सौंपा चेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी ने अपने आवास पर मुख्यमंत्री राहत कोष से करीब नौ जरूरतमंद लोगों के बीच 50-50 हजार राशि का चेक सौंपा गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल भी वितरण किया गया। डॉक्टर महुआ मांजी ने बताया कि हमारे आसपास ऐसे भी जरूरतमंद लोग हैं जो असाध्य रोग से ग्रसित हैं और पैसे के अभाव में समुचित उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोगों ने आवेदन देकर अपील की थी, कि किसी तरह उसकी मदद की जाए । इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मदद की गुहार लगाई गई, मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत इन असाध्य रोग मरीजों के इलाज के लिए राशि आवंटित किया गया है। यह राशि 50-50 हजार का चेक है, जो सभी को सौंप दिया गया है । इसके अलावा हम लोग दुआ करते हैं कि जितना भी राशि मिला है उस राशि से बेहतर इलाज हो सके और स्वस्थ होकर अपने परिजन के बीच लौट सके । साथ ही ठंड का मौसम है और रैन बसेरा में बेहतर व्यवस्था करने के लिए जिला उपयुक्त लगातार प्रयासरत है और हम लोगों से जो हो सका कंबल वितरण कर रहे हैं और जितने भी जरूरतमंद लोग हैं उन्हें भी कंबल दिया जाएगा।

## बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चालक को माला पहनाकर किया गया यातायात को लेकर जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक झारखंड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है । इसी को देखते हुए गुरुवार को रांची जिला परिवहन विभाग के डीआरएसएम अरशद जमाल ने रांची शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग रतन टॉकीज के पास पहुंचकर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाई। इस दौरान ऐसे मोटरसाइकिल चालक जो बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चला रहे थे, उनसे पूछताछ की और उसे माला पहनाया और हेलमेट पहनने की अपील की। अरशद जमाल ने कहा कि जिंदगी बहुत प्यारी है अपने और अपने परिवार के बारे में सोचिए और इसके लिए जब घर से निकले तो मोटरसाइकिल जब भी चलाएं तो हेलमेट पहन कर बाहर निकले । अगर आपके साथ कोई दूसरा आपके पीछे बैठा हुआ हो तो उसे भी हेलमेट जरूर पहनने बोले। अगर आपके पास फोर व्हीलर वाहन है तो सीट बेल्ट अवश्य लगाये। आगे उन्होंने बताया कि अगर बार-बार आप इसी तरह से यातायात नियमों का उल्लंघन करेंगे तो आपका लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा ।

# केवाईसी के कारण किसानों को ऋण माफ़ी में आ रही समस्या का निदान करे बैंक : शिल्पी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हों में बैंक की कम शाखा को लेकर चिंता जाहिर की । पंजाब नेशनल बैंक में क्षेत्र के लोगों को बैंक से संबंधित परेशानियों को लेकर बैठक की . राज्य सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही 2 लाख रुपए तक की ऋण माफी योजना में आ रही अड़चनों को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया . किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी के वाईसी को लेकर हो रही है .के वाईसी नहीं होने से क्षेत्र के लोग सरकार की योजना का समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस दौरान बैंक के शाखा में कैसे इजाफा हो इस पर भी बैंक अधिकारियों के साथ चर्चा की . बैंक की शाखा चान्हों में कम होने से ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हों प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया . उन्होंने इस



मौके पर कहा कि ठंड के इस मौसम में सहायता प्रदान करने का उद्देश्य जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है . ये एक छोटा सा प्रयास है जिससे ठिठुरन भरी इस ठंड में उन्हें थोड़ी राहत दी जा सके . जरूरतमंदों को मदद करने की दिशा में सभी को मिलजुल कर पहल करने की जरूरत है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रघुनाथपुर पंचायत स्थित कोको आईयो शक्ति पूजा स्थल पर पुनः पहुंच कर मां के चरणों मत्था टेका . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उपस्थित लोगों से कहा कि इसी पवित्र स्थल पर मैंने विगत विधानसभा चुनाव में सफलता की कामना की थी, और माँ कोको आईयो की कृपा से यह मन्नत पूरी हुई . यह स्थान न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यहाँ हर श्रद्धालु की मनोकामनाएँ पूरी होती हैं . साथ ही माँ के आशीर्वाद से हर कठिनाई से लड़ने की हिम्मत मिलती है ।

# पुलिस ने मोबाइल चोरी में दो को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**रांची :** आरपीएफ थाना, राँची द्वारा सूचना दी गई कि साउथ रेलवे गेट के बाहर प्लेटफार्म नं0-05 के सामने से रात्रि 20.30 बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रेलवे यात्रियों से मोबाईल एवं पैसे की लूट की घटना का अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को दिया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक नगर, राँची एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर, राँची के निर्देशन में गठित टीम द्वारा आर. पी. एफ. थाना राँची के सहयोग से त्वरित एवं तत्परतापूर्वक घटना में शामिल दो अपराधकर्मियों को पकड़ लिया गया एवं उनके पास से लूटा गया सामान मोबाईल एवं अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त स्कूटी नं0 जेएच 0 ईडब्लयू-7427 को बरामद किया गया है। इस संदर्भ में चुटिया थाना काण्ड सं0- 01/25 दिनांक 02.01.2025 धारा 309 (4) बी.एन.एस. दर्ज किया गया है। घटना में संलिप्त तीसरे अपराधकर्मी की भी पहचान कर



ली गई है, गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं विवरणत्न** रोशन महतो गोसाई टोली थाना चुटिया, जिला राँची, प्रीतम ठाकुर पंचवटी चौक चुटिया, थाना चुटिया, जिला राँची।

**बरामद एवं जप्त प्रदर्श**

चार एण्ड्राएड मोबाईल, स्कूटी रजि. नं0- JHOEW-7427 एवं 510 रु0 कैश।

**छापामारी दल के सदस्य**

लक्ष्मीकांत, पु0नि0 सह थाना प्रभारी चुटिया राँची, शिशुपाल कुमार इंस्पेक्टर ऋक्क पोस्ट, राँची, जितेन्द्र मिश्र, पु0अ0नि0 चुटिया थाना, राँची,चुटिया थाना सशस्त्र बल एवं आरपीएफ थाना, रांची की टीम।

# उपायुक्त ने आश्रय गृह का निरीक्षण कर किया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा देर रात्रि ठंड को देखते हुए रांची शहरी क्षेत्र का भ्रमण करने निकले। इस क्रम में वे खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए आश्रय गृह में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। बढ़ते ठंड को देखते हुए निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल, पेयजल इत्यादि की बेहतर इंतजाम के साथ तमाम व्यवस्था



सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा सड़को पर रात्रि में गुजर बसर कर रहे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन वृहद स्तर पर चलाते हुए निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया गया। ताकि ठंड में सड़को में पर रात्रि में गुजर बसर कर रहे व्यक्तियों को कोई परेशानी ना हो। साथ में उन्होंने जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। इस दौरान अपर प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोयलांचल में सर्दी के सितम से लोग परेशान, ठिठुर कर बच्चे जा रहे स्कुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सर्दी के सितम से लोग पूरी तरह से परेशान हैं। पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है।कड़ाके की ठंड से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।इस वर्ष सर्दी ने कोयलांचल क्षेत्र में कई वर्षों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।जानकारी के अनुसार कोयलांचल में घने कोहरे के साथ सुबह की शुरुआत हो रही है,इसके बाद दिन भर पूरे इलाके में कनकनी चल रही है,वही शाम होने के साथ ही शीतलहरी का प्रकोप शुरू हो जा रहा है,जिसके कारण लगातार ठंड का प्रकोप भी बढ़ रहा है।सुबह 7 बजे निकलने वाली धूप 11 बजे के बाद निकल रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में लगातार तापमान में भी गिरावट देखी जा रही है।जानकार बताते हैं कि इस वर्ष ठंड ने कोयलांचल क्षेत्र के कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।यही कारण है कि ठंड से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में कैद हो चुके हैं।ठंड से बचने के लिए लोग हर तरह के उपाय कर रहे हैं,लेकिन उन्हें ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।वही कोयलांचल क्षेत्र के चिकित्सकों ने कड़ाके की इस ठंड में छोटे-छोटे बच्चों और वृद्ध लोगो पर विशेष ख्याल रखने की अपील की है।चिकित्सकों का मानना है कि इस ठंड में बच्चों के अलावा वृद्ध को भी नुकसान पहुंच सकता है।इधर चौक चौराहा और बाजारों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।बचरा चार नम्बर चौक पर स्थानीय दुकानदान स्वंय अलाव की व्यवस्था कर रहे है।वहीं लोगों ने सीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से बाजारों में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

**घना कोहरा ने बढ़ाई स्कूली बच्चों और मजदूरों की परेशानी :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास का पूरा इलाका शुक्रवार की सुबह घना कोहरे की चपेट में रहा।कोहरे ने एक तरफ जहां ट्रांसपोर्टिंग कार्यों की रफ्तार धीमी कर दी है तो वहीं दूसरी ओर दैनिक मजदूर और स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ा दी है।जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई।चारों ओर घने कोहरे के कारण कुछ भी दिखाई नहीं पड़ रहा था।घने कोहरे के बीच छोटे-छोटे बच्चे स्कूल आते-जाते देखे गए।वही दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूर भी ठिठुर कर अपने कार्य स्थल तक जाते देखे गए।कोहरे के कारण कोयला खदानों में खनन कार्य पर भी असर देखा गया।भारी और बड़े मशीनों का परिचालन काफी कम रफ्तार से हुआ।वही कोयला ढुलाई के कार्य में लगे हाईवा डंपरों की रफ्तार भी धीमी रही।कोहरे के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन चालक लाईट चलाकर वाहन चलाते देखे गए।कोयलांचल क्षेत्र के लोगों ने बढ़ते ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार से सभी स्कूलों को बंद करने की अपील की है।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर आज बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, खूंटी में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पुलीस अधीक्षक अमन कुमार एवं उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार द्वारा स्वागत करते हुए स्वागत संबोधन दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के मौके पर उन्हें याद कर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 7 बालक टीमों और 6 बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने न केवल हॉकी के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाया, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। वह पहले ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया और देश का नाम रौशन किया। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कुछ भी असंभव नही, अपनी क्षमता को पहचाने। देश को आगे ले जाने और क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए हमे जयपाल सिंह मुंडा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वहीं उप विकास आयुक्त द्वारा भी जयपाल सिंह मुंडा को याद कर खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेने और खेल के क्षेत्र में जिला का नाम रौशन करने की बात कही गई। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं कोच से उपायुक्त ने मुलाकात कर हौसला अफजाई भी किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और जयपाल सिंह मुंडा के योगदान को सम्मानित करना है।

# तमाड़ में मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के नुरीडीह गागर सोतिया मेला टांड़ व सरलोंगा में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की जयंती मनायी गयी। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर के अलावे मुखिया अनिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश गुप्ता, हीरा दास, प्रकाश सिंह मुण्डा, प्रोफेसर देवनंदन सिंह मुण्डा, गणेश मुण्डा, हरि सिंह मुण्डा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुण्डा, सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम सिंह मुण्डा, कन्हाई पातर, शिशुपाल मुंडा, मदन सिंह मुण्डा, पाहान सीताराम मुण्डा आदि द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के चित्र पर पुष्प एवं अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ से पूर्व पाहान सीताराम मुण्डा द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के चित्र के समक्ष आदिवासी विधि विधान से पूजा अर्चना कर मरांग गोमके को नमन किया। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा का जन्म 3 जनवरी 1903 को खुंटी जिला के एक छोटे से गांव टाकरा में भले ही हुआ।लेकिन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के अग्रणी नेतृत्व का ही नतीजा है कि आज हम सब झारखंड राज्य में हैं। इनआज भी उनके द्वारा आदिवासियों के लिए लाया गया कानून लागू नहीं है।सब मिलकर इस पर विचार और चिंतन करना चाहिए। तभी झारखंड का सही नामकरण साबित होगा। जो मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने करते हुए घोषणा किया कि गागर सोतिया मेला का यह चौक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा चौक के नाम से जाना जाएगा। जहाँ जल्द भव्य मूर्ति का निर्माण किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत मुरहू थाना क्षेत्र में चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला में सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत मुरहू थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला के सभी थाना अंतर्गत वाहन जांच एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को गुलाब दे कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। लोगो को बताया गया कि वाहन से संबंधित सभी कागज दुरुस्त रखे तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन का परिचालन करें। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित की मदद करें। इस दौरान मुरहू थाना प्रभारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



# पिपरवार के होशिर एंव बचरा बस्ती के लोग जहरीले राख की ढुलाई से परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती एवं होशिर गांव के लोग इन दिनों फ्लाई एश जहरीले राख की ढुलाई से काफी परेशान है।जहरीले राख की ढुलाई होने से पूरा गांव प्रदूषण की चपेट में आ गया है।लोगो को घर के बाहर के अलावा घरों में भी परेशानी हो रही है।जहरीले राख की ढुलाई होने से उक्त सड़कों पर जगह-जगह फ्लाई एश की परत जमा हो गई है जो प्रदूषण बनाकर लोगों के घरों एवं दुकानों तक पहुंच रहा है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात होने के साथ ही बचरा बस्ती होते हुए होशिर के रास्ते जहरीले राख की ढुलाई मे लगे वाहनों का परिचालन काफी तेज गति से हो रहा है।जहरीले राख ढुलाई के दौरान सड़को के कई जगहो पर राख की परत जमा हो रही है,जो सूखने के बाद प्रदुषण बनकर लोगों के घरों एवं दुकानों में पहुंच रहा है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

वही तेज गति से जहरीले राख ढुलाई के दौरान दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले यह मार्ग काफी जर्जर था, लेकिन लोग शांति से रहते थे,लेकिन जब से सड़क बनी है तब से कोल वाहन एंव जहरीले राख की ढुलाई होने से लगातार इस मार्ग पर सड़क दुर्घटना हो रही है जिससे आम जनता को काफी नुकसान पहुंच रहा है।बचरा उतरी पंचायत के पूर्व उप मुखिया महेन्द्र कुमार महतो ने बताया कि कोल वाहन से जहां सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है तो वहीं अब जहरीले राख ढुलाई से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से लोग काफी परेशान हैं।प्रदूषण के कारण गांव की हरियाली भरा वातावरण समाप्त होती जा रही है। वहीं प्रदूषण से लोग विभिन्न बीमारियों से भी ग्रसित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सभी ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं और ग्रामीणों के द्वारा कभी भी इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जा सकता है।उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस पर ठोस पहल करने की मांग की है।

# जयपाल सिंह मुंडा के वैचारिक सिद्धांत एवं साहसिक योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मारंग गोमके स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव टकरा में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जयपाल सिंह मुंडा के वैचारिक सिद्धांतों और साहसिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें एक अद्वितीय व्यक्तित्व और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि स्व. जयपाल सिंह मुंडा न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि उन्होंने खेल, शिक्षा और आदिवासी उत्थान के क्षेत्र में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस अवसर पर टकरा गांव के मुख्य पथ पर स्थित मारंग गोमके की आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जयपाल सिंह मुंडा का जन्म टकरा



गांव में हुआ था, और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। हॉकी के महान खिलाड़ी और ऑक्सफोर्ड ब्लू की उपलब्धि हासिल करने वाले जयपाल सिंह मुंडा ने भारत को 1928 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाने वाली हॉकी टीम का नेतृत्व भी किया था।समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जयपाल सिंह मुंडा के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# जयपाल सिंह मुंडा के जंयती पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कि बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के जलटंडा स्टेडियम में शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जंयती पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति कि बैठक जिला अध्यक्ष विजय सिंह कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिन के अवसर पर उन्हें याद करते हुए तस्वीर माल्यार्पण किया गया और मारंग गोमके गोमके जयपाल सिंह मुंडा के बताये गये रास्ते चलने का संकल्प लिया गया.

वही खूंटी जिला के झारखंड आंदोलनकारी यों बैठक पर खूंटी सासंद कालीचरण मुंडा एवं खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा को निमंत्रण दिया गया लेकिन कार्यक्रम पर नहीं आने खूंटी जिला के आंदोलनकारियों ने आक्रोष व्यक्त किया है. वही आंदोलनकारियों ने कहा कि हमारी मांग पूरी नहीं होने तक हमलोग आंदोलन करते रहने कि बात कही. झारखंड अलग राज्य का सपना आज हम सभी आंदोलनकारियों बलिदान से मिला है पर हम सभी आंदोलन कारी एवं आंदोलनकारियों के परिवार संघर्ष कर रहे हैं हमारी वर्तमान इंडिया गठबंधन कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों के मांगो को नजर अंदाज कर रहे हैं जिससे आंदोलनकारियों के अंदर आक्रोष फूट रहा है बैठक पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव राजन कुजूर, मिडिया प्रभारी अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सामुएल संगा, संगठन सचिव सूरज गोप, प्रेम प्रकाश हेरेंज, लालू मुंडा, भिमसेंट संगा, बलराम मांझी, विलीन पूर्ति, बुधन मिंज, सगीर अहमद, धामी धान, नवीन कुमार, लालसिंह मुंडा, मंगल मुंडा, सलीम संगा के अलावे बैठक में कर्रा, खूंटी, मुरहू, तोरपा, रनिया व अड़की प्रखंड के अन्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# श्रमदान से तीन किलो मीटर सड़क का हुआ निर्माण

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बगदा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को श्रमदान से तीन किलो मीटर सड़क का निर्माण किया। जानकारी के अनुसार बगदा से बेंती सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। सड़क खराब रहने



से छात्रों को स्कूल जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। साथ ही किसानों को अपने सब्जियों को पतरातू, भुरकुंडा, रामगढ़ ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण रूपलाल महतो,योगेंद्र महतो ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर सांसद, विधायक समेत विभागीय अधिकारियों के पास कई बार गुहार लगाया गया लेकिन सभी जगहों से सिर्फ आश्वासन ही मिला। मौके पर किशोर महतो,मणिलाल महतो,शोभनाथ महतो,शांति देवी,सावित्री देवी,सबिता देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से मुलाक़ात कर श्री राजेश कच्छप माननीय खिजरी विधायक सह उप नेता कांग्रेस विधायक दल ने नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी।



# सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम तमाड़ के बहुचर्चित सड़क सलगाड़ीह कैनाल रोड़ की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मिले और उन्होंने फुलों का गुलदस्ता मुख्यमंत्री को सौंपते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

कालीचरण मुंडा ने हेमंत सोरेन पर विश्वास जताते हुए कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आपके नेतृत्व में झारखंड तरक्की की बुलंदियों को छू लेगा. राज्य के विकास और सफलता के कई आयाम सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में लिखे जाएंगे. सांसद ने मुख्यमंत्री से खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ और खरसांवा विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े इलाकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की. सांसद ने सीएम से कहा कि इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के पिछड़े इलाकों का विकास पर अत्यंत जरूरी है.



सीएम ने सांसद को भरोसा दिया कि पिछड़े इलाकों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम से मुलाकात के दौरान खूंटी लोकसभा क्षेत्र की योजनाओं को स्वीकृति देने के लिए एक मांग पत्र सौंपा।जिसमें रांची-सिमडेगा पथ पर स्थित उरमी से गोविंदपुर रेलवे स्टेशन भाया गोविंदपुर 15 किमी लंबी सड़क और कारो नदी पर पुल का निर्माण, एनएच 33 (रांची-जमशेदपुर सड़क) पर स्थित सलगाडीह से जामड़ी तक 16.2 किमी लंबी सड़क और राजा बाजार से लेबेद के बीच करकरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की योजनाएं शामिल हैं।

## विनोद बिहारी ने खूंटी सांसद को घोड़ालांग में पैसेंजर ट्रेन की ठहराव पर सौंपा ज्ञापन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सह समाजसेवी विनोद बिहारी कुजूर ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा से मुलाकात कर भारत सरकार के भारतीय रेल मंत्रालय के नाम एक मांग पत्र सौंपकर सीनी एवं महालीमुरुप रेलवे स्टेशन के बीच घोड़ालांग गाँव में पैसेंजर ट्रेन हॉल्ट निर्माण की मांग की है। सांसद को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया कि दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर प्रमण्डल अन्तर्गत सीनी एवं महालीमुरुप रेलवे स्टेशन के बीच में घोड़ालांग ग्राम होते हुए रेलगाडी का परिचालन होता है। जहाँ कि कुल आबादी लगभग तीन हजार है तथा उक्त ग्राम घोड़ालांग से दो किलोमीटर के अंतर्गत कई गांवों की आबादी एक से दो हजार के बीच है। उपरोक्त गाँव के लोग मजदूरी के लिए प्रतिदिन आदित्यपुर गम्हरिया, चाईबासा, चक्रधपुर तथा जमशेदपुर स्थित विभिन्न कम्पनियों में काम करने के लिए आवागमन करते हैं। वे लोग रेलगाड़ी से अवागमन करने हेतु सीनी स्टेशन तथा महालीमुरुप स्टेशन जाना पड़ता है। ग्रामीणों के अति अवश्यक मांग को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित घोड़ालांग पैसेंजर ट्रेन हॉल्ट निर्माण की मांग की है। ताकि यहाँ के ग्रामिणों का प्रतिदिन रेलमार्ग से अवागमन का समाधान हो सके।

## उपायुक्त ने 70 से ज्यादा फरियादियों की सुनी समस्या, उचित कार्रवाई का दिया भरोसा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 70 से ज्यादा फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होंने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन अधिग्रहण का मुआवजा भुगतान, चिकित्सा सहायता, घरेलू विवाद, भूमि विवाद, स्थानांतरण, अवैध शिक्षकों का वेतन बंद करने के संबंध में, रास्ता अतिक्रमण और जान से मारने की धमकी देने, आंगनबाड़ी केन्द्र में नौकरी, भुगतान के संबंध में, महिला थाना में दिए गए आवेदन पर अग्रेत्तर कार्रवाई समेत सामाजिक विषयों पर ज्ञापन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

## शहीद रतिलाल महतो को झामुमो समेत विभिन्न दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद रतिलाल महतो स्मृति रक्षा समिति की ओर से गम्हरिया स्थित ऊपरबेड़ा मैदान में प्रसिद्ध मजदूर नेता रतिलाल महतो की 76वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर झामुमो समेत विभिन्न दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मैदान के समीप स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा तथा शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के अनुज भादव सोरेन, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो और गम्हरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई उपस्थित थे। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक सविता महतो, झामुमो नेता आस्तिक महतो, जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो, संतोष महतो, बीटी दास, अविनाश सोरेन, मोहन बास्के, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो, वीरेंद्रनाथ महतो, मनोदीप महतो, पिंटू महतो, संतोष टुडू आदि शामिल थे।

## पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड सभागार में शुक्रवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर में पंचायत के वार्ड सदस्य, जलसहिया, जेएसएलपीएस पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान शामिल हैं। इसका उद्घाटन अंचल अधिकारी सुषमा सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने-अपने पंचायत में बैसे योजनाओं का चयन करें, प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पंचायत व वार्ड में जाकर योजनाएं लेंगे। मास्टर ट्रेनर अमरजीत सिंह एवं विकास सोय ने पंचायत के विकास व उनकी भूमिका एवं ग्रामसभा की शक्तियों के बारे में जीपीएफटी के सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में रिसोर्स मैनेजर अखिलेश दुबे, मनरेगा लेखापाल कमल रजक, बुधू लायाय, विकास गोप आदि उपस्थित थे।

### वृद्धावस्था पेंशन के भुगतान में देरी को लेकर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा,

# केंद्र का अंशदान मिलने में विलंब होने से वृद्धावस्था का भुगतान में हो रही देरी

### राज्य सरकार जनवरी में दो माह की मंईयां सम्मान राशि का करेगी भुगतान : मंत्री

♦ सबर व बिरहोर समुदाय के बीच कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा अंतर्गत मुसाबनी प्रखंड की फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत के पाथरगोड़ा सबर और बिरहोर बहुल क्षेत्र में राज्य के स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कंबल का वितरण किया। इस अवसर उन्होंने कहा ठंड काफी बढ़ गई है।? इसके कारण किसी कमजोर तबके के लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच कंबल वितरण शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पंचायत के माध्यम से हर जरुरतमंद तक झारखंड सरकार कंबल वितरण करेगी। मंत्री ने कहा कुछ लोगों द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि वृद्धावस्था पेंशन की राशि को राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के काम में लगाई जा रही है जिसके कारण वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान रुका हुआ है। जबकि वास्तविकता यह है कि राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना का भुगतान बकाया नहीं है और मंईयां सम्मान योजना के लिए राज्य सरकार के पास पर्याप्त राशि है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के मामले में 60 और 40 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकार भुगतान करती है। मंत्री ने कहा कि केंद्र का अंशदान मिलने में विलंब होने के कारण वृद्धावस्था का भुगतान में देरी हो रही है। झारखंड वासियों का महान पर्व मकर संक्रांति व टुसु को देखते हुए राज्य सरकार इसपर विचार कर रही है।घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी ने मंत्री रामदास सोरेन का आभार जताते हुए कहा कि कल शाम को ही कंबल प्राप्त हुआ है और दूसरे ही दिन कंबल वितरण आरंभ करने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सुशील चंद्र, सीओ ऋषिकेश मरांडी, बीडीओ अदिति गुप्ता, मुखिया परमो बानरा, रामचंद्र मुर्मू, आदिम जनजाति कल्याण समिति की जिलाध्यक्ष रानी सबरीन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, वरिष्ठ नेता कान्हू सामंत, सोमाय सोरेन, गौरांग माहली, गणेश टुडू, धनंजय मार्डी, सुभाष मुर्मू, सोमाय टुडू, शेख मोहिद व कालिपद गोराई आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने योजना विपत्र राशि के भुगतान को लेकर उपायुक्त को लिखा पत्र

### बीडीओ पर भुगतान रोकने का आरोप लगाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** मुसाबनी प्रखंड में पंचायत समिति निधि से संचालित कई योजनाओं का भुगतान नहीं हुआ है। शुक्रवार को लाभुक समिति और मजदूरों ने प्रमुख रामदेव हेंब्रम से मिलकर भुगतान कराने की मांग रखी। पश्चिम मुसाबनी पंचायत की लाभुक समिति के अध्यक्ष श्याम महतो व सचिव शिवशंकर पातर ने बताया कि गिरीशडांगा पंचायत से अखाड़ा तक पीसीसी कार्य के भुगतान के लिये आवेदन देकर लगभग एक माह हो रहा है। लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बताया कि 5 नई और 1 पुरानी योजना के भुगतान के लिए आवेदन किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी हस्ताक्षर कर दिए हैं। भुगतान के लिए जिनका भी हस्ताक्षर होना है, सभी का हुआ है। परंतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किस कारण से भुगतान रोका जा रहा है समझ से परे है। उन्होंने कहा कि मुसाबनी प्रखंड आकांक्षी प्रखंड है अगर ऐसी परिस्थिति रहेगी तो विकास कार्य काफी प्रभावित हो जायेंगे। प्रमुख ने इससे संबंधित एक पत्र अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला और उपायुक्त को लिखकर भुगतान कराने की मांग की है।

## बेतहाशा ठंड से लोग परेशान, चौक चौराहों पर अलाव जलाने का कर रहे मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़, कुकड़ु प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र में बेतहाशा ठंड बढ़ने से लोग परेशान हैं। लोग कांपते कांपते आग के सामने बैठ रहे हैं। सरकार और विभाग द्वारा चौक चौराहों पर राहगीरों और भूले भटके लोगों के लिए अलावा जलाने का कहीं भी व्यवस्था नहीं किया गया है। ठंड से शाम ढलते ही बाजारों का रौनक फीका पड़ रहा है। बेतहाशा ठंड से लोग शाम ढलते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। मिलन चौक व्यवसायिक समिति के सचिव दिलीप कुमार दास ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए राहगीरों के लिए अलावा जलाने का व्यवस्था अंचल कार्यालय कि ओर से किया जाना चाहिए, ताकि राहगीरों और भीख मांगने वाले को ठंड से निजात मिल सके। हालांकि व्यवसायिक समिति मिलन चौक की ओर से जगह जगह अलाव जलाने का व्यवस्था दुकान खुला रहने तक किया गया है।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध नई चेतना के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** जेएसएलपीएस की ओर से शुक्रवार को खरसावां प्रखंड के बेगड़ा स्कूल मैदान में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से स्थानीय विधायक दशरथ गागराई महिला खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा सामाजिक बुराई है। राज्य सरकार की ओर से भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान फुटबॉल समेत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया. प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिला टीमों ने हिस्सा लिया. फुटबॉल प्रतियोगिता में डब्लूसीएलएफ जोरडीहा को हराकर डब्लूसीएलएफ सिमला की विजेता बनी. कब्बड्डी प्रतियोगिता में डब्लूसीएलएफ खरसावां को हरा कर डब्लूसीएलएफ हरिभंजा की टीम विजेता बनी. सभी को ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया गया. साथ ही बेस्ट गोल कीपर का पुरस्कार यमुना तांती, प्लेयर ऑफ दी मैच का पुरस्कार लक्ष्मी दिग्गी, तथा प्लेयर ऑफ दी सीरिज का पुरस्कार लक्ष्मी दिग्गी व बेबी उरांव को दिया गया। इस दौरान विधायक की धर्म पत्नी बासंती गागराई, मुखिया मंगल जामुदा, अनूप सिंहदेव, अजय सामड, जेएसएलपीएस की बीपीएम शुरु कुमारी समेत जेएसएलपीएस के महिलाएं मौजूद रही।

## पटमदा- बोड़ाम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मनाई जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को पटमदा के लावा स्थित निताई सिंह भवन परिसर में मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जयंती मनाई गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पटमदा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रसराज महतो, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह सदस्य शिवराम दास, शरत सिंह सरदार, आशुतोष सिंह सरदार, साहेब राम महतो, पूर्णचंद्र महतो, हाबूलाल महतो, पेलाराम सिंह, बिरिंची महतो, शशिभूषण सिंह, बदन कुमार महतो, निर्मल चंद्र सिंह, आशुतोष महतो, रजनीकांत महतो, महानंद दास व हरिपद माझी आदि ने मारांग गोमके की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। जबकि बोड़ाम हाट तोला मैदान में आंदोलनकारी मनबोध महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंचे आंदोलनकारियों ने मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा व शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर माझी बाबा बिंदा सोरेन, गौतम बोस, शिबू काली माइती, शरत महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## टाटा स्टील मानगो के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकता : सरयू राय

♦ सरयू राय मिले पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के साथ जमशेदपुर शहर की समस्याओं को लेकर बैठक की. बैठक का मुख्य मुद्दा मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा निष्पादन की समस्या था. विधायक श्री राय ने उपायुक्त से इस समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की और कहा कि इस बारे में मानगो की जनता का धैर्य टूटने की कगार पर पहुंच गया है. दो दिनों के भीतर अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मानगो की जनता सीधी कारवाई पर उतरने के लिए विवश हो जाएगी.सरयू राय ने उपायुक्त से कहा कि मानगो नगर निगम द्वारा प्रयास किए जाने के बावजूद रोज़ निकल रहे कचरा का पूरा उठाव नहीं हो पा रहा है. यही वजह है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह कचरा भरा पड़ा है. जिस तरह से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र का कचरा टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा है, उसी प्रकार मानगो नगर निगम का कचरा भी बारा कम्प्लेक्स में गिराया जाए. अब यह आप पर (उपायुक्त) है कि टाटा स्टील से वार्ता कर यह सुनिश्चित कराएं कि मानगो का कचरा भी वहीं गिरेगा, जहां जेएनएसी का कचरा गिर रहा है. श्री राय ने कहा कि टाटा स्टील मानगो के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकता. मानगो के साथ टाटा स्टील का अटूट संबंध है.

## गुड़ाबांदा में हाथियों का उत्पात जारी, किसान हताश, वन विभाग नाकाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। 30 दिसंबर की रात से हाथी गांवों में पंहुच रहे हैं। वन विभाग हाथियों को भगाने में नाकाम साबित हो रहा है। शाम ढलते ही हाथियों के डर से लोगों का निकलना बंद हो गया है। 2 जनवरी की रात को हाथियों का दल बालिजुड़ी पंचायत अंतर्गत लाड़काबासा टोला बुरुडीह निवासी मंटू मुंडा के घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। दो बकरी हाथियों के चपेट आकर मर गई। घर में रखे धान भी चट कर दिया।इधर बालिजुड़ी गांव के सुनील प्रधान के एक बीघा जमीन पर लगे आलू की



फसल को पैरों से रौंद कर हाथियों ने बर्बाद कर दिया। गांव के अन्य किसानों का फूलगोभी, टमाटर आदि फसल को भी नष्ट कर दिया। बुरुडीह टोला में हाथी के हमले से क्षतिग्रस्त घर के मालिक मंटू मुंडा को जिला पार्षद शिवनाथ मांडी ने शुक्रवार को तत्काल सहयोग के रूप में तिरपाल दिया। वनकर्मी अभिलाष महतो को जल्द क्षतिपूर्ति देने के लिए आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया. किसान चंडी चरण पैड़ा, ललित पंडा, शक्ति पद समेत अन्य किसानों ने वन विभाग से तत्काल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान करने की मांग की है.

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर यमराज ने दी चेतावनी, हेलमेट पहनने की अपील की

⇨ सड़क सुरक्षा माह- 2025

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक जिला में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए वाहन चालकों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया । इस अभियान के तहत जुबली पार्क के आसपास एवं शहर के सभी ट्रैफिक चेकिंग स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यमराज ने चेतावनी दी तथा सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा के महत्व को बताया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार, एमवीआई सूरज हेम्ब्रम ने अलग-अलग जांच स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को माला पहनाकर एवं गुलाब का फूल देकर शर्मिंदगी महसूस कराई। अभियान के दौरान यमराज के माध्यम से मैसेज देने का प्रयास किया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया या भारी वाहनों में सीटबेल्ट का प्रयोग, सड़क पर निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाने, ओवरलोड नहीं करने व यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान सिटी इन होटल, पारडीह व डिमना चौक के आसपास के क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

## टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविज़न की मेजबानी में 13वें वार्षिक पुष्प एवं सब्जी प्रदर्शनी का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/वेस्ट बोकारो :** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविज़न की मेजबानी में 3 जनवरी से 5 जनवरी, 2025 तक टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो में आयोजित 13वें वार्षिक पुष्प और सब्जी प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ।डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मेटेरियल्स, टाटा स्टील ने डी बी शैलजा, अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीज़न, टाटा स्टील, रश्मि दीक्षित, महेश प्रसाद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो और पी के सिंह, सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो, की



उपस्थिति में इस प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर, डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा, हमारे पूर्वजों ने मानव जीवन में प्रकृति के महत्व को समझा और टाटा स्टील उससे मिले सबक को आगे बढ़ा रही है। आज इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बात की, जिससे पता चलता है कि बच्चे इन मुद्दों के बारे में कितने जागरूक हैं। कार्यक्रम में विभिन्न खास क़िस्मों के पुष्प, सब्जियों और पौधों को प्रदर्शित किया गया है।

## खूंटी सांसद ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पिछड़े क्षेत्र की विकास को लेकर की वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मिले. उन्होंने फूलों का गुलदस्ता मुख्यमंत्री को सौंपते हुए, नववर्ष की शुभकामनाएं दी.सांसद ने मुख्यमंत्री से खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े इलाकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की. सांसद ने सीएम से कहा कि इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के पिछड़े इलाकों का विकास पर अत्यंत जरूरी है. सीएम ने सांसद को भरोसा दिया कि पिछड़े इलाकों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी. सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम से मुलाकात के दौरान खूंटी लोकसभा क्षेत्र की योजनाओं को स्वीकृति देने के लिए एक पत्र सौंपा, जिसमें रांची-सिमडेगा पथ पर स्थित उरमी से गोविंदपुर रेलवे स्टेशन भाया गोविंदपुर 15 किमी लंबी सड़क और कारो नदी पर पुल का निर्माण,एनएच 33 (रांची-जमशेदपुर सड़क) पर स्थित सलगाडीह से जामडी तक 16.2 किमी लंबी सड़क और राजा बाजार से लेबेद के बीच करकरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की योजनाएं शामिल हैं।

## जमशेदपुर एफसी का मुकाबला बेंगलुरू एफसी से आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी शनिवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में बेंगलुरू एफसी की मेजबानी करेगी.रेड माइनर्स (दो ड्रा और चार हार) बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले छह आईएसएल मुकाबलों में जीत नहीं पाए हैं और वे निराशाजनक सिलसिले को तोड़ना चाहेंगे। जमशेदपुर एफसी 12 मैचों में सात जीत और पांच हार से 21 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। वहीं, ब्लूज ने अपने



पिछले पांच लीग मैचों में तीन जीते हैं और एक ड्रा खेलकर निरंतरता दिखाई है। बेंगलुरू एफसी 13 मैचों में आठ जीत, तीन ड्रा और दो हार से 27 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है।जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने घरेलू मुकाबलों में अच्छा खेलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम घर और बाहर खेलने के लिए एक जैसी तैयारी करते हैं। हालांकि हमने घर पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि कल के मैच के बाद भी हमारा फॉर्म जारी रहे। ब्लूज के स्पेनिश हेड कोच जेराडे जारागोजा ने बेंगलुरू एफसी के आगामी मैच को लेकर कहा, योजना अपने स्टाइल की फुटबॉल खेलना जारी रखने की है। हम आक्रमण और बचाव दोनों में दबदबा बनाना चाहते हैं और हम पूरे तीन अंक जीतना चाहते हैं।

### आज के मुकाबले के लिए 16,000 टिकट बिके

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी 4 जनवरी को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मुकाबले में बेंगलुरू एफसी से भिड़ेगी. इस मैच के लिए अभी तक कुल 16,000 टिकट बिक चुके हैं। मेन ऑफ स्टील वर्तमान में आईएसएल तालिका में पांचवें स्थान पर हैं, अपनी जीत की राह जारी रखने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं. उनके सामने बेंगलुरू एफसी है, जो वर्तमान में दूसरे स्थान पर है और उनके पास भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ी हैं।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# ये आईने बदल दो

**हिमाचल** में सियासी और सामाजिक सोच की ठेकेदारी रुकनी चाहिए और इसके लिए राज्य के मजमून बदलने होंगे। सरकारी स्कूलों की असफलता के बावजूद, समाज विपक्ष के साथ उस बहस में क्यों शरीक हो, जहां पूरा सदन मुड़-मुड़ कर देखता है औचित्य के ठहराव पर भी ताकि निरर्थक मजमून चलते रहें। हमें दिल्ली जाना है तो निजी वाहन, टैक्सी या प्राइवेट वोल्वो पर एतबार करते हैं, लेकिन एचआरटीसी के घोषित घाटे के रूट चलते रहें। हमें एक ही विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन कालेज और दो-दो एसडीएम कार्यालय मिल जाएं, तो फर्क नहीं पड़ता। आश्चर्य यह कि मेडिकल कालेजों तक हमें भरोसा नहीं, फिर भी समाज को नए संस्थान चाहिएं। जो चाहिए, वो सोचा नहीं गया, क्योंकि हमारे विकास का कोई रोडमैप नहीं, बल्कि राजनीति और समाज केवल कव्वाली गा रहे हैं। सुर में सुर मिला रहे हैं। हमें लगता है जंगल पर बहस हो, लेकिन उसके माप दंड पर न हो। हमारे सामने सियासत जहां चाहती वहां वनापत्तियां मिट जातीं और जहां नहीं चाहती वहां श्मशान घाट पर भी जंगल का कब्जा रहता है। दुनिया का कोई दस्तूर बता दे कि मात्र तीस फीसदी जमीन के आधार पर किसी राज्य की महत्त्वाकांक्षा, उम्मीदें, सामाजिक पृष्ठभूमि, आर्थिक संतुलन, भविष्य की रूपरेखा, मानवीय जरूरतें और वांछित रोजगार कैसे पैदा होगा। हिमाचल का हर प्रगतिशील कदम जंगल में रुका है, लेकिन हाय! हम तो पर्यावरण हिमायती हैं और शौकिया तौर पर बुद्धिजीवी समाज इस तरफदारी में है कि चीड़ के पेड़ों को तसदीक करें। अभी शीतकालीन सत्र में कितने ही प्रश्न विधानसभा क्षेत्रों के आईने बदल रहे थे, लेकिन हमने वन के आगे हारती हिमाचल की तकदीर का हिसाब नहीं किया। बीज व खाद खरीदते किसी किसान से पूछना कि जंगल में खेत को बचाना कितना कठिन है। बंदर के लिए कितना आसान हो गया बस्ती में आकर रहना, क्योंकि जंगल सिर्फ आंकड़ों में बसता है। इस साल की ही रिपोर्ट देखें कि कितने किलोमीटर फैल गया और हर साल के वनमहोत्सव में कितने समारोह, किसान की आह नहीं सुन पाते। क्यों न जंगल यह प्रण ले कि उससे वन्य प्राणी भाग कर खेत नहीं उजाड़ेंगे। आश्चर्य यह कि बढ़ते दरख्तों के बीच यह हिम्मत नहीं कि शहरी बस्ती से किसी खतरनाक पेड़ को उखाड़ दें या बीच सडक़ पर वन विभाग घातक पेड़ को काट डाले। यह इसलिए कि हमारा समाज निजी उपलब्धियों के शोर में नहीं देख रहा कि पड़ोस की छत के नीचे सरक कर चिट्टा किसी युवक को डस रहा है। हमने समाज के रूप में नहीं सोचा कि हिमाचल की संपूर्णता में कौन सी परियोजनाएं, कौन से मंतव्य सबसे पहले पूरे होने चाहिएं। हमें तो यह भी चिंता नहीं कि हमारा इतिहास कहीं बिगड़ न जाए। हमारा विकास, हमारा आर्थिक आधार बने इसके लिए अनावश्यक व्यय को इतिश्री कहते हुए तमाम राज्य स्तरीय प्राथमिकताओं का ताज पहनना होगा। हम अगर करोड़ों के समारोह मनाते हुए यहां वहां सांस्कृतिक आयोजनों की गलियां विकसित कर रहे हैं, तो यह भी सोचें कि इससे हिमाचली कला, कलाकारों और हिमाचली भाषा को क्या मिला। आश्चर्य है कि पिछले एक साल में पंजाब के एक ही कलाकार ने पांच बार हिमाचल आकर सवा करोड़ का मेहनताना वसूल लिया, लेकिन इसके सामने क्या करनैल राणा, कुलदीप शर्मा या किसी अन्य हिमाचली गायक ने दस लाख भी कमाए।

सरकारी स्कूलों की असफलता के बावजूद, समाज विपक्ष के साथ उस बहस में क्यों शरीक हो, जहां पूरा सदन मुड़-मुड़ कर देखता है औचित्य के ठहराव पर भी ताकि निरर्थक मजमून चलते रहें। हमें दिल्ली जाना है तो निजी वाहन, टैक्सी या प्राइवेट वोल्वो पर एतबार करते हैं, लेकिन एचआरटीसी के घोषित घाटे के रूट चलते रहें। हमें एक ही विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन कालेज और दो-दो एसडीएम कार्यालय मिल जाएं, तो फर्क नहीं पड़ता। आश्चर्य यह कि मेडिकल कालेजों तक हमें भरोसा नहीं, फिर भी समाज को नए संस्थान चाहिएं। जो चाहिए, वो सोचा नहीं गया, क्योंकि हमारे विकास का कोई रोडमैप नहीं, बल्कि राजनीति और समाज केवल कव्वाली गा रहे हैं। सुर में सुर मिला रहे हैं। हमें लगता है जंगल पर बहस हो, लेकिन उसके माप दंड पर न हो। हमारे सामने सियासत जहां चाहती वहां वनापत्तियां मिट जातीं और जहां नहीं चाहती वहां श्मशान घाट पर भी जंगल का कब्जा रहता है। दुनिया का कोई दस्तूर बता दे कि मात्र तीस फीसदी जमीन के आधार पर किसी राज्य की महत्त्वाकांक्षा, उम्मीदें, सामाजिक पृष्ठभूमि, आर्थिक संतुलन, भविष्य की रूपरेखा, मानवीय जरूरतें और वांछित रोजगार कैसे पैदा होगा।

विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही

# और सरल कर व्यवस्था जरूरी

डा. जयंती लाल भंडारी

**यद्यपि** सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। हाल ही में 21 दिसंबर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण व राहत संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए यह कहा गया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर मुक्त किया गया है। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त 2024 में आयकर अधिनियम सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वीके गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है। यह समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं



उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से 25 सितंबर 2020 से पूरे देशभर में लागू करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था और वर्ष 2019 में लागू करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढक़र 10.45 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लगने वाले 17 केंद्रीय और राज्य स्तरीय टैक्स के साथ-साथ करीब 23 अलग-अलग तरह के उपकरों को समाहित किया गया है। जीएसटी विनिर्माताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढक़र 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुट्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर और जीएसटी के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है। लेकिन अभी भी इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत में कर से जीडीपी अनुपात 11.7 फीसदी के स्तर पर ही पहुंचने का अनुमान है, जो कि दुनिया के कई विकासशील देशों में यह अनुपात भारत से अधिक है। ऐसे में देश में आयकर और जीएसटी के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी। ऐसे में यह उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित की गई वीके गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके।

ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा।

दृष्टि कोण

# चिट्टे से बचा लो अपनी नस्लों को

**सर** मुझे छुट्टी चाहिए, मेरे पड़ोस में एक जवान लडक़े की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हो गई है। एक ही एक बच्चा था अपने मां-बाप के। हमारे बच्चे बचपन में उसके साथ खेलते थे, बचपन में मैंने उसे मां की तरह पाला है। इस चिट्टे ने बर्बाद कर दिया।' कहते-कहते महिला जोर-जोर से रोने लगी और फोन बंद कर दिया। 'इस चिट्टे का बेड़ा गर्क हो, चिट्टे के सप्लायर्स को फांसी होनी चाहिए', ऐसी अनेक बातें आज हर रोज समाज में सुनने को मिल रही हैं। हर रोज चिट्टे की ओवरडोज, चिट्टे का कारोबार, पुलिस ने पकड़ा चिट्टा, चिट्टे से जान गई जैसे समाचार टीवी चैनल, समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया की सुर्खियों में हैं। चारों ओर भय और दहशत का वातावरण है। न जाने कौन, कहां और कब चिट्टे की चपेट में आकर मौत के मुंह में चला जाए। वैसे तो चिराग जलने से आग लगती है, लेकिन चिट्टे के मामले में घर का चिराग बुझने से आग लगती है। यह उस मां या बाप की सिसकियों से जाना जा सकता है जिसका बेटा चिट्टे की आग में जल चुका हो। मशहूर शायर राहत इंदौरी का शे'र याद आ रहा है, 'लगेगी आग तो आएंगे घर की जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।' चिट्टे की आग आज समाज में विकराल रूप ले चुकी है। हमारे आसपास ही चिट्टे से हो रही अप्रत्याशित मौतों के बारे में सुनने को मिलता है। चिट्टे का दंश झेलने वाले माता-पिता तथा अभिभावक सिसकारियां भरते नजर आते हैं। यह हर घर, गांव और समाज की कहानी है। नशे के सौदागरों को न तो व्यवस्था का खौफ है, न परमात्मा का डर। समझ नहीं आता जिंदगी न दे सकने वालों को मौत देने का अधिकार किसने दे रखा है? ये लोग कौन हैं? मशहूर शायर बशीर बद्र ने कहा, 'फाक्ता की मजबूरी ये भी नहीं कह सकती, कौन सांप रखता है उसके आशियाने में।' नशे के खिलाफ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं। पुलिस प्रशासन चिट्टे के कारोबारियों, सामाजिक, प्रशासनिक तथा राजनीतिक पेचीदगियों से परेशान है। जनता खामोशी से बर्बादी का आलम देख रही है। समाज में नशे से आग लगाने वालों को क्या खबर कि अगर हवाओं ने रुख बदल लिए, तो खाक वो भी होंगे। नशे के अनेकों चेहरे हैं- सिगरेट, शराब, भांग, सुल्फा, भुक्की, चरस, गांजा, अफीम तथा हेरोइन, लेकिन वर्तमान में चिट्टा महादानव बन कर सामने आया है। आज की तारीख में चिट्टे का सौदागर मजबूत और समाज मजबूर हो चुका है। चिट्टे के ओवरडोज के कारण हुई मौतों के अनेकों मामले हमारे सामने आते हैं, लेकिन बहुत कम मामले पुलिस रिकार्ड में दर्ज हो जाते हैं। ऐसे अनेकों मामलों में लोग बदनामी, पुलिस, कोर्ट तथा कचहरियों के चक्कर में परेशानी से बचने के लिए ऐसा करते हैं, जबकि ऐसा छुपाना गैर कानूनी भी है। चिट्टे तथा अन्य नशों के ओवरडोज की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाना चाहिए। परिजनों को ऐसे नशों के आदी व्यक्तियों की नियमित जांच करवाकर उनकी नशामुक्ति का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान में नशे की वजह से कई परिवारों को बर्बाद होते हुए देखा जा सकता है। बहुत ही चिंतनीय है कि अब शहरों के तथा गांवों के सामान्य परिवारों के साथ दूरदराज तथा जनजातीय क्षेत्रों में भी यह धंधा पांव पसार चुका है। अब तो गांव तथा शहरों में लड़कियों को भी सरेआम शान से सिगरेट, बियर और शराब पीते हुए देखा जा सकता है। लैंगिक समानता, आधुनिकता तथा स्वतंत्रता की दुहाई देने वाली इन पथभ्रष्ट लड़कियों को यह मालूम नहीं होता कि वे धीरे-धीरे व्यक्तिगत, पारिवारिक तथा सामाजिक बर्बादी के गर्त में जा रही हैं। समाज में अनेकों माता-पिता तथा अभिभावकों को नशे के गर्त में जा चुके इन बच्चों के कारण दुःखी तथा परेशानी में देखा जा सकता है। नशे की तस्करी, धंधा तथा लोगों को इसका सेवन करने के लिए बाध्य करना नैतिक, सामाजिक तथा कानूनी दृष्टि से अवैध एवं अमान्य है। कुछ पथभ्रष्ट तथा चंद रुपयों के लिए ऐसे धंधों में शामिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे नशा तस्करों को किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जा सकता।

कुछ अलग

# गाय से गोबर प्यारा

**पहली** बार गाय को अपने गोबर पर गर्व महसूस हुआ। उसे यकीन नहीं हुआ कि एक दिन वह अपने दम पर इसे बेच पाएगी। गाय को अपने दूध का एहसास है, लेकिन इसके कारण उसके बछड़े आवारा हो गए। बिके हुए दूध का क्रेडिट नामी कंपनियां ले गईं या पशुपालन मंत्रियों के आंकड़ों ने इसे कहीं का नहीं छोड़ा। दरअसल देश के दूध ने गाय को भी अवारा बना दिया। खैर अब गोबर की वजह से इसे फिर से मुख्यधारा में आना पड़ा। इधर गोबर को भी पहली बार मालूम हुआ कि उसका भी आत्मसम्मान है। वैसे आत्मसम्मान का ताल्लुक अब बिकने से है। आज की राजनीति में जो नेता गोबर की तरह बिक रहे हैं, कितने आत्मसम्मानी हैं। यही वजह है कि अब कई राज्य सरकारें गोबर बेचने के धंधे से अपने आत्मसम्मान के घाटे को पूरा कर रही हैं। बेचा तो सरकारों ने सब कुछ, मगर गोबर ने अपनी क्षमता और संभावना के दम पर सरकारों की छाती चौड़ी कर दी। गोबर को मिली इज्जत से सारा आवारा गोवंश और खास तौर पर सांड भी खुश हैं। वे भी नाकारा होते हुए काम के हो गए। हर हलके के विधायक को कहने को आसपास ही इतना गोबर तो मिल गया कि बता सके कि उसकी सरकार की वजह से कितना उत्पादन बढ़ गया है। अचानक अपनी तहजीब बदल कर गोबर शालीन हो गया। अब नागरिक समाज माइंड नहीं करता कि उसकी गली या बस्ती में कब कोई आवारा पशु गोबर कर गया। वह हर जगह पड़े गोबर से देश के भविष्य की आशा करने लगा है। अब सडक़ पर लोग आवारा पशु नहीं, बल्कि गोबर के ढेर खोज रहे थे कि अचानक एक दिन आवारा सांड के मन में आत्म विश्वास जाग गया। उसने तय किया कि इससे पहले कि जीवन ही असफल हो जाए, क्यों न ज्यादा से ज्यादा गोबर पैदा करके सरकार की मंशा को पूरा किया जाए। सामने कृषि विभाग का प्रदर्शनी खेत था। वर्षों से विभाग उत्तम बीज की आशा में गेहूं उगाने की मेहनत कर रहा था कि आवारा सांड ने आदतन पूरी खेती की हजामत कर दी। गनीमत यह रही कि सरकारी खेत का खाया आवारा सांड ने गोबर बना कर उसे ही लौटा दिया, वरना विभाग क्या बेच पाता। विभाग को यह मॉडल पसंद आया। अब विभाग को यह भरोसा है कि भले ही उत्तम बीज न उगा पाए, लेकिन गोबर पैदा करने में उसका योगदान देखा जाएगा। गोबर नवाचार से प्रोत्साहित कृषि, बागबानी, पशुपालन तथा ग्रामीण विकास आदि विभागों ने अपने सारे शोध और विकल्पों से गोबर की पैदावार बढ़ा दी। इस तरह सरकार का पैसा गोबर के रूप में सरकार को वापस मिल जाएगा, यह विचार विमर्श करके कृषि विश्वविद्यालय ने भी गोबर के उत्पादन की हामी भर दी। गोबर खरीद का एक तरह से राष्ट्रीयकरण हो गया। पहली प्राथमिकता सरकारी गोबर को मिली। लक्ष्य बड़ा था, तो कई अन्य विभाग भी इसी अभियान में जुट गए। हर सरकारी स्कूल में घटती छात्रों की संख्या की क्षतिपूर्ति वहां गोबर देती आवारा गउओं ने पूरी कर दी। सरकारी अस्पतालों से मरीज निजी में क्या गए, डाक्टरों ने गायों की देखभाल से गोबर पैदा करना शुरू कर दिया। उधर प्रशासन को प्रशासनिक तौर पर आवारा पशुओं पर एकाधिकार मिल गया। यही वजह है कि अब प्रशासन अपने ब्रांडेड गोबर का धंधा करने लगा। बाकायदा डीसी गोबर, एसडीएम गोबर, पीडब्ल्यूडी गोबर, आईपीएच गोबर ही नहीं, बल्कि आबकारी एवं कराधान जैसे विभाग भी सरकार की आमदनी बढ़ाने के लिए गोबर बेचने लगे।

देश दुनीया से

# साझी विरासत को सम्मान देती सोच से लें सीख

**डॉक्टर** मनमोहन सिंह के निधन के बाद के कुछ घंटों में, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के लेख और साथी पत्रकार प्रदीप मैगजीन की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विचार व्यक्त किए हैं कि किसलिए मीडिया के एक हिस्से ने 2014 में गैर-जिम्मेदाराना हरकतों को अपनाया था– जब वह उनके प्रधानमंत्रित्व काल के अंतिम महीनों में भले मानस डॉक्टर साहिब के पीछे बेहद अजीब तरीके से पड़ गया था। एक्स प्लेटफार्म पर आई मैगजीन की बहुत सटीक टिप्पणी, काफी कुछ कह गई : 'वह भयानक अहसास : भारत को मनमोहन सिंह को बदनाम करने के अपराध बोध के साथ जीना होगा'। हममें से जिन लोगों ने 2012-2014 के बीच इस निष्ठुर कथानक को घटते देखा होगा, इसकी आलोचना न करने के कारण इस बदनामी अभियान के भागीदार रहे, इस बारे में कोई मुगालता न रहे। हमने भवन को टुकड़े-दर-टुकड़े भरभराते देखा। हमने देखा कि कैसे राहुल गांधी ने 2013 में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में उस अध्यादेश को फाड़ दिया था, जिसे मनमोहन सिंह दोषी राजनेताओं को अस्थायी संरक्षण देने के लिए सदन में पास करवाना चाह रहे थे –यह तब हुआ जब भाजपा पहले से डॉ. सिंह पर गांधी परिवार की 'कठपुतली' होने का इल्जाम लगाती आई थी। हमने देखा कि भाजपा ने उसके बाद वाले शीतकालीन संसद सत्र में कामकाज चलने नहीं दिया था और भाजपा नेता अरुण जेटली ने आक्रामक रूप से सदन ठप करने के लिए अपनी पार्टी का बचाव किया। इससे पहले 2008 में, प्रेस गैलरी से हमने देखा था कि कैसे भाजपा ने संसद में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के पक्ष में प्रधानमंत्री को बोलने नहीं दिया और सदन उस वक्त लगभग ठप हो गया था जब कथित तौर पर सांसदों को एकतरफा वोट देने के एवज में दी गयी नकदी बरामद हुई। बेशक यूपीए के पास संख्या बल था, इसलिए मतदान में जीत मिली- और जॉर्ज बुश के साथ परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सीपीआई(एम) के प्रकाश करात सहित अधिकांश लोगों ने यह समझने की बिल्कुल भी जहमत नहीं उठाई कि परमाणु समझौता वास्तव में है क्या – यह किसी विदेशी शक्ति के अधीन काम करने के बारे में कभी भी नहीं था, बल्कि वैश्विक जिम्मेदारी की पुनः पुष्टि को लेकर था, यह भी कि इससे अमेरिका के साथ रिश्ते सहज होने से विदेशी निवेश के दरवाजे खुलेंगे, जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी, ताकि वह अपना भाग्य फिर से गढ़ सके। चीनी नेता देंग का वह पसंदीदा नारा याद कीजिये? 'जब तक बिल्ली चूहे पकड़ने लायक है, तब तक आप यह नहीं पूछते कि वह काली है या सफेद'? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और राष्ट्रवादी निश्चित रूप से पश्चिमी देशों के साथ साझेदारी बनाने में चीन की जरूरत का जिक्र कर रहे थे, क्योंकि विदेशियों के पास चीन में निवेश करने की क्षमता थी। अगर चीन अपने वैचारिक दुश्मन को गले लगाने की आवश्यकता समझ सका, तो प्रकाश करात क्यों नहीं? डॉ. मनमोहन सिंह को यह सवाल पूछना चाहिए था – या कम से कम तब पीएमओ में राज्य मंत्री और उनके आंख-कान रहे पृथ्वीराज चव्हाण को अक्सर यह प्रश्न उठाना चाहिए था। मनमोहन सिंह को यह भी पता था कि अमेरिका के साथ भारत की दोस्ती बनने से चीनियों को परेशानी होगी, हो सकता है इसके मद्देनज़र वे भारत के साथ अधिक नरम रुख रखने को लिए राज़ी हों। और ऐसा हुआ भी, जब 2005 में, भारत और चीन ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए वार्ता शुरू की – हालांकि बाद में चीन पीछे हट गया, जब उसने देखा कि भारत दुनिया से अलग-थलग और कमजोर पड़ रहा है, लेकिन यह बाद में हुआ। दुखद यह कि सीताराम येचुरी, जिन्होंने भारत-अमेरिका समझौते को घरेलू राजनीति से जोड़ने के सीपीएम के फैसले का खुलकर विरोध किया था, उन्हें उनकी अपनी पार्टी ने ही खारिज कर दिया। येचुरी हार गए, करात जीत गए और यूपीए के पैरों तले से जमीन खिसका दी। विडंबना यह है कि कुछ साल बाद, प्रकाश करात के कट्टर सहयोगी पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली केरल की वामपंथी सरकार ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में 'मसाला बॉन्ड' का समर्थन किया, जिसके जरिये केरल के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में नई पहल के वास्ते पूंजी जुटाई गई, और जिससे राज्य की सूरत बदल दी। केरल को छोड़कर, देश के बाकी हिस्सों से सीपीएम साफ हो गई। समय की मांग के साथ आगे बढ़ने की जरूरत का मनमोहन सिंह का मंत्र पूरे भारत में गूंजा – इसने वामपंथियों को व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया और भारतीय उद्यमियों की 'जिंदादिली' की प्रवृत्ति को बंधन मुक्त करते हुए उन्हें देश की भौगोलिक सीमा से परे की दुनिया में नई साहसिक छलांगें लगाने का मौका दिया, यह वो था जिसकी कल्पना 1947 में परिवार के साथ रेडक्लिफ सीमा पार कर भारत में आते वक्त खुद डॉ. सिंह ने भी नहीं की होगी। बारिश से भीगते सप्ताहांत में डॉ. सिंह का निधन हमें दो 'कल्पनाएं' करने का अवसर प्रदान करता है। पहली, जरा सोचकर देखें, यदि मनमोहन सिंह चीनियों के साथ सीमा समाधान निकालने में समर्थ होते। गलवान प्रसंग न घटता, तब चार साल तक चीनी आपकी सीमा पर बैठकर आपकी ओर न देखते। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति स्थापित हो चुकी होती। इसके अलावा, यह कल्पना भी करें कि अगर मनमोहन सिंह 2008 में अपने जन्मस्थान गाह के दौरे कर जाते। तो पाकिस्तान के साथ भी चीजें अच्छी चल रही होतीं। कुछ समय के लिए दोस्ती की ब्यार चली भी, जब 2005 में मुशर्रफ एक क्रिकेट मैच देखने के लिए दिल्ली आए और उन्होंने मनमोहन सिंह को वापसी यात्रा पर आमंत्रित किया था। इस बीच डॉ.सिंह ने सियाचिन का एक संक्षिप्त दौरा किया था और एनजे 9842 नामक जगह पर समाप्त होने वाले ग्लेशियर का जिक्र करते हुए -जिसकी उंचाई का फायदा उठाने की चाहत भारत और पाकिस्तान दोनों को थी -उसे एक 'शांति कुंज' में बदलने की तमन्ना व्यक्त की। मनमोहन सिंह कश्मीर की एक दिन की यात्रा पर भी गए थे, वहां तमाम किस्म के भारतीयों से संवाद करने और वार्ता प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए 8 गोलमेज वार्ताएं हुईं- इनमें राजनीति विषय वाली बैठक की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने की थी।



आप का नजरीया

# भाजपा-कांग्रेस बनाम केजरीवाल

**कांग्रेस** नेता एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' और 'फर्जीवाल' करार दिया है और उनकी राजनीति से सचेत रहने को आगाह किया है। पलटवार में केजरीवाल ने कांग्रेस को अल्टीमेटम का जो वक्त दिया था, वह समाप्त हो चुका है। केजरीवाल ने अपनी धमकी के मुताबिक न तो 'इंडिया' गठबंधन को कांग्रेस को निकाल बाहर करने का आग्रह किया है और न ही ऐसा आग्रह स्वीकार करना संभव है। कांग्रेस ने अपने नेता के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के खिलाफ जो शिकायतनामा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दिया था, उस पर पुलिसिया जांच के आदेश दे दिए गए हैं। परोक्ष रूप से लगता है कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी यही आरोप लगाया था कि चुनावों के मद्देनजर भाजपा-कांग्रेस में सांठगांठ है। यह कुछ सच भी लग रहा है। भाजपा-कांग्रेस की एक साथ राजनीति बेहद चौंकाती है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय 'नफरती दुश्मन' अधिक हैं। आज से छह माह पूर्व, जून-2024 के आम चुनाव तक, कांग्रेस और 'आप' सहोदरी गठबंधन में थे और मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। यह दीगर है कि दिल्ली में भाजपा ने इस गठबंधन को सातों संसदीय सीटों पर चित कर दिया था। उसके बाद कांग्रेस-आप का गठबंधन जिस तरह दोफाड़ हुआ है, उससे सवाल उठते हैं कि क्या 'इंडिया' का अस्तित्व अब भी जिंदा है? क्या 'इंडिया' एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या 'इंडिया' धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ 'आप' के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन में ही 'महिला सम्मान योजना' के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। 'संजीवनी योजना' के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है? यदि यह अपराध जांच के काबिल है, तो चुनाव से पहले ऐसी तमाम घोषणाओं के लिए लोगों के पंजीकरण भी अपराध हैं। ऐसी कवायद केंद्र सरकार के स्तर पर भी की जाती रही है। कांग्रेस और भाजपा के स्तर पर नकदी ही नहीं, 'रेवडियां' भी बांटी जा रही हैं, यह आर्थिक अपराध की जांच का आधार क्यों नहीं है? चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानी, भ्रष्टाचार, विकास आदि की चर्चा दूर-दूर तक नहीं है। 'मुफ्तखोरी' का शोर बहुत गूंज रहा है।

# औद्योगिक नगरी की दर्द भरी दास्तान, कब तक जायेगी बेकसूरों की जान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कथित औद्योगिक नगरी, चतरा जिला का टंडवा प्रखंड पिछले एक दशक में लगभग डेढ़ हजार विस्थापित- प्रभावित परिवारों की मौत किश्तों में सड़क दुघर्टना के दरम्यान होने का दावा किया जाता है। परियोजना क्षेत्र से 20-30 किलोमीटर के दायरे में औसतन प्रतिमाह 10 मौत होता है, जबकि इसका ठोस आंकड़ा कहीं नहीं मिलता।कोयले के उड़ते धूल और धूंआ से भरे जहरीले वातावरण स्थानीय लोगों के भविष्य और जिंदगी को दिन ब दिन निगल हीं रहा है। हर रोज यहां दम तोड़ता है लॉ एंड ऑर्डर। परिवहन विभाग के निर्धारित नियमों -कानूनों और विभागीय आदेशों की अवहेलना का पूरे विस्तार में एक दशक का दास्तान। संभवतः शब्द हीं कम पड़ जायें। ओवरलोड़ और ओवरस्पीड सड़क दुर्घटनाओं में मौत के बड़े कारणों में से एक हैं। हाल के दो तथ्य आपको स्थितियों को समझने के लिए प्रासंगिक हैं। आम्रपाली परियोजना महाप्रबंधक कार्यालय से दिनांक 7 जुलाई 2024 को जारी पत्रांक 393 में डीएमओ चालान शायं 6 बजे के बाद हीं देने के साथ नो इंट्री समाप्ति से पहले कोल वाहनों को परियोजना से बाहर नहीं निकलने का सख्त निर्देश जिला प्रशासन के हवाले से दिया गया। वहीं आमजनों के बहुप्रतीक्षित मांगों पर अनुमंडल दंडाधिकारी सिमरिया के ज्ञापांक 1092 दिनांक 18 दिसंबर 2024 को जिला मुख्यालय के निर्देशानुसार सीआइएसएफ कैंप तथा सीएचपी मोड़ बिलारी में प्रातः 7 से 10 तथा 2 बजे से शाम 6 बजे तक महज प्रयोग के तौर पर नो इंट्री लगाया गया। स्मरण हो कि इस प्रतिबंधित समय के दौरान हीं उड़सू के समीप 23 दिसंबर को ओएसएल नामक कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के एक हाईवा वाहन ने प्रखंड क्षेत्र के तेलियाडीह गांव निवासी गोपाल साहू को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। जबकि चार दिन पूर्व टंडवा-पिपरवार सड़क से राख ढुलाई में लगे फरार वाहन दोपहिया पर सवार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीन व्यक्ति मौत को मात देने में सफल तो हुवे पर, उन्हें शारीरिक , आर्थिक और मानसिक क्षति, जिंदगी भर की टीस दे गया। हालांकि , टंडवा के लिए तो ये रोज-रोज की दास्तान है।सवाल उठता है कि प्रयोग के तौर पर लगाये गये *नो इंट्री* को विफल करने की क्या कहीं से कोई गहरी योजना है! अगर नहीं तो फिर प्रतिबंधित समय में हीं उक्त दोनों हादसे कैसे भारी वाहनों से हीं हुवे? फिर भी उसके ऊपर मौत का मोलभाव असम्मान मुआवजे में हीं सिमटकर रह गई है। भारी वाहनों द्वारा सड़क हादसे को अंजाम देने से मौत के बाद घंटों मुआवजे की मांग को लेकर मशक्कत और घंटों मोलभाव करने वालों की घिनौनी फितरत कोई नई बात नहीं है। बताया जाता है कि कटौती से बचत होने वाले रकम से कफ़न के सौदेबाज बिचौलिये घरों के चूल्हे जलाते हैं और इसपर पकी रोटियां मौज से खाते हैं। अनैतिक और असमान मुआवजा वितरण पर पिछले दिनों लोकसभा के सदन में चतरा सांसद के गूंज आपने भी सुना हीं होगा। पर, फिर वही बात एक दशक से लाचार सिस्टम के बीच आर्तनाद। स्लो मोशन में कोयले का धूल और धूंऐं का पॉल्यूशन विस्थापित - प्रभावित परिवारों को निगल रहा।

## शिक्षा विभाग के बीईईओ के मनमानी से नहीं हो सका अध्यक्ष सचिव के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा, उत्क्रमित कन्या विद्यालय सलगा, मध्य विद्यालय गिद्धौर के अध्यक्ष सचिन एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के संयोजीका के साथ बैठक करनी थी। परंतु बिईईओ कानन पत्र के मनमानी रवैया के वजह से बैठक नहीं हो सका। बैठक के लिए चिट्ठी बनाई गई थी। जिसमें प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी गिद्धौर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गिद्धौर सहायक प्रबंधक एसएफसी गिद्धौर को आमंत्रित किया गया था।परंतु प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को इस बात की जानकारी तक नहीं दी गई थी। और बैठक के लिए बिईओ ने अपने पदाधिकारी बीपीओ नीरज कुमार को बैठक के लिए भेज दिया। जिसके वजह से बैठक नहीं हो सका। जबकि सलगा विद्यालय से प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी अध्यक्ष गायत्री देवी संयोजीका रेखा देवी मध्य विद्यालय गिद्धौर से प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय संयोजीका ललिता देवी बैठक के लिए उपस्थित हुई थी।इस तरह की मनमानी रवैया से शिक्षा विभाग में खूब लुट पर छूट मची हुई है। देखना यह होगा कि क्या उच्च अधिकारी इसका जांच करते हैं। या फिर इसी प्रकार की मनमानी रवैया चलता रहेगा।

## आदिम जनजाति बैगा बिरहोर के बीच बीडीओ ने किया कंबल वितरण



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बीडीओअभिषेक पांडेय ने पंचायत के कई मुखिया के साथ संबंधित पंचायत के उन गांवो का दौरा किया जहां पर आदिम जनजाति निवास करते है। गांव में जाकर श्री पांडेय ने आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों के बीच कंबल का वितरण किया। कहा कि सरकार आप लोगो को ठंढ से बचाने के साथ आप लोगो के विकास व उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उन कार्यक्रम को सरकार आपके पास लाकर आप, आपके परिवार व आपके बच्चों का विकास करना चाहती है।श्री पांडेय ने साफ सफाई व बच्चों को पढाने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

## बारीसाखी पंचायत व मझगांवा पंचायत भवन में किया गया कंबल का वितरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत व मझगांवा पंचायत भवन में शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित बारीसाखी पंचायत मुखिया सुमीरा कुमारी मंझगावा पंचायत मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से किया।जहां बारीसाखी वृद्ध महिलाओं को 33 व पुरूष को 22 कंबल दिया गया। मझगांवा पंचायत वृद्ध महिलाओं को 47 व पुरुष को 38 कंबल दिया गया। पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने बताए कि ठंड को देखते हुए वृद्ध महिला या पुरुष को बचने में आसानी होगी और ठंड से बचा जा सकेगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मंझगांवा पंचायत के सम्मानित व्यक्ति विक्रम सिंह एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने नवादा पंचायत मुखिया के समक्ष सिंदरी से चिलोई तक पक्की सड़क बनाने की रखी मांग

### पगडंडियों के सहारे पहुंचते हैं पंचायत मुख्यालय ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण करने का मांग किया है 7 खुटवलिया, सिंदरी, कोयता, उलवार, रजवार, टटेज, इचाक, रगनीतरी, समेत अन्य गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग पंचायत क्षेत्र के मुखिया भरत यादव के पास रखी है।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं रहने के कारण पहुंचने के लिए दूसरे मार्ग होते हुए नवादा पंचायत मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है जो लगभग 30 किलोमीटर के आसपास है जबकि उक्त सड़क यदि बन जाती है तो पंचायत मुख्यालय की दूरी मात्र 5 से 10 किलोमीटर के आसपास होगा।वहीं जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए उक्त गांव के लोगों को लगभग 20 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, इसके साथ ही शाहपुर, मेदवाडीह, इचातु समेत अन्य कई गांवों को भी जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।मुखिया भरत यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताया है उनका कहना है कि इन ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए आजादी के बाद से अब तक पक्की सड़क नसीब नहीं हुआ जिसके कारण इन सभी ग्रामीणों को विषम परिस्थितियों में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।मुखिया ने कहा है की वर्तमान सांसद व विधायक के साथ -साथ चतरा उपायुक्त समक्ष उक्त समस्या को रखकर समाधान करने का पहल किया जाएगा।

## मुआवजा को लेकर रैयतों के साथ की गई वार्ता

## रैयतों ने अधिक मुआवजा को लेकर पदाधिकारियों से की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में एनएच 522 फोरलेन बाईपास सड़क का मुआवजा राशि बढ़ाने को लेकर प्रभावित रैयतों और जनप्रतिनिधियों के साथ अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने बैठक की।बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख रोहन साहू और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे। वार्ता में एनएच 522 फोरलेन बाईपास सड़क बनाई जा रही है ।जिसमें ग्रामीणों का कई एकड़ निजी भूमि उक्त सड़क में लिया जा रहा है। उक्त भूमि का मुआवजा राशि विभाग द्वारा कम दिया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने उक्त सड़क का विरोध जताया था। इसी को लेकर अंचलाधिकारी ने प्रभावित रैयतों के साथ बैठक कर मामला को हल करने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे लिए जा रहे भूमि के बदले कम राशि मुआवजे के रूप में दिया जा रहा है।कम राशि हम लोग नहीं लेंगे। ग्रामीणों का आक्रोश और मांग को देखते हुए अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की मांगों को हम वरीय पदाधिकारी एसडीओ सन्नी राज और उपायुक्त रमेश घोलप को आपकी मांगो पर विचार करने का आग्रह करूंगा। और अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने का आग्रह करूंगा। इधर ग्रामीणों की मुआवजा राशि की मांग को लेकर अंचलाधिकारी गौरव कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग को देखते हुए उच्चस्तरीय अधिकारियों से वार्ता की जा रही है।जो प्रभावित ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिलाया जा सके। मौके पर दर्जनों प्रभावित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं गन्यमान्य बुद्धिजीवी लोग शामिल थे।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 01जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक पूरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी के आलोक में जिले में भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा जागरूकता रथ को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम - घूम कर आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। इसके अलावे जिले भर में व्यापक जांच अभियान, ड्रिंक एंड ड्राइव, विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे है। हरि झंडी दिखाने के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, रोड सेफ्टी मैनेजर अमित कंसल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र क़ुबा मिनी हरिजन टोला की सहायिका पद पर चयन को लेकर सीडीपीओ साबिता सिंह पहुंची पत्थलगड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत के कुबा गांव में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र क़ुबा मिनी हरिजन टोला की सहायिका पद पर चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से इटखोरी सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ सबिता सिंह, महिला पर्यवेक्षिका संगीता दास, सेविका विनीता देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालचन्द राणा के अलावे पोषक क्षेत्र व गांव के ग्रामीण मौजूद थे, इस ग्राम सभा के माध्यम से सीडीपीओ सबिता सिंह ने विभागीय प्रक्रिया के तहत आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन प्रक्रिया आरंभ किया, जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका पद को लेकर क़ुब्बा गांव में उर्मिला देवी, सीमा कुमारी, कंचन देवी व लीला कुमारी कुल चार उम्मीदवारों ने अपना-अपना योग्यता प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र जमा किया, जिसमें पोषक क्षेत्र में लाभान्वितों में बहुलता से आने वाली एससी कोटे से उर्मिला देवी पति संतोष राम को योग्यता के आधार पर चयन किया गया।

## मनरेगा योजना संबंधित प्रखंड विकास अधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** बुधवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ कलींदर साहू ने सभी पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों के साथ समिक्षा बैठक की किया। बैठक की अध्यक्षता कलिंदर साहू ने किया। श्री साहू ने कहा कि मनरेगा द्वारा संचालित योजना बिरसा कूप, आम बागवानी, खेल मैदान, अन्य सभी पंचायत में संचालित पुराने योजनाओं का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया।मौके पर बीपीओ राजेश्वर कुमार पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, मोहम्मद असलम, सुरेश साहू,जई मनोज कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राजन कुमार, रोजगार सेवक टेकनरायण राम,जितेंद सिंह, पुनकेश सिंह,अन्य प्रखणड व मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई।बैठक में समिति द्वारा कुल 69 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 69 में से 61 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत,सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी,अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## जंगली भेड़िया के काटने से वृद्ध घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग पंचायत स्थित पकरी ग्राम में शुक्रवार को जंगली भेड़िए के काटने से एक 70 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र परहिया 70 वर्ष पिता कैला परहिया ग्राम पकरी थाना बालूमाथ निवासी जंगल में मवेशियों के लिए पत्ता लाने गया हुआ था। जहां एक जंगली भेड़िए ने उसे पर हमला बोल दिया। जिससे रामचंद्र परहिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा रामचंद्र परहिया का प्राथमिक इलाज किया गया।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवम पुलिस उपाधिक्षक संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन शुक्रवार को शहर में जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान चलाकर गांधीगीरी के तर्ज पर दो पहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चालकों को फुल की माला पहना कर उन्हें यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। साथ ही वैसे वाहन चालक जो हेलमेट पहने हुए थे और सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चला रहे थे,उन्हें गुलाब का फुल देकर उत्साह को बढ़ाया? गया ताकि आगे भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते रहें। यह जागरूकता अभियान यातायात के नियमों का पालन करने व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता सुनिश्चित कराने को लेकर सड़क सुरक्षा माह एक जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा टीम और ज़िला परिवहन कार्यालय के कर्मी शामिल थे।

# चेतना इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया दूसरा वार्षिक उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चेतना इंटरनेशनल स्कूल में दूसरा वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अमित पाण्डेय ने शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के साथ केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक शानदार प्रस्तुति दी, जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक और कला प्रदर्शनियां शामिल थीं। कला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक पेंटिंग्स और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया।अमित पाण्डेय ने अपने संबोधन में छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चेतना इंटरनेशनल स्कूल हमेशा छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह उत्सव उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अन्य मेहमानों ने बच्चों के प्रदर्शन की खूब प्रशंसा की। सभी ने इस तरह के आयोजनों को छात्रों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने सभी को उनके सहयोग और भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# लंबित आवास योजना को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर में लंबित पीएम आवास व अबुआ आवास को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने स्वयम सेवक व पंचायत सचीव के साथ बैठक की।इस बैठक मे लंबित आवास योजना के संबंध में पुर्व के बैठको मे दिए गये निर्देशो के अनुपालन की समीक्षा की गई।इस दौरान समीक्षा रिपोर्ट के धिमि गति पर बीडीओ अमित कुमार पासवान ने नराजगी जताई.उन्होंने सभी पंचायत के स्वयं सेवको को लंबित पीएम आवास के लाभुकों के साथ समन्वय बनाकर पुरा कराने का निर्देश दिया। वहीं सभी पंचायत सचीव को अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने, व अबुआ आवास के लंबित कार्यो को निर्गत किस्त के अनुसार कराने का निर्देश दिया .साथ ही नये अबुआ आवास को एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत करने की बात कही।वितिय वर्ष 2016 -17 से 2023-24 तक के सभी लंबित आवास को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया । इसके लिए सभी स्वयं सेवको व पंचायत सचीव को लाभुकों के साथ सीधा संपर्क कर उनके समस्याओं को जानने व समाधान करने को कहा.साथ ही इस बात पर भी जोर देने को कहा कि इस योजना से कोई भी लाभार्थी वंचित ना हो. इसके लिए उन्होने हर संभव सहयोग करने की बात कही।मौके पर सभी पंचायत सचीव ओर स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## किसानों के बीच वितरण किये जाने वाले बीज में हेर-फेर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ में कृषि विभाग के एटीएम मो.शमीम अंसारी द्वारा किसानों के बीच वितरण किए जाने वाले मसूर एवं सरसों के बीज को फर्जी किसान बनाकर हेरफेर कर दिए जाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एटीएम शमीम अंसारी से स्पष्टीकरण मांगा है जिसमें उन्होंने कहा है कि बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के द्वारा बालूमाथ प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया था ।निरीक्षण के क्रम में कृषि हेतु उपयोग में लाये जाने वाले बीज वितरण में काफी अनियमित पाई गई थी।जिसमें एटीएम द्वारा दिए गए सूची के अनुसार 8 किलो मसुर के बीज की जगह 3 किलो मसूर एवं सरसों चार किलो की बीज की जगह पर कम बीज लाभुकों को दिया गया है।बता दें की लगभग 68 किसानों के बीच यह बीज का वितरण होना था।लेकिन उसमें से आधे से अधिक किसानों का फर्जी हस्ताक्षर है। एवं जिन किसानों को बीज उपलब्ध हुआ है उन्हें कम बीज दिया गया है।

# भारतीय कोयला उद्योग का डिजिटल खनन में पहला कदम

## अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने पीईकेबी खदान में डोजर पुश माइनिंग का सफल परीक्षण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** राष्ट्रीय वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) एवं केंद्रीय खनन व ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के मार्गदर्शन में भारतीय खनन उद्योग में एक अभूतपूर्व विकास हुआ है। भारत में पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित डोजर पुश माइनिंग तकनीक का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। खनन क्षेत्र में भारत की अग्रणी निजी कंपनी अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान में इस तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण बीते सप्ताह किया। यह परीक्षण खनन तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें कोयला निष्कर्षण प्रक्रिया के लिए मानवरहित मशीनों का उपयोग किया गया है। डिजिटल स्वायत्त खनन की दिशा में यह तकनीक बेहतर उत्पादन और सलामती के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

**क्या है डोजर पुश की विशेष तकनीक ?**

डोजर पुश माइनिंग परीक्षण में एक स्वचालित, (मानवरहित) ड्रिल मशीन द्वारा ड्रिल करके कास्ट ब्लास्टिंग किया जाता है। ब्लास्टिंग के बाद, ब्लास्ट की गई सामग्री को इस प्रक्रिया के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई एक स्वचालित, बड़े आकार की डोजर मशीन का उपयोग करके उसे डीकोल किए गए क्षेत्र में स्थापित करते हैं। डोजर पुश माइनिंग विधि को पारंपरिक ट्रक-शॉवल खनन द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है, खासकर बरसात के मौसम में जब ढुलाई वाली सड़कें कीचड़ से भर जाती है, जिससे सुरक्षा और उत्पादकता प्रभावित होती है। ट्रकों और उत्खनक मशीन पर निर्भरता को कम करके, यह विधि उत्खनन कार्यों को अनुकूलित कर सकती है और इकाई की लागत को कम कर सकती है, जिससे खनन के लिए अधिक टिकाऊ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान किया जा सकता है। यही नहीं चूंकि इस तकनीक में ट्रकों का उपयोग नहीं होता है अतः सुरक्षा की दृष्टि से भी यह डोजर पुश तकनीक पाँच सितारा पीईकेबी खदान को सुरक्षा के मापदंडों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। भारत में पहली बार अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा कोयला खनन में उपयोग में ली जा रही इस डोजर पुश तकनीक के परीक्षण की सफलता को सीएसआईआर और सीआईएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एम पी रॉय ने भी सराहना की और कहा कि यह नई तकनीक भारत में ओपनकास्ट खनन कार्यों में क्रांति ला सकती है। डोजर पुश माइनिंग विधि पारंपरिक ड्रैगलाइन और ट्रक/शॉवल उत्खनन का एक आधुनिक विकल्प है। यह न केवल खनन प्रक्रिया की गति और दक्षता को बढ़ाता है बल्कि परिचालन लागत को भी कम करता है। परीक्षण का नेतृत्व सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने किया, जिसमें डॉ. एम पी रॉय, डॉ. विवेक कुमार हिमांशु, आर एस यादव, सूरज कुमार और डॉ. आशीष कुमार विश्वकर्मा का योगदान रहा, जिन्होंने पीईकेबी खदान में डोजर पुश माइनिंग तकनीक के प्रथम विस्फोट के सफल निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत को अत्याधुनिक खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी स्थान पर रखती है, जिसका इस क्षेत्र के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



पीईकेबी खदान छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर के उदयपुर विकासखण्ड में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है और अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस को झारखंड के हजारीबाग स्थित बड़कागांव में गोंदलपुरा कोयला खदान आवंटित है, जहां जल्द ही खनन कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

## मुखिया ने किया अलाव की व्यवस्था

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बढ़ते एवं कंपकपाते ठंड को देखते हुए दारू प्रखंड के दारू पंचायत के मुखिया सुनिल कुमार ने शुक्रवार को शाम में दारू चौक पर अलाव की व्यवस्था की।अगल-बगल के दर्जनों लोगों ने मौके पर पहुंच कर अलाव का आनंद लिया।उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए चौक पर अलाव की व्यवस्था की है। इस कड़ी ठंड में हर वर्ष प्रशासन एंव अंचलाधिकारी की ओर से प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती थी मगर इस वर्ष यहां कुछ नहीं किया गया। लोगो ने मुखिया के द्वारा पंचायत में किए गए अलाव की व्यवस्था को सराहनीय कदम बताया।



## प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरांगे की सकारात्मक पहल

सालों से बंद शौचालय का खोला गया ताला

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के दारु प्रखंड में लंबे समय से बंद पड़े प्रखंड मुख्यालय के शौचालय का ताला आखिरकार खोल दिया गया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी लोकेश बरांगे की पहल पर शौचालय की सफाई का काम किया जा रहा है, साथ ही आसपास की झाड़ियों को हटाने का काम भी तेजी से जारी है। इस प्रयास से स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अधिकारी की सक्रियता क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने में मददगार साबित हो रही है।



## माली समाज ने सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

केरेडारी से रोहित गोस्वामी की रिपोर्ट

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड के जोरदाग गांव में माली समाज द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती पर समारोह का आयोजन किया . इस अवसर पर महात्मा सावित्री बाई फुले के तस्वीर पर लोगो ने बारी बारी से माल्यार्पण किया . इस समारोह में उपस्थित माली समाज के सदस्यों द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा महिलाओ के उत्थान के लिए किये गए कार्यों पर चर्चा की की गई और बताया की किस तरह उन्होंने अपना पूरा जीवन महिलाओ के शिक्षा के न्योछावर कर दिया . इस कार्यक्रम में माली मालाकार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र माली,उपाध्यक्ष अनिल माली उप मुखिया प्रतिनिधि,सचिव अजीत माली,पूर्व कोषाध्यक्ष कन्हाई माली, वार्ड सदस्य उपाध्यक्ष बजरंगी माली, नारायण माली, सिकन्दर माली, अमित कुमार माली, सुधीर माली, धीरज माली, जागेश्वर माली, दीपक माली, माधुरी देवी, सरोज देवी, सरिता देवी, सुबी देवी सहित माली समाज के महिला पुरुष शामिल थे।



## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने बुजुर्ग महिला पुरुष के बीच किया का कंबल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत पोटंगा पंचायत तेतरिया बरवा टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कड़कती ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचने का अपील किया। वहीं पर उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है, आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो इसका भी ध्यान आप सभी लोग रखें। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, संजय करमाली, राम प्रसाद, रीना देवी, मो बुधनी, रेणु देवी, उर्मिला देवी, आकांक्षा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, अशोक कुमार, शंकर साव, मनोज कुमार, राजकुमार, फुलेश्वर कुमार, भुनेश्वर कुमार, छोटेलाल बेदिया, सुभाष कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## जनता के हर समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय बड़कागांव स्थित विधायक कार्यालय में विधायक रोशन लाल चौधरी ने बीडीओ और सीओ के समक्ष प्रखंड की जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार एवं अंचल निरीक्षक नवल किशोर को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर काम को प्राथमिकता के साथ करें। आम जनता को किसी भी तरह के कठिनाई न हो, विधायक रोशन लाल चौधरी ने नए साल 2025 के शुभ अवसर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जानत को भरोसा दिलाया है, कि जनता की हर समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प "सबका साथ सबका विकास" एजेंडा सफल होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रामपति राम, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, मुखिया बासुदेव यादव, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, कामेश्वर महतो, तपेश्वर कुमार तापस, भाजपा महामंत्री इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, मोहन महतो, पूर्व मुखिया पूर्व पंचायत समिति सदस्य केदार महतो, कामेश्वर महतो, दशरथ पासवान, उपेंद्र कुमार प्रसाद, विनोद राम, दिनेश महतो, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## 50 जनजाति बिरहोर के बीच कंबल का किया वितरण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में कड़के की ठंड और बढ़ते शीत लहरी देखते हुए बरही प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बरसोत पंचायत के बरियठ्ठ गांव में बसे आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के परिवारों बीच कंबल वितरण किया। इस मौके पर एसडीओ जोहन टुडू, बीडीओ जयपाल मेहता और स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से बिरहोर परिवार के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। एसडीओ ने बिरहोर परिवार को शीत लहरी में अनावश्यक रूप से घर के बाहर नहीं निकलने को कहा और इसके साथ बंद कमरे में जलावन नहीं तापने की सलाह दिया। वहीं बीडीओ ने कहा हमारे क्षेत्र अंतर्गत जो भी आदिम जनजाति बिरहोर हैं, उसे हर संभव सहयोग किया जाएगा। वहीं मुखिया के कहने पर बीडीओ ने अपने कर्मियों के आदेश दिया कि इस गांव के जिन बिरहोर परिवार के लोगों को अनाज और पेंशन नहीं मिलती है, उसे अविलंब उपलब्ध कराएं। मौके पर पंचायत सचिव नेमधारी महतो, ग्राम रोजगार सेवक रामेश्वर राम सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। लाभुको में आगना बिरहोर, मालती देवी,सूरज बिरहोर, सोनू बिरहोर, बैंगा बिरहोर सहित अन्य लोग थे।



## झरपो में खिलाड़ियों के बीच किया गया खेल कीट का वितरण : मुखिया

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन परिसर में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी के हाथों टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय की ओर से दी गई खेल सामग्रियों का वितरण 3 जनवरी दिन शुक्रवार को झरपो पंचायत क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल कीट सामग्रियों में संदीप कुमार दास,शनि , चांद कु .दास, रॉकी कुमार,सूरज कुमार,संतोष कुमार ,प्रमोद कुमार ,अभय कुमार पाण्डेय,अनिल कुमार, समेत अन्य लोग को टी शर्ट, पैंट,जूता , मौजा,गेंद का वितरण किया गया। झरपो मुखिया ने सरकार के ओर से क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्रियों को देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी क्रिकेट खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। मौके पर झरपो पंचायत सचिव गुड़िया कुमारी ,रोजगार सेवक संतोष राम,बसंत राम ,रामलखन पांडेय मौजूद थे।



## बेटी के जन्मदिवस पर बैंक मैनेजर ने बिरहोर टोला में जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल और खाद्य सामग्री

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा ही धर्म संस्था से जुड़कर बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक निशु सिन्हा ने अपनी बेटी के जन्मदिवस को प्रखंड के पिपचो में स्थित बिरहोर टोला में गरीब और असहाय लोगों के बीच अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, शॉल और खाद्य सामग्री का वितरण कर इस दिन को खास बनाया।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मनोज कुमार ने कहा, "हमारी संस्था से लगातार लोग जुड़ रहे हैं और इसके माध्यम से गरीबों तक आवश्यक सामग्री और सहायता पहुंचाई जा रही है।"संस्था में वर्षों से विछिन्न लोगों का सेवा किया जा रहा है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे तो संस्था के कार्यों को आगे ले जाने में सरल होगा। वहीं, शाखा प्रबंधक निशु सिन्हा ने कहा, "मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि अपनी बेटी का जन्मदिवस इन बच्चों और जरूरतमंदों के बीच मना पाई।" इस तरह के नेक कार्य के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बिरहोर टोला के लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं।



## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों का किया स्वागत, नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा और पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सहायक समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे और उप समाहर्ता मो. हारून रशीद का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने दारू थाना प्रभारी शफीक खान का भी स्वागत करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ किया।



## ओबीसी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले की मनाई जयंती

सावित्री बाई फुले के योगदान से समाज में हुई बड़ी बदलाव : दीपक गुप्ता

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही ब्लॉक मैदान में ओबीसी कांग्रेस के द्वारा ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव व ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देश पर जिला ओबीसी कांग्रेस के द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। मौके पर सामाजिक सुधार आंदोलनकारी, भारत की पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि 3 जनवरी सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले को समर्पित है, इन्होंने भारतीय महिलाओं और दलित समाज के बीच शिक्षा का दीप जलाने का काम किया। महिलाएं वर्तमान में देश में विभिन्न क्षेत्र के प्रमुखता से देश के लिए सेवा दे रहे है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जिला ओबीसी महासचिव सुनील साहू, जितेंद्र गिरी, मनोज रविदास, फिरदौस खान, रिजवान अंसारी, अब्दुल अंसारी, टिंकू कुमार साव, किशोर रजक, फिरोज निज़ामी , मुकेश पासवान, पंकज पासवान, अजय पासवान मौजूद थे।



## नववर्ष के आरम्भ के साथ फिर गई एक प्रवासी मजदूर की जान

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के अलकिकलवा निवासी प्रवासी मजदूर नरेश गंझू की 01 जनवरी 2025 की रात को हो गई।बताया जाता है,कि झमन गंझू के 36 वर्षीय पुत्र नरेश गंझू 01 जनवरी को राजस्थान में देर रात सोते सोते ही इस दुनिया से चल बसे । मौत की सूचना मिलते ही परिजन सदमे में हैं, तो वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।मृतक अपने पीछे बूढ़े माता पिता,पत्नी बासो देवी, पुत्र सूरज कुमार 12 वर्ष,प्रकाश कुमार 9 वर्ष,सुजीत कुमार 6 वर्ष,राजेंद्र कुमार 2 वर्ष को छोड़ कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया। परिवार में मृतक नरेश गंझू अकेला कमाने वाला पूरा परिवार इन्ही पर आश्रित था।मिली जानकारी के अनुसार मृतक चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कैलाश महतो द्वारा पिछले 3 माह पूर्व रोजगार के लिए राजस्थान गया था। मृतक नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर पद पर कार्यरत था। गुरुवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही जेएलकेएम मांडू विधानसभा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कोलेश्वर महतो, जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, संतोष महतो, जोगन महतो , नेमचन्द कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही कहा कि अपने घर परिवार को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गए प्रवासी मजदूरों का मौत का सिलसिला लगातार जारी है।हर रोज झारखंड के किसी न किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूरों की दूसरे राज्यों या विदेशों से मौत की खबर आ रही है। पलायन रोकने के लिए ऐसे में सरकार को अपने राज्य में रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए, प्रखंड अध्यक्ष कोलेश्वर महतो ने कहा की झारखंड राज्य इतना खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के लोग रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों या विदेशों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं।लगातार इस प्रकार घटनाएं घटने से अभी तक सरकार किसी प्रकार की नीति नियम नहीं बना पाई है। यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी घटनाएं दिन प्रतिदिन होते आ रही है। सरकार को पलायन रोकने के लिए, हर जिले ,हर प्रखंड में यहां की जनता के लिए रोज़गार उपलब्ध करवाएं, प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग ,गिरिडीह, बोकारो जिले से है ।



## सहायक समाहर्ता सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे ने किया इरगा और हरली पंचायत भवन का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** सहायक समाहर्ता -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे भा0प्रा0से0 द्वारा दारू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इरगा एवं हरली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त पंचायतों में संचालित योजनाओं का अभिलेख रोकड़ पुस्त एवं जन्म मृत्यु पंजी का संधारण अद्यतन नहीं रहने एवं पंचायत भवन के साफ सफाई की कमी पर ग्राम पंचायत हरली के पंचायत सचिव श्री राजकुमार एवं ग्राम पंचायत इरगा में प्रज्ञा केंद्र संचालक दशरथ कुमार की अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण किया गया। ग्राम पंचायत इरगा में नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी सूचना पट्ट पर प्रदर्शित नहीं पाया गया जिसे सूचना पट्ट पर प्रकाशित करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया ग्राम पंचायत हरली एवं इरगा के पंचायत सचिव को सख्त निर्देश दिया गया कि समयावधि के अंदर सभी योजनाओं का अभिलेख रोकड़ पुस्त एवं जन्म मृत्यु पंजी अद्यतन करें एवं पंचायत भवन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान उप समाहर्ता मो0 हारुन रशीद एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।



## डिग्री कॉलेज बरही में वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कोरोना काल के बाद बढ़ते हृदय तथा फेफड़े से सम्बन्धित बीमारियां जैसे - ब्लडप्रेशर , ब्रेन-हेम्ब्रेज , लकवा ,अस्थमा आदि को देखते हुए महाविद्यालय में कुश-क्रन्तिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय के संस्थापक , चिकित्सक व प्रशिक्षक आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा एवं उनके सहयोगी क्रांति कुमारी व संदीप कुशवाहा के द्वारा इन समस्याओं के समाधान हेतु मर्म चिकित्सा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बिना दवा सुई व जड़ी बूटियों के वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इन बीमारियों से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है इसके बारे मे अधिक से अधिक जागरुकता फैलाना है । इस आयोजन मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश आनंद ने आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा को धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को इस कार्यशाला से प्राप्त अनुभव को अपने पास पड़ोस और रिश्तेदारों को अवगत कराने का आग्रह किया। कार्यशाला में प्राध्यापकों , व्याख्याताओं एवं विद्यार्थियों ने गहरी दिलचस्पी दिखलाई । मुख्य रूप से प्रोफेसर रोशन कुमार प्रोफेसर कमल मेहता प्रोफेसर अरीजीता कुमारी महाविद्यालय ऑफिस असिस्टेंट प्रकाश कुमार ऑफिस असिस्टेंट मिथिलेश कुमार शिक्षकेतर कर्मचारी प्रदीप यादव, सुनील शर्मा, रतन पासवान ,कृष्ण यादव, दुलारी देवी एवं वैजयंती देवी उपस्थित थे ।कार्यशाला का अंतिम पड़ाव में ईश्वरी चिकित्सा अपनाएं और स्वयं ठीक हो जाएं। नारे के साथ कार्यशाला संपन्न किया गया।



## अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता आईआरएसएम फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने कोयला खनन के अंतर क्षेत्रीय खेलक प्रतियोगिता आईआरएसएम के अंतर्गत फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए अंतर क्षेत्रीय खेलकूद का आयोजन किया. यह टूर्नामेंट 3 जनवरी से 7 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है. जिसमें कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया है. इन टीमों में केडीसीएमपी केरेडारी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट सीबीसीएमपी चट्टी बरियातू कोल माइनिंग प्रोजेक्ट पीबीसीएमपी पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट कोयला खनन मुख्यालय और नॉर्थ धाडू कोल माइनिंग हेड क्वार्टर एंड नॉर्थ धाबुनू टीएलसीएमपी तलपल्ली कोल माइनिंग प्रोजेक्ट डीएलसीएमपी दुलांग माइनिंग प्रोजेक्ट और बादम सीएमपी बादाम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट शामिल थीं.इस टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 3 जनवरी 2025 को नमन विद्या स्कूल परिसर में आयोजित किया गया. समारोह में परियोजना प्रमुख केरेडारी शिव प्रसाद, परियोजना प्रमुख बादम ए.के. सक्सेना और परियोजना प्रमुख चट्टी बरियातू नवीन गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया. कार्यक्रम का आरंभ सभी टीमों के कप्तानों द्वारा अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते और अंगवस्त्र से स्वागत करने के साथ हुआ. विशिष्ट अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही. बल्कि टीम भावना, नेतृत्व और एकता को भी मजबूत करते हैं.एके सक्सेना और नवीन गुप्ता ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ मैदान में खेलने की प्रेरणा दी.समारोह के दौरान परियोजना प्रमुखों और सभी टीम कप्तानों ने टूर्नामेंट के प्रतीक चिन्ह मास्कॉट और विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया. यह प्रतीक चिन्ह टूर्नामेंट की ऊर्जा और समर्पण को दर्शाता है. इसके साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल बना. उद्घाटन समारोह का एक मुख्य आकर्षण आईआरएसएम ज्योति प्रज्वलन था. तीनों एचओपी ने इस ज्योति को प्रज्वलित किया और इसे टीम कप्तानों को सौंपा. इसके बाद सभी टीम कप्तानों ने एक साथ मार्च पास्ट करते हुए टूर्नामेंट के मैदान में आईआरएसएम की मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. इस क्षण ने खेलों की भावना और एकता का संदेश दिया. समारोह के अंत में, सभी विशिष्ट अतिथियों और खिलाड़ियों ने मिलकर केक काटा और आसमान में एनटीपीसी थीम के गुब्बारे उड़ाए. यह क्षण खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एकता और सामूहिक लक्ष्य का प्रतीक बना. गुब्बारों के उड़ने के साथ ही टूर्नामेंट का आधिकारिक आरंभ हुआ. एनटीपीसी का यह प्रयास न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने का है, संवाद और समर्पण को भी प्रोत्साहित करना है. इस टूर्नामेंट के माध्यम से क्षेत्रीय परियोजनाओं के बीच संबंध और मजबूत होंगे और खेलकूद की परंपरा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी. प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ टूर्नामेंट में भाग लिया. यह आयोजन न केवल खेल के प्रति समर्पण का उदाहरण था, बल्कि यह एनटीपीसी की सामूहिकता और सहयोग दृष्टिकोण का भी परिचायक बना. 7 जनवरी 2025 को इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा.



# रजरप्पा दर्शन करने पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

## रजरप्पा पहुंचने पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृत्व में किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नव वर्ष में मां छिन्नमस्तिके के दर्शन करने पहुंचे हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल साथ में हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद। दर्शन करने के बाद सांसद जी कहा कि राज्य सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के जीवन में ये नूतन वर्ष की खुशहाली, सुख-समृद्धि लेकर आए साथ ही राज्य और यहां की जनता प्रगति करे यही प्रार्थना मां से किया है।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मां छिन्नमस्तिका के आशीर्वाद से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं राष्ट्र सेवा करने का मौका मिला है, और हम इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से माता के आशीर्वाद से निभाने के प्रयास करेंगे और रजरप्पा मंदिर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद जी ने कहा कि जन सेवा का जो संकल्प लिया है उसको अच्छी तरह से पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे और माता के आशीर्वाद से क्षेत्र का विकास भी करेंगे।मौके पर उपस्थित रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल जी ने कहा कि चारों तरफ हरियाली आए, किसान, युवा, नारी शक्ति सब आगे बढ़े सशक्त बने इसके लिए हम सबने माता से आशीर्वाद लिया है और कामना की है।सांसद के रजरप्पा आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी छोटू पंडा,अजय पंडा,वसीम पंडा,लोकेश पंडा ने उनका अभिनंदन किया और रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा ने सांसद एवं विधायक की पूजा अर्चना करवाई।मौके पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, अनिल मिश्रा, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, चंद्रशेखर चौधरी, गणेश स्वर्णकार, नरेश साव, बबलू साव, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सतीश मोहन मिश्रा , राजाराम प्रजापति, टोकेश सिंह, राजेश कुमार,जय नारायण कुशवाहा, मनमीत अकेला, विजय कुमार, अजय साहू, किशोरी यादव, बिक्की कुमार महतो, अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेन्टर का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सदर अस्पताल रामगढ़ में डायलिसिस सेन्टर का हुआ उद्घाटन सह शुभारंभ सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र मनीष जयसवाल, विधायक रामगढ़ ममता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष दिनेश मुण्डा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद एवं उपाधीक्षक डॉ0 ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से सदर अस्पताल रामगढ़ के परिसर में किया गया।सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि डायलिसिस एक ऐसा प्रक्रिया है कि इसे सप्ताह में 2-3 बार किया जाता है जिसमें काफी खर्च होता है और ये खर्च गरीबो के लिए वहन कर पाना संभव नहीं है। विधायक रामगढ़ विधानसभा ममता देवी ने कहा कि नव वर्ष के आगमन के साथ ही रामगढ़ जिला-वासियो को यह सौगात मिला। सदर अस्पताल रामगढ़ में संचालित होने वाले इस डायलिसिस सेन्टर में बीपीएल एवं आयुष्मान में मरीजों को निःशुल्क उपचार किया जायेगा तथा अन्य मरीजों को सरकारी दर पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसी भी स्वस्थ शरीर में किडनी का काम होता है रक्त को साफ करना और शरीर में अतिरिक्त पानी को पेशाब के रूप में शरीर से बाहर निकालना किडनी शरीर में कुछ ऐसे भी पदार्थ बनाती है जो हमारे शरीर के सुचारू रूप से काम करने के लिए बहुत जरूरी होते है पर अगर किसी कारण किडनी अपना काम ठीक से नहीं कर पाती है तो डायलिसिस के माध्यम से वही काम किया जाता है।

# 9 वर्षिय ब्राउन बेल्ट करारे कार विकाश कुमार को मदानीनगर थाना प्रभारी ब्रह्मवात कुमार ने मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नगर के 9 वर्षिय ब्राउन बेल्ट करारे कार विकाश कुमार को मदानीनगर थाना प्रभारी ब्रह्मवात कुमार ने मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुवे बिकाश का उजावल भविषय का कामना किये। 9 वर्षीय विकास की उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि इस आयु में बच्चे सही से खेल भी नहीं पाते हैं वैसे में गोल्ड मेडल लाना बहुत ही बड़ी बात है। विकास ने पिछले दिनों रांची के खेलगांव में इंडियन कराटे प्रतियोगिता काता मैं गोल्ड मेडल और फाइट में ब्राउन मेडल जीतकर पतरातू प्रखंड सहित रामगढ़ जिले एवं पूरे झारखंड का मन बढ़ाया है इस सम्मान समारोह में कराटे कोच सेन्साई कंचन कुमार दास ने विकास कुमार के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहा कि भुरकुंडा बाजार सरकारी स्कूल में पड़ता है पढ़ाई में बहुत ही अच्छा है र साथ ही साथ कराटे में भी काफी रूचि है।

# पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मृतक के परिवार से मिले



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चुरचू प्रखंड अंतर्गत पंचायत चरही के ग्राम सरवाहा के निवासी सुंदर करमाली,अपनी पत्नी रूपा देवी,से घेरलू कहा सुनी के कारण युवक ने बाइक सहित कुएं में डूब गया। निकालने गए उनके पांच दोस्त विनय करमाली,पंकज करमाली,राहुल करमाली,सूरज भुईयां ने अपने दोस्त सुंदर करमाली को बचाने के क्रम में डूबने से मौत हो गई। उनकी मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त एवं इनके परिजनों को ढांढस देने के लिए शामिल हुए। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक माननीय श्री जय प्रकाश भाई पटेल जी ने मृतक के परिवार से मिला इस दुख के घड़ी में शामिल बहेरा मुखिया देवकी महतो, झामुमो के जिला सचिव नीलकंठ महतो,चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम,चुरचू प्रखंड उपाध्यक्ष चौलेश्वर महतो,पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,प्रदीप करमाली,सुरेश महतो,दिलेश्वर महतो महेंद्र महतो भूषण कुमार आनंद कुमार दिनेश कुमार,डोमन करमाली,महेंद्र करमाली,राज कुमार करमाली,महेंद्र कुमार महतो,गुलाब महतो,गोपाल करमाली, महेंद्र करमाली,विजय माल करमाली ललका करमाली काशीनाथ महतो,सहित कई लोग इस दुख घड़ी में शामिल थें।

# भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती दिवस मनाई : ऐपवा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक -3 से 9 जनवरी 2025 को सावित्रीबाई फुले का जयंती दिवस से 9 जनवरी फातिमा शेख का जयंती दिवस तक बहनापा अभियान के तहत आज सावित्रीबाई फुले का रामगढ़ जिला के चुंबा गांव के पडरिया में ऐपवा के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने शामिल होकर जयंती दिवस मनाई। सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के चित्र पर ऐपवा रामगढ़ जिला सचिव नीता बेदिया, उपाध्यक्ष कांति देवी ने माल्यार्पण किए और उपस्थित नीतू बेदिया,जीरवा देवी,सुगिया देवी,सलमतिया देवी,कदमी देवी,रीता देवी, मालती देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, नमिता देवी, आशा देवी, शांति देवी, पार्वती देवी अन्य सभी महिलाएं बच्चें ने पुष्पांजलि अर्पित किए। महिलाओं की बैठक कर नीता बेदिया ने कहा कि जब देश में मनुस्मृति व्यवस्था एक मात्र समाज में लागू थी तब महिलाओं के ऊपर बर्बरतापूर्ण शोषण,यौन हिंसा,पशुतापूर्ण व्यवहार किया जाता था। मानो महिलाएं कोई इंसान ही नहीं है। यातनाएं दी गई,गोबर फेंकने से लेकर कीचड़ उछालने तक बदनाम किए गए।इस जयंती दिवस के अवसर पर बच्चों की क्वीज एवं हिंदी , अंग्रेजी में, ग्लोबलाइजेशन , पर्यावरण,कला संस्कृति, प्राकृतिक स्रोत,शिक्षा, सावित्रीबाई फुले पर जीवनी, मानवाधिकार, संविधान अधिकार आदि पर भाषण प्रतियोगिता कर गांव में शिक्षा के माहौल को बढ़ावा दिया गया सभी बच्चों को कॉपी पेन देकर प्रोत्साहित किया गया।

# चित्रगुप्त मंदिर गोला में 11 जनवरी को मनाई जाएगी श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** आगामी 11 जनवरी 2025 को गोला(बक्शी टोला) स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ भव्य तरीक़े से मनाई जाएगी। ज्ञात हो कि गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी जो सनातनी पंचाग के अनुसार पौष शुक्ल पक्ष एकादशी उपरांत द्वादशी को हुआ था। सनातनी पंचांग के अनुसार आगामी 11 जनवरी को उपरोक्त तिथि होगी। इस संबंध में गोला चित्रांश महापरिवार के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा ने विस्तार पूर्वक उक्त तिथि में होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया। सचिव ने बताया कि पूर्वान्ह में पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। तत्पश्चात भगवान को खिचड़ी भोग अर्पित किया जाएगा तथा भोग का वितरण होगा एवं दीपदान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। ज्ञात हो कि गत वर्ष अयोध्या में हुए श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन भी श्री चित्रगुप्त मंदिर गोला में दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया था जिसमें अखंड रामायण पाठ के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया था। सचिव ने सभी चित्रांश बन्धुओं से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया है ताकि आयोजन अविस्मरणीय रहे।

# सयाल हिल व्यू में सावित्री बाई फुले कि 194 वी जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के हिल व्यू स्टेडियम में शुक्रवार को सावित्रीबाई फुले कि 194 वी जयंती मनाई गई। वहीं इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता रामकृपाल मालाकार ने किया। जिसमे मुख्य रूप से पुर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि विरेन्द्र पासवान उपस्थित रहे। इस दौरान शामिल अतिथि व समाजसेवीयो ने बच्चों के बीच पतंग व चौकलेट बांटे। वहीं विरेन्द्र पासवान ने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती मनाई जा रही है। महाराष्ट्र के सतारा में जन्मी सावित्रीबाई ने महिलाओं और बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने विधवाओं के उत्थान के लिए भी अथक प्रयास किए। आज भी, सावित्रीबाई फुले को एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं रामकृपाल मालाकार ने कहा कि एक जमाने में जब महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद रखा जाता था तब सावित्रीबाई फुले ने समाज के रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। महज नौ वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधी सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के लिए कई बड़े काम किए। वहीं इस मौके पर मालाकार उत्थान समिति के रामगढ़ जिला सचिव उदय मालाकार, निखिल, बिरजू, रंजित करमाली, मनोज वर्णमाल, साहिद राजा, साहिद हुसैन, अजय मालाकार, विवेक मालाकार, नन्दू मालाकार आदि छोटे छोटे बच्चे उपस्थित थे।

# झामुमो नेता संजीव बेदिया ने तेतरीया में गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत अन्तर्गत तेतरिया बरटोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों के बीच शुक्रवार को कंबल देकर ठंड से बचने का अपील किया। वहीं पर उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो इसका भी ध्यान आप सभी लोग रखें।मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,संजय करमाली ,राम प्रसाद ,रीना देवी , बुधनी, रेणु देवी, उर्मिला देवी,आकांक्षा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी,अशोक कुमार,शंकर साव,मनोज कुमार,राजकुमार, रवि करमाली, फुलेश्वर कुमार,भुनेश्वर कुमार,छोटेलाल बेदिया,सुभाष कुमार, दीपक कुमार,सूरज कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय जनता दल द्वारा सैंकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल भुरकुंडा के रिवर साइड शास्त्री पार्क स्थित कार्यालय में गरीब,असहाय,निर्धन और जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन संतोष यादव उपाध्यक्ष राजद झारखंड ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि गिरधारी गोप प्रदेश उपाध्यक्ष राजद झारखंड सह प्रभारी सदस्यता अभियान प्रभारी ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है जिसका मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान में रहने वालों की सेवा करना और सम्मान दिलाना । मानवता सेवा सामने सभी मजहबों और धर्मों की दीवारें टूट जाती है ।कार्यक्रम को श्री गोप के साथ ही मजदूर नेता रामनरेश सिंह,अलाउद्दीन मंसूरी,प्रेम कुमार साहू,शकील अख्तर,डॉ क्यू अली,ललन सिंह ने भी संबोधित किया। इनके साथ कार्यक्रम में श्री भगवान सिंह यादव,बलराम पांडे,संतोष मिश्रा आदि उपस्थित थे। लगभग पांच सौ लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष यादव,जानकी ठाकुर, सुभाष तिवारी, प्रमोद यादव,रवि सोनी,दिलीप सोनी,मंजूर अंसारी,मो राशिद,मो रफीक,परवेज अख्तर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रामगढ़ महाविद्यालय में सेवानिवृत्त किशुन महतो को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के सेमिनार हॉल में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त होने वाले भौतिक विज्ञान विभाग के प्रयोग प्रदर्शक किशुन महतो को महाविद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय ने की। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डा. रत्ना पाँडे ने किशुन महतो की स्पष्टवादिता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की और उनके खुशहाल और स्वस्थ भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी। इन्होंने सेवाकाल में अपने कर्तब्यों को हमेशा ईमानदारी से निभाया और व्यवहार की बात की जाए तो मैं कहूंगी कि ये व्यवहार के धनी इंसान हैं।मुझे उम्मीद है कि आगे भी इनके योगदान से महाविद्यालय को लाभ मिलता रहेगा। समारोह को प्रो सरिता सिंह, डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, दामोदर महतो, सरजू महतो आदि ने भी संबोधित किया। सभी ने उनके स्वस्थ और सुखी भविष्य की मंगलकामना करते हुए महाविद्यालय में उनके योगदान को याद किया। महाविद्यालय परिवार के द्वारा उन्हें प्रेमपूर्वक कई तरह के उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। संपन्न समारोह में मंच संचालन का दायित्व डॉ. प्रीति कमल और योगेंद्र राम ने संयुक्त रूप से निभाया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ कामना राय ने किया।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद संगत में कमी नहीं आई, अमृत गुर ते पाया, सास सस सिमरो गोविंद जैसे सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली, निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी गुरजोत सिंह सैनी के द्वारा नंगे पैर की गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर लोहार टोला झंडा चौक सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सतविंदर कौर सैनी ने स्त्री साथ संगत की बलविंदर कौर छाबड़ा को सिरोपा देकर सम्मानित किया।मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा इकबाल सिंह, बबलू छाबड़ा दलजीत सिंह किंगरा यश छाबड़ा शामिल हुए।

# महिला मुक्ति दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले का जयंती मनाया गया



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को रेलीगड़ा ट्रैक्टर स्टैंड में अनुसूचित जाति जनजाति विकास मोर्चा के बैनर तले सावित्रीबाई फुले का जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डांडी प्रखंड प्रमुख श्रीमती दीपा देवी एवं उप प्रमुख सुमन देवी और जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक ने सावित्रीबाई फुले के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर विचार रखते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव सतारा में हुआ था सावित्रीबाई फुले का विवाह ज्योतिबा राव फुले के साथ 9 वर्ष के आयु में कर दिया गया था। सावित्रीबाई फुले पढ़ने में बहुत तेज थी क्योंकि उस समय महिलाओं का पढ़ना लिखना वर्जित था फिर भी ज्योतिबा राव फुले ने सावित्रीबाई फुले को अपने घर में ही शिक्षित करना प्रारंभ किया सावित्रीबाई की लगन को देखकर ज्योतिबा राव फुले ने सावित्री को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए गांव से बाहर भेजा जहां से टीचर ट्रेनिंग की पढ़ाई पूरा कर गांव लौटने पर एक छोटे से मकान में स्कूल खोला जहां गांव के बच्चियों को पढ़ने के लिए प्रेषित कर शिक्षा देना शुरू किया उसे दरमियां गांव के उच्च वर्ग के लोगों के द्वारा सावित्रीबाई फुले को पढ़ाने जाने के कर्म में उन पर कीचड़ व गोबर फेंक कर अपमानित किया करते थे उसके बाद भी सावित्रीबाई फुले बच्चों को शिक्षित करने के लिए अपने झोले में एक सेट कपड़ा रखकर जाया करती थी और स्कूल पहुंचकर कपड़ा बदल कर बच्चियों को शिक्षित करने का कार्य किया करती थी आज इस महान देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस मनाया जा रहा है इस अवसर पर उन्हें शारदा सुमन अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में संजीत सागर,प्रदीप रजक, समीर मुर्मू, धर्मेंद्र लोहार, शिवनारायण हेमरॉम, संतोष गुप्ता, सुरेश उरांव,इंद्रजीत प्रसाद, राकेश रजक,लालदेव मांझी, संतोष राम,नरेश पासवान,दिनेश योगेंद्र पंडित, शशि करमाली, विक्की करमाली, सनी बेसरा, धनु महतो, विकास माली,शालू देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# पीवीयूएन पतरातु द्वारा लगभग पच्चीस सौ कंबल वितरण किए गए




**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनटीपीसी (पीवीयूएन) पतरातु ने अपने दायित्वों को निभाते हुए इस सर्द के मौसम में कांप कंपाती ठंड को देखते हुए सामुदायिक विकास कार्य अंतर्गत अपने क्षेत्र के गरीब असहाय निशक्त जरूरतमंद लोगों के बीच स्थानीय पंचायत मुखिया स्थानीय प्रतिनिधि स्थानीय प्रशासन के सहयोग से लगभग 2500 कंबल का वितरण किया। तथा पीवीयूएन के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जियाउर रहमान वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर संतोष कुमार सिंह उप प्रबंधक मानव संसाधन नवीन साहू द्वारा प्रखंड पतरातू के पंचायत सांकूल,जयनगर,बलकुदरा,पतरातु कोतो,कटिया,कटिया पंच मंदिर,हेसला,शाह कॉलोनी,लवगा,हनुमान गढ़ी के मुखिया के साथ स्थानीय प्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रशासन को कंबल वितरण के लिए कंबल सौंपा गया। देखा जाए तो पीवीयूएन अपने पावर प्लांट निर्माण के लिए लगातार दिन रात लगे हुए साथ ही सामाजिक विकास कार्यों में भी लगे हुए है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाओं पर काम चल रहे हैं और कई योजना धरातल पर उतर गई हैं और समय-समय पर आवश्यकता अनुसार जरूरत की चीज पहुंच कर लोगों मदद करते आ रहे हैं। इसी का एक उदाहरण है कि कांप कंपाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के बीच 2500 का कंबल वितरण गया जो की सराहनीय है इस ठंड में लोग कंबल पा के काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

# हुवाग पंचायत में कराया जा रहा है बच्चों को खेलने के लिए ग्राउंड का निर्माण



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बच्चों के खेलने के लिए ग्राउंड का निर्माण हुवाग पंचायत में कराया जा रहा है।जिसमें हुवाग के ग्रामीण, खेल प्रेमी बच्चे, जिला परिषद सर्वेश कुमार सिंह एवं पंचायत के प्रतिनिधि के संयुक्त प्रयास से उक्त निर्माण कराया जा रहा है।इस कार्यक्रम में सीसीएल तोपा प्रबंधन के द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।इस मौके पर हाजी नेजाम,पूर्व मुखिया मेराज अंसारी,इनामुलअंसारी,नयुम अंसारी,मोज़्शमशुद्दीनअंसारी,ताहजुद्दीन अंसारी,बेलाल अंसारी,आरीफ राजा,आसीफ रजा,उप मुखिया इम्तियाज अंसारी,हसरत अंसारी,जमशेद अंसारी,हसनैन अंसारी,मजहर अंसारी,आफताब आलम आदि लोग उपस्थित थे।

# इंट्रोवर्ट बेहतर प्लानिंग के साथ प्राप्त करते हैं अपना लक्ष्य

- श्री अग्रसेन स्कूल में शुरू हुई सीबीएसई ट्रेनिंग, स्किल फोर टीचिंग इंट्रोवर्ट स्टूडेंट्स पर फोकस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** इंट्रोवर्ट (अंतर्मुखी) वह व्यक्ति होता है, जो दूसरों से बातचीत या मेल-मिलाप से एनरजेटिक महसूस नहीं करता है। वह भीड़ वाले इलाके को पसंद नहीं करता। उसे अपना एकांत प्यारा लगता है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें भीड़ से डर लगता है या उन्हें कोई बीमारी है। बस ये उनकी चॉइस है। यह केवल व्यक्तित्व का एक प्रकार है। इसके उलट एक्स्ट्रोवर्ट लोग आत्मविश्वासी और उत्साह से भरे होते हैं। इन्हें अकेलेपन की तुलना में साथियों के बीच रहना ज़्यादा पसंद होता है। ये लोग सोशल एक्टिविटीज़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह बातें विशेषज्ञ वक्ता नयी दिल्ली से आये चिकित्सक डॉ अभिषेक ने कही। डॉ अभिषेक शुक्रवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुरू हुए तीन दिवसीय सीबीएसई इंटरनल ट्रेनिंग सेशन में बोल रहे थे। पहले दिन ट्रेनिंग का विषय स्किल फोर टीचिंग इंट्रोवर्ट स्टूडेंट्स था। डॉ अभिषेक ने कहा कि इंट्रोवर्ट लोग अकेले में ज्यादा सहज होते हैं। उन्हें लोगों के साथ काम करने में कम दिलचस्पी होती है। वह बोलने से ज्यादा लिखना पसंद करते हैं। भीड़ में होने पर उन्हें घुटन महसूस होने लगती है। वह अपनी ख्वाबों की दुनिया में रहना पसंद करते हैं। जल्दी नर्वस होते हैं, लेकिन उनके जैसी दोस्ती कोई नहीं निभा सकता। वह बहुत ईमानदार दोस्त और अच्छे लाइफ पार्टनर होते हैं। अक्सर लोग उनके बर्ताव को देखकर सोचते हैं कि वह फ्रेंडली नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं है, इंट्रोवर्ट लोग खूब मस्ती करते हैं और फ्रेंडली होते हैं, लेकिन केवल चुनिंदा लोगों के साथ ही।डॉ अभिषेक ने कहा कि लोग समझते हैं कि इंट्रोवर्ट अच्छे लीडर नहीं होते। लेकिन ऐसा नहीं है। इस तरह के लोग दूर की सोच रखते हैं। उन्हें अपना लक्ष्य पता होता है और वह लॉन्ग टर्म गोल पर काम करते हैं। वह कम बोलते हैं, लेकिन उनका काम पर फोकस रहता है। उनकी प्लानिंग और आइडियाज सबसे हटकर होते हैं। उनके अंदर एक अच्छे बॉस और लीडर के सारे गुण होते हैं। ऐसे लोग बोलने से ज्यादा सुनना पसंद करते हैं। यानी वह अच्छे श्रोता होते हैं। यह खूबी बहुत कम लोगों में होती है। वह शांति से जब बातें सुनते हैं तो उनकी किसी से बहस नहीं होती। दूसरे लोग उनसे खुश रहते हैं, क्योंकि वह पलट कर जवाब नहीं देते। जो लोग चुप रहते हैं, वह अपनी एनर्जी को बचाकर रखने में यकीन करते हैं और अपनी ताकत को प्रोडक्टिव बनाते हैं। नए स्किल्स जल्दी सीखते हैं। जब वह किसी काम को अपने हाथ में लेते हैं तो दुनिया उन्हें सलाम करती है। क्योंकि सफलता उनके कदम चूमती है। इंट्रोवर्ट किसी भी काम को अधूरा नहीं छोड़ते हैं. इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, काउंसेलर मुख्तार सिंह व शिक्षक उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/ई.टी. इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–01, कार्य का नाम :** ईसीआर के धनबाद डिवीजन के तहत डाउन ट्रेन के लिए गोमों फलाई ओवर के निर्माण के संबंध में गोमो से मतारी आर.आर.आर और सतह लाइन और गोमों से तेलो स्टेशन आर.ओ.आर लाइन के बीच रेलवे के विनिर्दश और मानक के अनुसार पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और प्रसार तथा अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 289561800.00, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1597900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 (आठ) महिना।

**ई.निविदा सं० इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/ई.टी. इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–02, कार्य का नाम :** ईसीआर के धनबाद डिवीजन के तहत डाउन ट्रेन के लिए गोमों फलाई ओवर के निर्माण के संबंध में गोमो से मतारी आर.आर.आर और सतह लाइन और गोमों से तेलो स्टेशन आर.ओ.आर लाइन के बीच रेलवे के विनिर्दश और मानक के अनुसार पी.वे. लिंकिंग, पी.वे. सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, फिटिंग इत्यादि के परिवहन तथा अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 92875073.54, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 614400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 (आठ) महिना।

**उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/2, हजारीबाग**

पीआर/1840/सीडीएचएन/इंजी./टी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं.:** C-710-RCGT-C-GCT

**क्र. सं.: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** रिचुघुटा-C (RCGT) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **क्र. सं.: 2, रिचुघुटा स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू० 34,61,65,775/–, **क्र. सं.: 3, ब्याने की राशि:** रू० 3,46,16,600/–, **क्र. सं.: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 24.01.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 24.01.2025 को 15.30 बजे से, **क्र. सं.: 5, वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01839/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36

## झारखंड में पहली बार किन्नरों का महाकुंभ धनबाद में



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। इसकी शुरुआत रेशमा मां की खिचड़ी तौल कर शुभ कार्य की शुरुआत किया गया। अधिवेशन में किन्नरों की मंडप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी पहुंची और कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलावाया नायक ने कहा की झारखंड में पहली बार हो रही किन्नरों का अधिवेशन में लगातार आना जारी है। प्रथम दिवस के कार्यक्रम शुभारंभ के मौके पर अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक, सांवरिया, गीता नायक आदि शामिल थे।

## गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर निकला प्रभात फेरी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिखों के दसवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह जी के 358 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शुक्रवार को कुमारधुबी गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर से प्रभात फेरी निकला। प्रभात फेरी कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचा। प्रभात फेरी में सिख संगत द्वारा गुरुबाणी, शबद कीर्तन का गायन किया गया। पूरा क्षेत्र बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयघोष से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंचने के बाद गुरुद्वारा परिसर में भी शबद कीर्तन का गायन हुआ। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच चाय नाश्ता का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर हरजीत सिंह लेहल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुमारधुबी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और क्षेत्र की सभी सिख संगत द्वारा 12 जनवरी को गुरु गोविन्द सिंह जी का 358 वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया जायेगा। इसी उपलक्ष्य में आज शुक्रवार से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया है। प्रभातफेरी 9 जनवरी तक चलेगी। 9 जनवरी को सहज पाठ की समाप्ति के साथ साथ श्री अखंड साहिब पाठ की आरम्भ की जाएगी। 11 जनवरी को श्री अखंड साहिब पाठ की समाप्ति के बाद कुमारधुबी गुरुद्वारा सिंह सभा से भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा। इसी दिन कुमारधुबी गुरुद्वारा सिंह सभा प्रांगण में अमृतपान भी कराया जायेगा। 12 जनवरी को गुरु नानक मिशन स्कूल प्रांगण में गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के के.के. पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन का शुक्रवार को झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा, विशिष्ट अतिथि आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्र, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, स्वागत समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी, स्वागत समिति के मंत्री मुकेश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मौसमी पाल एवं प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन के द्वारा विधिवत रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया गया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जिससे समाज का हर वर्ग जुड़ कर कार्य करना चाहता है। मुझे इस बात का अफसोस है कि मैं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के नाते अपने छात्र जीवन में कार्य नहीं कर पाया लेकिन आज जबकि इस अधिवेशन में अतिथि के नाते उपस्थित होना हुआ है तो गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद राज्य के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और हम सभी मिलकर शिक्षा क्षेत्र में झारखंड में एक सकारात्मक माहौल स्थापित करने का कार्य करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कहीं भी जब छात्र हित का हनन होता है तो छात्र समुदाय उम्मीद भरी नजरों से विद्यार्थी परिषद की ओर देखता है। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान दौर में छात्राओं को सशक्त करने के लिए और बंगाल में जिस प्रकार की असामाजिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है उसको देखते हुए छात्राओं को मिशन साहसी के माध्यम से आत्मरक्षा के शिक्षा दी जा रही है ताकि सरकार की नाकामी होने पर राज्य की छात्राएं स्वयं अपनी सुरक्षा कर सकें।उद्घाटन सत्र में युवाओं को संबोधित करते हुए स्वागत समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड का या रजत जयंती अधिवेशन यहां के छात्र युवाओं को अपने हक व झारखंड के अस्मिता संस्कृति को बचाने के लिए जागृत करने वाला अधिवेशन है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक-एक कार्यकर्ता अपने सभ्यता अपनी संस्कृति को आत्मसात कर राष्ट्र पुनर्निर्माण के उद्देश्य के लिए एक-एक परिसर में पूरी तन्मयता के साथ लगा रहता है। आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा कि आज के टेक्नोलॉजी के इस दौर में युवा विभिन्न माध्यमों से अपने करियर को एक नई दिशा दे सकता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता परिसर में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार के साथ युवा किस क्षेत्र में अपना करियर चुने इस हेतु वर्ष भर सकारात्मक दिशा में प्रयत्न करते रहते हैं।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मौसमी पॉल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह रजत जयंती अधिवेशन युवाओं के लिए शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने स्वयं के व्यक्तित्व निर्माण हेतु प्रयत्न करने सहित विभिन्न रूपों से लाभकारी साबित होगा। प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि यह अधिवेशन केवल एक अधिवेशन मात्रा नहीं है बल्कि यह एक महामंथन है जिसके माध्यम से झारखंड के शिक्षा क्षेत्र में , सामाजिक क्षेत्र में सुधार हेतु निष्कर्ष के रूप में अमृत कलश लेकर विभिन्न जिलों से आए युवा तरुणाई अपने-अपने जिलों में जाकर वर्ष भर शिक्षा और सामाजिक सुधार हेतु कार्य करेंगे।उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत, आदि थे ।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं.:** C-710-RCGT-B-GCT

**क्र. सं.: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** रिचुघुटा-B (RCGT) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास , **क्र. स.: 2, रिचुघुटा स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगमग लागत :** रू० 29,34,81,249/–, **क्र. सं.: 3, ब्याने की राशि:** रू० 2,93,48,200/–, **क्र. सं.: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.01.2025 को 15:00 बजे | ई–निविदा खुलने की तारीख 23.01.2025 को 15.30 बजे से, **क्र. सं.: 5, वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01834/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36

# 34वें शहादत दिवस पर राज्यपाल ने दी शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के जांबाज एसपी अशोक चक्र शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के 34 वें शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा चौक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रसाद, सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक झरिया रागिनी सिंह, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के जीवन मूल्यों का आत्मसात करना चाहिए। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के संदेश को जीवंत रखा है। उनकी शहादत ने साबित किया है कि राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जिस तरह से उन्होंने अदम्य साहस और समर्पण से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आतंकवादियों से मुकाबला कर उनके षड्यंत्र को नाकाम कर दिया, वह गौरवशाली इतिहास बनकर रह गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा पूरे देश के लिए आदर्श है। उन्होंने अपनी जान की कुर्बानी देने में कदम पीछे नहीं हटाए। जब तक इतिहास रहेगा देश उनको याद करते रहेगा। समारोह को सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पहले बैंक मोड़ थाना में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, शहीद रणधीर वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।





## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग सह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा के. के. पॉलिटेक्निक, गोविंदपुर में कैंसर जागरूकता और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। इस आयोजन में विशेष रूप से कैंसर की प्रारंभिक पहचान और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेष चिकित्सक ने कैंसर के खतरे और इसके बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के चिकित्सा विशेषज्ञ और चिकित्सक की एक टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट के माध्यम से कैंसर स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उन्हें कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, चिकित्सा परीक्षणों और परामर्श सेवा का लाभ भी निःशुल्क दिया गया। इसके अतिरिक्त, शिविर में उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं जैसे रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य जांच भी किया गया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के इस पहल से स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य एवं कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ी है और असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस तरह के शिविरों का आयोजन भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया है।




## सावित्रीबाई फुले का 194 वां जन्म उत्सव मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लक्ष्मी कोलियरी अंबेडकर चौक प्रांगण में बहुजन समाज पार्टी झरिया विधानसभा तत्वाधान में नारी मुक्ति आंदोलन की जननी, राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं वर्षगांठ जन्म उत्सव का कार्यक्रम मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन बसपा जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जॉन प्रभारी सुबल दास उपस्थित थे। सुबल दास ने कहा कि राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले का व्यक्तित्व एवं कृतित्व देश की दलित पिछड़े एवं वंचित जाति की महिलाओं के लिए नहीं अपितु समूची नारी जाति के लिए प्रेरणा स्रोत है, उन्हें महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश में नारी जागृति के क्षेत्र में बहुत सम्मान है। उन्हें क्रांति मां और नारी मुक्ति आंदोलन की जननी कहा जाता है युगों युगों तक नारी जाति उनकी ऋणी है।कार्यक्रम का संचालन गणेश भारती ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष अभय कुमार, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला महासचिव मनोज दास, झरिया विधानसभा अध्यक्ष विनोद पासवान, विद्यार्थी सिंह, अजीत दास, उदित भुइयां, बबलू, महेंद्र भुईयां, जागेश्वर दास, चिंता देवी, चमेली देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आईआईटी आईएसएम में दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम के एग्जीक्यूटिव डेवलपमेंट सेंटर में सिविल इंजीनियरिंग में हालिया प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाओं पर कार्यशाला, जिसमें कंक्रीट निर्माण में उच्च-शक्ति वाले सुदृढीकरण बार के उपयोग पर जोर दिया गया है। शीर्षक से दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक उद्घाटन हुआ। यह आयोजन संस्थान की शताब्दी समारोहों के हिस्से के रूप में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 50 प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यशाला में सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का समावेश किया गया, जिसमें उद्घाटन दिवस पर चार विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए।प्रो. एस.सी. दत्ता ने भूकंप इंजीनियरिंग में क्या करें और क्या न करें विषय पर मुख्य भाषण दिया। प्रो. प्रणेश रॉय ने सत्र 1 के दौरान डायरेक्ट स्टिफनेस मेथड की समीक्षा पर प्रस्तुति दी। डॉ. प्रियंका भारतीया ने सत्र 2 में फाउंडेशन डिजाइन के लिए विभिन्न मिट्टी परीक्षण और उनकी व्याख्या पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. राजीव सरकार ने दोपहर के बाद के सत्र में पाइल-समर्थित संरचनाओं के लिए भूकंप-प्रतिरोधी डिज़ाइन विचार पर अंतर्दृष्टि साझा की।सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रो. श्रीनिवास पसुपुलेट्टी ने विभाग के इतिहास, बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक कार्यक्रमों का अवलोकन प्रदान किया।प्रो. राहुल भारतीया ने स्वागत भाषण दिया और कार्यशाला के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।प्रो. प्रणेश रॉय ने उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया।



## श्यामल चक्रवर्ती का शहादत दिवस मनाया गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं भाकपा-माले जिला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने किया एवं संचालन सुभाष चटर्जी ने किया। सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद सभा स्थल पर शाहिद मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।श्यामल चक्रवर्ती के 34 वां शहादत दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में दयामनी बारला उपस्थित रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो के द्वारा किया गया। उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि शहादत का 34 वर्ष हो चुका है। एक समय में दो शहादत हुआ। शहीद रणधीर वर्मा को परमवीर चक्र मिला। लेकिन श्यामल चक्रवर्ती को आज तक सरकार से कोई सम्मान नहीं मिला। इसके लिए हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा-माले राज्य कमेटी के सदस्य हरिप्रसाद पप्पू, बिंदा पासवान, कार्तिक प्रसाद, शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति के सचिव समीर गोस्वामी, नारायण चंद्र मंडल, बदल बाउरी, डोरा मंडल, रेखा मंडल, शेख रहीम, सम्राट चौधरी, राणा चट्टराज, पवन महतो, रवींद्र वर्मा, वैभव सिन्हा आदि मौजूद थे।



## पहला कदम स्कूल पहुंचे राज्यपाल संतोष गंगवार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार का आगमन हुआ। राज्यपाल के साथ धनबाद सांसद ढुलू महतो, धनबाद उपायुक्त, एसएसपी, एडीएम, एसडीएम, सरायढेला थाना प्रभारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। पहला कदम स्कूल में महामहिम का शंखनाद, पुष्प वर्षा और दीप के साथ तुलसी पौधा देकर भव्य स्वागत किया गया। दिव्यांग बच्चों ने झारखण्ड के लोग गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी।राज्यपाल ने पहला कदम स्कूल का निरीक्षण कर उसकी काफी सराहना की। उन्होंने थेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन रिबन काट कर किया। मौके पर दिव्यांग बच्चों के उपयोग के लिए धनबाद उपायुक्त के द्वारा कंबल वितरण कराया गया। इस अवसर पर पहला कदम की चेयरमैन रेनु दूदानी, सचिव अनिता अग्रवाल, सुनीता बंसल, अमरेश सिंह, लखि सोरेंन, प्रतिक अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, सोमनाथ पूर्थी तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे।



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि P.R. No. - 343372 Fish (24-25)# D के द्वारा राँची जिला के तमाड़, माण्डर, सिल्ली, राहे, नामकुम प्रखण्डों के कतिपय जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती दिनांक 17.01.2025, दिनांक 24.01.2025 एवं दिनांक 01.02.2025 को आयोजित किये जाने से संबंधित सूचना दिनांक 02.01.2025 को प्रकाशित की गई थी। उक्त के संबंध में सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सूचना के माध्यम से आयोजित बंदोबस्ती कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के आलोक में दिनांक 17.01.2025, 24.01.2025 एवं 01.02.2025 को प्रकाशित सूची के जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती का कार्यक्रम स्थगित समझा जाय।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 343454 Fish (24-25)_D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**
**समाहरणालय भवन, राँची–पटना रोड, कोडरमा–825410, झारखण्ड**
ई–मेल–koderma.mdm@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

सरकार के प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1528 दिनांक 24.12.2024 के द्वारा जिला अंतर्गत संचालित सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को RTE Act के तहत् मान्यता प्रदान किये जाने के निमित्त अपेक्षित कार्रवाई हेतु समय सारिणी निर्धारित किया गया है।

प्राप्त निदेश के आलोक में जिले में सभी संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय RTE Act के तहत् मान्यता लेने हेतु https://rte.jharkhand.gov.in पोर्टल पर दिनांक 15.01.2025 तक ऑनलाईन फॉर्म भरते हुए आवश्यक राशि का भुगतान कर ऑनलाईन कर ऑफलाईन आवेदन सभी अभिलेख/दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करेंगे। जिले में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची इस सूचना के साथ संलग्न है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिपथ में रखते हुए इस सूचना के माध्यम से जिले में संचालित सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विभाग द्वारा निर्धारित तिथि 15.01.2025 तक ऑनलाईन आवेदन करते हुए उसकी सूचना सभी अभिलेख/दस्तावेज के साथ दिनांक 18.01.2025 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक सह,
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 343458 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**

**Date – 03-01-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/73/2024-25 | Upgradation and Renovation of Front Area Landscape Development (West side) in RINPAS Kanke Ranchi | 18855900.00 | Two Month 15 Day |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/74/2024-25 | Upgradation and Renovation of Front Area Landscape Development (East side) in RINPAS Kanke Ranchi | 12461700.00 | Two Month 15 Day |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/75/2024-25 | Renovation of Doctors Quarter D Type Block No. 2 (4 Unit) at RINPAS Kanke Ranchi | 9821800.00 | Two Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/76/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block J and Block K Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172600.00 | Two Month |
| 5 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/77/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 4 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 7559100.00 | Two Month |
| 6 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/78/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 5 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 7368400.00 | Two Month |
| 7 | Start Date of Submission of Bids | 11-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bids | 18-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 9 | Date/Time of Opening of Bid | 20-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 11 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |
| 12 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 343481 Building(24-25)D

आने वाले वर्षों में लंबी उड़ान भरेगा विकास का कार्य : विधायक भूषण बाड़ा

## मुख्यामंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के टैंसेर जामटोली नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि नदी में पुल के आभाव में अब नदी के दूसरी छोर बसे दर्जनों गांव बरसात के दिनों में टापू नहीं बनेगा। लोगों को अवागमण करने में कोई परेशानी नहीं होगी। नदी पार करने के दौरान बहने का जोखिम भी पुल निर्माण के साथ ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में विकास का कार्य लंबी उड़ान भरेगी। क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को खुलकर रखें। ताकि सभी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने दूसरे कार्यकाल में क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होगी। चुन चुन कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं को तेजी से धरातल में उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस भरोसे के साथ जनता ने उसे विधानसभा भेजा है। उस भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्ता के साथ किसी तरह की कोई समझौता नहीं करने की भी सख्त हिदायत दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा,मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग, मुखिया बसंती लकड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर सोरेंग,20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद,प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह, प्रखंड प्रवक्ता शंभू प्रसाद, पंचायत अध्यक्ष ग्रेगोरी कुल्लू, पंचायत अध्यक्ष अनिल केरकेट्टा, संजय तिर्की, डा इम्तियाज हुसैन, शंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विजय प्रसाद, सुधीर टैंसेर, महेश प्रधान, प्रकाश डुंगडुंग, अनिल, नॉवेल मिंज, सिरोफिना कुल्लू, संजय बा, सुधीर एक्का, जकरियास केरकेट्टा, प्रतिमा कुजूर, नीला नाग, जुली लुगुन, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल थे।

**विधायक भूषण बाड़ा ने खिंची है विकास की लंबी लकीर : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में विधायक भूषण बाड़ा ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। जो छूट गए हैं, उसे पुरा करने के लिए विधायक ने प्रयास शुरु कर दिया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज विधायक के प्रयास से क्षेत्र में विकास के कई अनगिनत कार्य धरातल में दिख रहा है। आने वाले पांच वर्षों में सिमडेगा विधानसभा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

## मसमानो पंचायत के जरूरतमंदों के बीच बीडीओ ने किया कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत में पंचायत भवन में शुक्रवार को भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, मुखिया ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य सुकरमुनी उरांव, वार्ड सदस्य बंधका उरांव, वार्ड सदस्य दशमी देवी, समाजसेवी सरोज राम,हबीब अंसारी,लाल देवव्रत नाथ शाहदेव, पंची उरांव, केश्वर उरांव सहित अन्य लोगों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वृद्ध जनों को ठंड में कंबल काफी राहत देगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन असहायों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल, धोती, साड़ी सहित अन्य वस्तुएं मिलने के उन्हें काफी सहयोग होती है। उन्होंने वृद्ध जनों से कहा कि किसी भी मामले पर आप सभी पंचायत प्रतिनिधि के अलावे प्रखंड प्रशासन से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान मसमानो पंचायत के मसमानो गांव, टोटो, बेदाल व बुड़का के वृद्धजन एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## अपनी 07 वर्षीय बच्ची के साथ महिला 01 जनवरी से लापता, पिता ने कैरो थाना में कराया सनहा दर्ज



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो ग्राम निवासी लक्ष्मण महतो के 30 वर्षीय पुत्री रीना देवी अपने 07 वर्षीय पुत्री जानवी कुमारी के साथ पिछ्ले 01 जनवरी वुधवार शाम से लापता हो गई है। रीना देवी का विवाह सन्न 2015 में हरियाणा राज्य निवासी सुरेन्द्र सिंह के साथ हूई थी। रीना बिगत 03 महीने से अपने मायके में रह रही थी, कुछ दिनो से रीना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। अचानक 01 जनवरी को शाम में बैग में कुछ कपड़े डालकर निकली तो फिर घर लौटकर 03 जनवरी तक नहीं आयी थी। परिजनो के द्वारा खुब खोजबीन की गई परन्तु रीना का कहीं भी अता-पता नहीं चल पाया था। मामले पर रीना के पिता ने रीना की खुब खोजबीन करने के बाद कही अता-पता नहीं चलने पर कैरो थाना में सनहा दर्ज करवाकर कैरो थाना पुलिस से रीना की खोजबीन की गुहार लगाई है।

## स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू का द्वितीय पुण्यतिथि आज मनाया जायेगा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश कार्यकारीअध्यक्ष, मजदूर नेता, जन समस्याओं का निदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू का द्वितीय पुण्यतिथि आज दिनांक 4 जनवरी को गौतम नर्सिंग होम कोर्ट रोड लोहरदगा में मनाया जाएगा। सबसे पहले परिजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत 1:00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। आप सभी लोगों से आग्रह है की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कष्ट करेंगे।

## शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहे अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा मुख्य सचिव अलका तिवारी से शिष्टाचार भेंट की गई। ज्ञात हो कि अविराम द्वारा गुमला और लोहरदगा जिलों में अपने उपायुक्त कार्यकाल में कार्य का अवलोकन किया जा चुका है जो कि संतोष प्रद रहा है। 1988 बैच की झारखंड कैडर की सीनियर आई ए एस अधिकारी जो रसायन और उर्वरक मंत्रालय, अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, जनजाति आयोग की सचिव आदि पदों पर रह चुकी वरिष्ठ अधिकारी अलका तिवारी के साथ अविराम के सचिव इंद्रजीत भारती ने बताया कार्य बहुत ऊर्जा पूर्ण और सकारात्मक रहा है सदैव क्षेत्र के विकास और कुछ नया करने की मैम द्वारा प्रेरणा दी जाती रही है। आगामी 11 और 12 जनवरी को अविराम में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा इंद्रजीत भारती को बधाई और शुभकामनाये दी गई और संस्थान द्वारा आदिवासी बहुल क्षेत्र में शिक्षा की दिशा में बीएड,डी एल एड, नर्सिंग, फार्मेसी और स्कूल समेत भावी योजनाओं आदि पर किए जाने वाले प्रयासों से अवगत होकर प्रसन्नता व्यक्त की गई साथ ही अविराम के मत्स्य पालन, बागवानी आदि कार्यों की प्रगति जानी गई और शीघ्र ही इन कार्यों का अवलोकन स्वयं आकर करने की बात कही गई, सभी छात्र छात्राओं को निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा और समस्त टीम को उनके अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में देश के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जयंती मनाया गया। उसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित शिवजी लिली पुट पब्लिक स्कूल और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में भी सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस मनाया गया। वही कार्यक्रम की शुरुआत सावित्री बाईफुले की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। सावित्रीबाई फुले को देश का प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त था। सावित्री बाईफुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था। वह भारत की पहली महिला शिक्षका होने के साथ समाज सुधारक थीं। जिन्हीने अपने पति और महान समाज सुधारक ज्योतिबा राव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के लिये अनेकों कार्य की थी। साथ ही उन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया था। जब समाज में स्त्रियों को पढ़ना प्रतिबंध था तब उन्होंने 1884 में महाराष्ट्र राज्य के पुणे जिला में प्रथम बालिका विद्यालय का स्थापना की जो बाद में भारतीय महिला शिक्षा के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## 5 जनवरी को सभी निजी विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के सभी निजी विद्यालय के प्रबंधकों, प्रधानाध्यापकों की बैठक रविवार 5/01/2025 को शिवाजी लिलिपुट स्कूल सेनहा में समय 12:30 बजे से रखी गई है। इस बैठक का मूल उद्देश्य ऋज्ञश्च नियमों से संबंधित है। जिसमें हो रही समस्या पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा और पालन संबंधित रूप रेखा की पूर्णरूपेण जानकारी लिया जाएगा। आप सभी निजी विद्यालयों के संचालकों से विनम्र निवेदन है की बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। बैठक का जो समय निर्धारित किया गया है वह दोपहर के भोजन का समय है इस वास्ते सभी के लिए भोजन का पूर्ण व्यवस्था किया गया है। ताकि लोगों को कष्ट न हो । यह जानकारी राम विलास सिंह। विद्या विकास उच्च विद्यालय प्रबंधक रामविलास सिंह ने दी।

## महिला पर्यवेक्षिका जया पांडे द्वारा बच्चों के विकास के लिये सेविकाओं को दी गई जानकारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के सेक्टर तीन व चार की सेविकाओं को नौनिहाल बच्चों का विकास के बारे में जानकारी दिया गया। बल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय ने सेविकाओं को बच्चों का विकास के बारे में बताते हुए कहा कि गर्भधारण से लेकर 6 वर्ष के उम्र तक मे बच्चों में 80 प्रतिशत विकास होता है। वही 0 से 3 वर्ष तक के नौनिहाल बच्चों का विकास के लिये छः आयाम है।जिसके तहत मानसिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, समाजिक, रचनात्मक विकास आवश्यक है। साथ ही कहा कि नौनिहाल बच्चे बच्चियों को बोल चाल, पढ़ाई, दैनिक कार्य सहित अन्य किसी भी कार्य को माता पिता व आंगनबाड़ी सेविकाओं को सकारात्मक के साथ सिखाना चाहिये। साथ ही कहा कि शाररिक स्वास्थ्य व मजबूती के लिये बच्चे बच्चियों के प्रति खान पान में विशेष ध्यान देना चाहिये। नौनिहाल बच्चों को समय समय पर हरा साग सब्जी, दूध, फल, अंडा व अन्य पौष्टिक आहार देने से शाररिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर टिंकी देवी, किरण कुमारी, शांता मिंज, रेणु देवी, हुमा समरीन, रजनी देवी, रेणु देवी सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह की जयंती पर हुआ हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

आर सी विद्यालय कोचेडेगा की टीम हुई विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ओलंपिक में (1928) पहली बार स्वर्ण पदक विजेता रही भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती के अवसर पर हॉकी सिमडेगा और जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में सिमडेगा जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर अवस्थित कोचेडेगा के महुवा टोली विद्यालय के खेल मैदान में पुरुष वर्ग का एक दिवसीय हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसमे आर सी विद्यालय कोचेडेगा की टीम ने कोचेडेगा डोंगा टोली को 4-3 गोल से पराजित विजेता बनी। विजेता, उपविजेता टीम को आयोजन समिति की ओर ट्रॉफी और जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी, कई अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के द्रोणाचार्य फादर बेनेदिक कुजूर, फादर फेड्रिक किड़ो, फादर सुनील केरकेट्टा एवम खिलाड़ियों महान हॉकी खिलाड़ी जयपाल सिंह जी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत किया गया जागरूकता रथ रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 1 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इसे लेकर विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोंगाडी, विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। जिला परिवहन कार्यालय सिमडेगा की ओर से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के बारे में बताया जाएगा। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। लोगों की जान बहुत ही कीमती है। विभाग की तरफ से लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलने सहित हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील करने का कार्य करेंगी। सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा का उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना। उन्होंने कहा कि विशेष कर युवाओं को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी नहीं है, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हैं नशा करके बाइक चलाते हैं उन्हें इस जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क नियम से संबंधित जागरूक करने का कार्य करेगी। उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जिला सड़क दुर्घटना से काफी ग्रसित है जिसे देखते हुए सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस को इस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है। जिस की जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को नववर्ष की दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत आज रांची पहुंचकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई दिए और राज्य के विकास के संबंध में विचार विमर्श किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी सांसद सुखदेव भगत को नववर्ष की बधाई दिए।

## बीडीओ एवं सीओ की उपस्थिति मे सावित्री बाई फुले की जयंती पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरसई प्रखंड के अंतर्गत कोनजोबा पंचायत में पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर अंचल पदाधिकारी के अध्यक्षता और प्रखंड विकास पदाधिकारी के मुख्य आतिथ्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे पहले सावित्री बाई फुले के प्रतिमा पर पुष्पों के माध्यम से श्रंद्धांजलि अर्पित की गयी। तत्पश्चात पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया इसके उपरांत विभिन्न वक्ताओं के द्वारा शिक्षा के संदर्भ मे बात रखी गयी इसके बाद पंचायत भवन में सावित्री बाई के नाम पर पुस्तकालय का नामकरण व शुभारम्भ किया गया जिसे पंचायत के नागरिकों के लिए समर्पित किया गया। पिछले एक साल में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अच्छा काम करने वाली महिला को सावित्री बाई फुले सम्मान के रूप मे नवाज़ा गया साथ ही मुखिया मुंज खेस के द्वारा उद्घोषणा की गई की पूरे पंचायत मे हर साल शिक्षा के क्षेत्र मे काम करने वाली महिला को सम्मानित किया जायेगा। इसके बाद पिछले एक महीने से चल रहे मोहल्ला क्लास के बारे मे स्व सहायता समूह की दीदी कलावती देवी ने विस्तार से बताया तथा बच्चों के द्वारा जन सामान्य के बिच इस दौरान सीखी हुई बिना देखे वर्णमाला और गिनती पढ़कर सबको सुनाया गया। कार्यक्रम का समापन अंचल पदाधिकारी के उद्बोधन से हुआ उन्होंने कहाँ शिक्षा एक महत्वपूर्ण हथियार है हमे सावित्री बाई के जीवन से सिखना चाहिए की 9 साल की उम्र मे शादी होने के बाद भी पढ़कर बच्चों को पढ़ाया और जन -मानस के मन में है।

लोहरदगा में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया

## विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाये : कयूम खान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को समाहरणालय के सामने युकेलिप्टस मैदान में जिलाध्यक्ष अश्विनी कुजूर की अध्यक्षता में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत द्वारा मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान सहित सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया। अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की गई। मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं शिक्षा क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्री बाई फुले एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा राष्ट्रीय स्तर के समाजिक परिवर्तन के बुनियाद रखने वाले व्यक्तित्व का नाम है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष और कुर्बानियों से बना है। लेकिन आज आंदोलनकारियों को अपनी पहचान और हक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गर्व से कहते हैं कि मैं झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पुत्र हूं। उन्हें आंदोलनकारियों के दर्द को समझते हुए आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू करे। उन्होंन कहा कि गुरुजी के मांग के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को 8,000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। प्रधान महासचिव कयूम खान ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म से लेकर झारखंड राज्य की नींव रखने तक की पूरी जीवन दर्शन रखते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए कि आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें और जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांग जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को मान-सम्मान, पहचान, नियोजन पेंशन सहित लंबित 11 सूत्री मांगों का समाधान करें। पलामू प्रमंडल के डीएन राम ने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य में हमारी पहचान है। इस पहचान को संघर्ष के बल पर सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए अपनों से ही लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुर्भाग्य की बात है। महिला संयोजिका विनिता खलखो ने कहा कि 24 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। आज बार-बार अपने मान-सम्मान पहचान के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। संबोधित करने वालों जिला संयोजक प्रो.विनोद भगत, कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो जिला सचिव विशेषण भगत, चैतू मुंडा, रूस्तम खान, इसरार अहमद, दिनेश साहू, पलामू के डीएन राम, सुरेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, सुखदेव उरांव, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, बलोमनी बाखला, सीता उरांव, कृष्णा कुमार ठाकुर, बिहारी भगत आदि शामिल थे।

## चलते चलते एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने संगठित अपराधी गिरोह से संबंधित कांडों का किया समीक्षा बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, राँची के द्वारा संगठित अपराधी गिरोह अमन साहू एवं अन्य के विरुद्ध भारतमाला प्रोजेक्ट में अंकित कांडो का समीक्षा अपने कार्यालय कक्ष में किया गया, समीक्षा के क्रम में कांड के अनुसंधान में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान अशोक राम, पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, अनिल कुमार तिवारी, पुलिस निरीक्षक -सह-थाना प्रभारी ओरमांझी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों व अन्य सामग्रियों की बिक्री पहुंची एक करोड़ पर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। जैसे-जैसे महोत्सव के समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। महोत्सव में लगभग 15,000 टिकट बिके एवं लगभग 20,000 हजार लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया।महोत्सव में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल में सूती, रेशमी, उनी बंडी, कुर्ता, पजामा, ड्रेस मैटरियल, टोपी, मफलर, शॉल तथा महिलाओं के लिए उनी सलवार कुर्ती, सूती. रेशमी बंडी तथा सूती. रेशमी साड़ी, डिजिटल प्रिंटेड साड़ी, सोहराई प्रिंटेड साड़ी, म्यूरल साड़ी, सेल्फ विविंग, मधुबनी प्रिंटेड साड़ियां तथा ग्रामोद्योगी उत्पाद पंसद किये जा रहे है। रांची जिला वनवासी खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, रांची के स्टॉल में उनी वस्त्रों के विभिन्न प्रकार के थान उपलब्ध है, हरिजन आदिवासी कल्याण परिषद, कुचाई, सरायकेला-खरसावां स्टॉल में गर्म कपड़ों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गर्म चादर, शॉल उपलब्ध है, सिंहभूम खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, निमडी, चाईबासा, विकास भारती विशुनपुर, गुमला, बंगाल का वीरभूम की खादी एवं उत्तरप्रदेश के जय मां विंध्यवासिनी महिला स्वंय सहायता समूह जैसे स्टॉल में खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योगी प्राप्त किये जा सकते है। 02.01.2025 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में श्री विश्वदेव महतो एवं दल, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर- नटुवा नृत्य एवं जैनब जुबिन एवं दल, राँची- हिन्दी गायन की प्रस्तुती की गई। बच्चों के लिए आयोजित पॉपिंग बैलुन एवं सोलो डांस प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई। पांच से नौ आयु वर्ग में प्रथम स्थान आशी, द्वितीय स्थान शाक्षी एवं तृतीय स्थान स्वेच्छा दता ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में दस से चौदह आयु वर्ग में आद्या प्रथम स्थान, द्वितीय लावण्या एवं तृतीय जशित रंजन हुए। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 03.01.2025 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में मलय कुमार साहू एवं टीम, सरायकेला-खरसांवा सरायकेला छऊ नृत्य एवं रमण कुमार मिश्रा एवं दल, रॉंची भजन एवं गजल गायन की प्रस्तुती की गई।बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए फेस पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है, महोत्सव परिसर में आकर वे प्रातः 11.00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 1.00 करोड़ की रही है।

# रांची-बुटी में 11वां वार्षिक खेलकूद संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बूटी में वार्षिक खेल आयोजन समिति के द्वारा खेल का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष श्रवन महतो उर्फ बबलू और कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार महतो उपस्थित थे। जिसमें मुख्य खेल क्रिकेट था। क्रिकेट खेल के साथ-साथ कुर्सी रेस, बिस्किट रेस, घड़ा फोड़, बोरा रेस का आयोजन किया गया था। क्रिकेट खेल जिसमें कुल 16 टीम भाग लिए थे। जिनके विजेता पवन 11 की टीम रही। जिनके कप्तान पवन थे। साथ ही उपविजेता के टीम रॉबिन ब्रदर्स की टीम रही। जिसका कैप्टन रॉबिन थे। क्रिकेट खेल में मैन ऑफ द सीरीज सचिन कुमार(132 रन+ 6 विकेट) और बेस्ट गेंदबाज का अवार्ड बंटी कुमार(12 विकेट) को दिया गया। कुर्सी रस के विजेता प्रथम दीपा देवी, द्वितीय अंजू देवी और तृतीय रितिका कुमारी रही। बिस्किट रेस का विजेता प्रथम तृप्ति, द्वितीय अदिति और तृतीय आरुषि रही। बोरा रस के विजेता निखिल मेहता प्रथम प्रथम और रूपाली द्वितीय स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड फिल्म परिषद संयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय थे। कार्यक्रम में समाजसेवी मोहनलाल महतो, महावीर मुंडा,ललकु महतो, विजय महतो,अरविंद कुमार, महेश महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।

## केन्द्रीय शिक्षा सचिव से मिले संगठन के अध्यक्ष



**एजेंसी**

**हिसार :** एमआईएस पोर्टल पंजीकृत प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा के अध्यक्ष अनिल शर्मा सातरोडिया नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षामंत्रालय के सचिव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव के समक्ष हरियाणा भरमें एमआईएस पोर्टल पंजीकृत एवं यूडाइज स्कूल कोड के साथ शैक्षणिक सत्र 2009-2010 सेआज तक लगभग 730 प्राइवेट स्कूलों (माध्यमिक श्रेणी) एवं उनमें पढने वाले लगभग 85 हजारविधार्थियों के बारे में जानकारी दी।अनिल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि हमने सचिव को जानकारी दी है कि हरियाणाभर में शिक्षा निदेशालय, पंचकूला (हरियाणा) द्वारा (शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार) लगभग 730 स्कूलों को एमआईएस पोर्टल एवं यूडाईज कोड जारी किए गए हैं, फिरभी इन स्कूलों को गैर मान्यता की श्रेणी में रखा गया है, जो कि बिल्कुल भी सही नहींहै। उन्होंने सचिव से मांग की कि शिक्षा का अधिकार कानून के साथ-साथ इन स्कूलों केपिछले लगभग पंद्रह साल के अनुभव को देखते हुए स्कूलों की इस विशेष समस्या पर संज्ञानलेने का काम करें और एमआईएस पोर्टल स्कूल कोड एवं यूडाईज कोड को आधार मानते हुए एमआईएसपोर्टल एवं यूडाईज कोड के साथ पंजीकृत सभी स्कूलों की एक एग्जिस्टिंग सूची जारी करवाई।

# 18 से कांग्रेस निकालेगी किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा




**एजेंसी**

**लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आगामी 18 जनवरी से निकाली जाने वाली किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा से सम्बन्धित तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज वर्तमान की केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार दोगुनी गति से किसानों, मजदूरों, मेहनतकशों, महिला किसान-मजदूर एवं कारीगरों का दमन शासन व प्रशासन के रूप में भिन्न-भिन्न तरीकों से कर रहा है। किसान आंदोलन के समय केन्द्र सरकार ने देश के सभी किसानों को एम.एस.पी की कानूनी गारंटी का वादा किया था आज उस पर सरकार मौन है। उसी किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से खालिस्तानी एवं आंदोलनजीवी कहकर उनकी शहादत का अपमान किया।उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस इस किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा के जरिए कई मुद्दों को उठाया जाएगा।

# 34 कंपनियों ने डीक्रस्ट विवि के 280 विद्यार्थियों को दी नौकरी



**एजेंसी**

**सोनीपत :** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में वर्ष 2024 में 34 कंपनियोंने 280 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों को 9 लाख रुपए तक का वार्षिक पैकेज मिलेगा। कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का सदैव प्रयास रहता है कि पढाई के दौरान ही अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार मिले, ताकि वे परिवार, समाज, प्रदेश व राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में अपना अहम योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा समय समय पर कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान 34 कंपनियों में 280 विद्यार्थियों का चयन हुआ। 2024 में पास आऊट 111 विद्यार्थियों का चयन हुआ। जबकि 2025 में पास आउट होने वाले 169 विद्यार्थियों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों की कैंपस प्लेसमेंट हो जाए। चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 9 लाख रुपए तक का वार्षिक है।

# पर्यावरण धर्म के तहत डॉ. कौशल ने 2 अनाथ बच्चों को लिया गोद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरू पंचायत के स्व बुधन यादव और चराई पंचायत स्व बिहारी राम के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में सेजिया दान के साथ दान किये गए पौधा लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी । डॉ कौशल ने बताया कि चिरु पंचायत के टोला हेनहे के स्व बुधन यादव और चराई पंचायत के टोला अंबेडकर नगर के स्व बिहारी राम के श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने स्व बिहारी राम के श्राद्ध में शामिल होने पर पता चला कि 3 वर्ष पहले दमा नामक बीमारी से ग्रसित उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी की भी मौत हो गयी थी।लक्ष्मी देवी ने अपने पीछे सात वर्षीय पुत्री रेशमा और आठ वर्षीय पुत्र सत्यम को छोड़ चली गयी हैं। दोनों बच्चे मां पिता के साया सिर से उठने के बाद अनाथ हो गए हैं। स्थिति को देखते हुए डॉ कौशल और उनके पुत्र छतरपुर पूर्वी के पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के दूसरा मूल मंत्रों के तहत दोनों बच्चों की शिक्षा से शादी तक कार्य करवाने का जिम्मा उठाया।उन्होंने कहा कि गरीब ही भगवान का दूसरा रूप होते हैं । उनकी सेवा से बढ़कर दुनियां में और दूसरा कोई इबादत नहीं हो सकता।पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म का उद्देश्य ही है कि वन, पौधा,अनाथ बच्चे व गरीबों की रक्षा करना।

मौके पर मृतक बिहारी राम के पिता रामनाथ राम,भाई अजय राम, शंकर राम, उमेश राम, सुनील, पवन, अखिलेश,अनाथ पुत्र सत्यम और पुत्री रेशमा आदि शामिल थे।

## मध्य प्रदेश में वन्य-जीव पर्यटन अभियान की शुरुआत चार जनवरी से



**एजेंसी**

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वन्य जीव पर्यटन की दिशा में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। शनिवार, 4 जनवरी से वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा। इस दिन वन्य-जीव पर्यटन अभियान की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि प्रकृति ने मध्य प्रदेश को कई वरदान दिए हैं। सघन वन, वृक्षों की विविधता के साथ ही वन्य-प्राणियों की भी विविधता मध्य प्रदेश में देखने को मिलती है। वनों और वन्य-प्राणियों से मध्य प्रदेश की एक अलग पहचान बनी है। मध्य प्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। चीता पुनर्स्थापन करने वाला मध्य प्रदेश एक मात्र प्रदेश है।उन्होंने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। करीब चार दशक पहले घड़ियालों की गणना का कार्य शुरू हुआ, जिससे घड़ियालों के इतनी बड़ी संख्या में चंबल में होने की जानकारियां सामने आईं। जनवरी और फरवरी महीने में अनुकूल तापमान का अनुभव कर घड़ियाल पानी से बाहर निकलते हैं और उस वक्त घड़ियालों और मगरमच्छों की गिनती आसानी से हो जाती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है। पर्यटकों में यह चंबल बोट सफारी के नाम से प्रसिद्ध है। यह तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रयासों से एक प्रमुख संरक्षण परियोजना है। मध्य प्रदेश में वर्ष 1978 में इसे वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले छत कछुए और लुप्तप्राय गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित करना है।

9वीं पुण्यतिथि

श्रद्धांजलि

प्रकृतिम स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशम प्रकृतेर्वशात!



स्व0 कौशल किशोर सिंह

जन्म : 28 जून1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016

हम सब आपकी 9वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं मधुर स्मृतियां आशीर्वाद के रुप में सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण

### समाहरणालय में खुला एटीएम, उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# एटीएम से सभी को होगी सुविधा : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय डाल्टनगंज के सौजन्य से गढ़वा समाहरणालय में लगाए गए एसबीआई एटीएम का आज जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने एसबीआई एटीएम की विशेषताओं की जानकारी लेने के उपरांत इसके सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि एसबीआई का एटीएम लग जाने से समाहरणालय आने वाले आमजनों एवं कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेग। समाहरणालय में एटीएम की सुविधा नहीं होने से अधिकारी, कर्मचारी एवं यहां आने वाले अन्य लोगों को असुविधा हो रही थी। पैसों की निकासी के लिए उन्हें अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था। एटीएम शुरू होने से सभी को सुविधा होगी। मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार झा, चीफ मैनेजर डिपॉजिट एंड वासु् कुमार सुमित, चीफ मैनेजर गढ़वा प्रशांत श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर सत्यदेव कुमार रंजन, चैनल मैनेजर प्रत्युष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## बांग्लादेशी गायिका को कोलकाता के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुलाने पर विवाद



**एजेंसी**

**कोलकाता :** बांग्लादेश की प्रसिद्ध गायिका रेजवाना चौधरी बन्या को कोलकाता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा के एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यह कार्यक्रम ÷ज्योति बसु सेंटर फॉर सोशल स्टडीज एंड रिसर्च द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो इस महीने न्यू टाउन इलाके में होने वाले माकपा के केंद्रीय समिति की बैठक के अवसर पर आयोजित किया गया है।माकपा की केंद्रीय समिति की अहम बैठक इस साल 17 जनवरी से 19 जनवरी तक कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में होगी। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय पोलित ब्यूरो समन्वयक प्रकाश करात भी शामिल होंगे। इस बैठक के अवसर पर पार्टी से जुड़े ज्योति बसु सेंटर ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है, जिसमें बांग्लादेश की प्रसिद्ध गायिका और रवींद्र संगीत की जानी-मानी कलाकार रेजवाना चौधरी बन्या को आमंत्रित किया गया है।भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व लोकसभा सांसद दिलीप घोष ने इस मुद्दे पर माकपा को घेरा। उन्होंने कहा कि जब बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी नारे लगाए जा रहे हैं, तो ऐसे में वहां के किसी कलाकार को आमंत्रित करना पूरी तरह से अनुचित है। मेरा सवाल यह है कि क्या भारतीय कम्युनिस्टों को देश में कोई सक्षम कलाकार नहीं मिला? विवाद बढ़ने पर माकपा के केंद्रीय समिति के एक सदस्य ने कहा कि बन्या को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के पीछे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।